राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 अमेरिका टी-शर्ट नहीं टैंक बनाना चाहता है...

पाकिस्तान की कमर तोड़ने का है तैयार प्लान... 12

वर्ष : 13 | अंक : 46 | पटना, मंगलवार, 27 मई, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य : 03.00 | www.pratahkiran.com

# हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाने वालों का मिटना तय : मोदी

प्रातः किरण/एजेंसी



दाहोद/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सेना के शौर्य को नमन करते हुए कहा कि जो हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाएगा उसका भी मिटना तय है। श्री मोदी ने सोमवार को यहां विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादियों के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद फैलाने वालों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि उसका किससे मुकाबला है। आतंकवादियों को जिस प्रकार की कार्रवाई की गई है उसे दुनिया ने पिछले कई दशकों में नहीं देखा होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने सीमा पार के नौ आतंकवादी ठिकानों को ढूंढ़कर बाईस मिनट में मिट्टी में मिला दिया। भारत की इस कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तानी सेना ने दुस्साहस दिखाई तो उसे भी सेना ने धूल चटाई। उन्होंने कहा कि जो हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाएगा उसका भी मिटना तय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बंटवारे के बाद जिस देश का जन्म हुआ उसका भारत से दुश्मनी और भारत को नुकसान पहुंचाना लक्ष्य रहा है लेकिन भारत का लक्ष्य अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करके देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। उल्लेखनीय है इससे पहले श्री मोदी आज यहाँ दाहोद में लोकोमोटिव विनिर्माण शॉप राष्ट्र को समर्पित किया। दाहोद प्लांट में घरेलू उद्देश्यों और निर्यात के लिए 9000 एचपी के इलेक्ट्रिक इंजनों का निर्माण किया जाएगा। यह कम लागत में निर्मित सबसे शक्तिशाली लोकोमोटिव है। अत्याधुनिक तकनीक से लैस है जो इसे ऊर्जा कुशल बनाता है। प्रधानमंत्री ने संयंत्र से निर्मित पहले इलेक्ट्रिक इंजन को हरी झंडी दिखाई। यह इंजन भारतीय रेल की माल ढुलाई क्षमता बढ़ाने में मदद करेंगे। ब्रॉड गेज और स्टैण्डर्ड गेज दोनों ही इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव का निर्माण भारत सरकार की मेक इन इंडिया और मेक फॉर वर्ल्ड पहल को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। अगले ग्यारह वर्षों में इस कारखाने से 1200 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव इंजन का निर्माण किया जाएगा। आने वाले दिनों में इंजन का यूरोप और अफ्रीकी देशों में निर्यात करने की योजना है।

प्रधानमंत्री खुली गाड़ी में लोगों का अभिवादन करते हुए जनसभा स्थल पर पहुंचे और लोगों ने तिरंगा लहराकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

## पीएम ने किया 24 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास

दाहोद/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को गुजरात में दाहोद के खरोड में आयोजित कार्यक्रम में रेलवे सहित राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। श्री मोदी वडोदरा में सुबह रोड़ शो करने के बाद दाहोद पहुंचे, जहां उन्होंने रेल मंत्रालय की ओर से 21,405 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित लोको मैन्युफैक्चरिंग शॉपझ्रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप का लोकार्पण, आणंद-गोधरा, मेहसाणा-पालनपुर और राजकोट-हड़मतिया रेल लाइन के दोहरीकरण कार्य, साबरमती-बोटाद 107 किलोमीटर रेल लाइन के विद्युतीकरण और कलोल-कड़ी-कटोसण रेल लाइन के गेज परिवर्तन के कुल 2287 करोड़ रुपए के कार्यों सहित रेलवे के कुल 23,692 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण किया और दाहोद में 9000 एचपी का पहला लोकोमोटिव इंजन देश को समर्पित किया। दाहोद में मेक इन इंडिया दृष्टिकोण के साथ 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक के खर्च से रेलवे प्रोडक्शन यूनिट तैयार की गयी है।

## गुयाना ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के प्रति समर्थन व्यक्त किया

प्रातः किरण/एजेंसी

जॉर्जटाउन। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व वाले सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात के दौरान गुयाना के उपराष्ट्रपति भरत जगदेव और प्रधानमंत्री मार्क फिलिप्स ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में अपने देश के अटूट समर्थन को दोहराया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल रविवार सुबह यहां पहुंचा। जॉर्जटाउन स्थित भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने गुयाना के उपराष्ट्रपति डॉ. भरत जगदेव से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने पहलगाम, ऑपरेशन सिंदूर और सिंधु जल संधि पर भारत की स्थिति के बारे में विस्तार से बताया तथा आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की दृढ़ नीति को रेखांकित किया। इसने कहा, माननीय उपराष्ट्रपति ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में गुयाना के अटूट समर्थन को दोहराया। थरूर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति भवन में जगदेव के साथ बैठक की जो बेहतरीन रही। सांसद ने कहा, उन्होंने (जगदेव ने) हाल की घटनाओं के मद्देनजर भारत की चिंताओं को लेकर समझ और गहरी सहानुभूति व्यक्त की। इसके अलावा हमारी बातचीत में तेल और गैस की खोज के बाद गुयाना की विकास योजनाओं और उसकी रिकॉर्ड-तोड़ 30 प्रतिशत वार्षिक आर्थिक वृद्धि से संबंधित कई विषयों पर भी चर्चा हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### आंध्र प्रदेश में कार और ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत

कोंथमुरू । आंध्र प्रदेश में पूर्वी गोदावरी जिले के राजनगरम के पास सोमवार सुबह एक कार और ट्रक के बीच हुई टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रारंभिक जांच के अनुसार पांच लोग सुबह करीब पौने दस बजे राजमुंदरी के दीवान चेरुवु क्षेत्र से कोव्वुरू जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। अधिकारी ने बताया, ह्यतीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया तथा एक अन्य यात्री की हालत गंभीर है। अधिकारी ने बताया कि ट्रक चालक फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस मामला दर्ज करने की प्रक्रिया में है। पटना में इतने लंबे अंतराल के बाद कोरोना वायरस के फिर से उभरने से जिला स्वास्थ्य तंत्र सतर्क हो गया है। अस्पतालों और सार्वजनिक क्षेत्रों में निगरानी और निवारक उपायों को कड़ा किए जाने की उम्मीद है। बिहार स्वास्थ्य विभाग स्थिति का आकलन कर रहा है। यदि और मामले सामने आते हैं तो विभाग अपडेटेड टेस्टिंग गाइडलाइंस जारी कर सकता है। लोगों से अपील की गई है कि वो फ्लू जैसे लक्षणों को नजरअंदाज न करें और चिकित्सक की सलाह पर टेस्ट जरूर कराएं। अस्पतालों को भी सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध मामले की तुरंत सूचना देने का निर्देश दिया गया है।

### जय हिंद यात्रा में शामिल होकर देंगे संविधान रक्षा का संदेश : गोगोई

पटना। लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता और असम प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष गौरव गोगोई दो दिवसीय दौरे बिहार पर आज पटना पहुंचे। एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से बातचीत में गौरव गोगोई ने कहा कि बिहार की भूमि पर उतरने पर पता चला कि मुझे असम प्रदेश कांग्रेस कमिटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

इस जिम्मेदारी के लिए मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सहित अपने शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद प्रेषित करता हूं। साथ ही अपने पिता को नमन करता हूं। उन्होंने निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा को भी उनके कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। अपनी बिहार यात्रा में मुजफ्फरपुर में कल प्रस्तावित जय हिंद यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि कल संविधान रक्षा को लेकर मुजफ्फरपुर में हमलोग यात्रा निकालेंगे। इस यात्रा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम भी मेरे साथ शामिल रहेंगे। एयरपोर्ट पर उनके आगमन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, मीडिया विभाग का चेयरमैन राजेश राठौड़, शशि रंजन, राजीव मेहता, रौशन कुमार सिंह, सैफुल्लाह बरकत, तरवेज , मयंक सहित अन्य नेता मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री ने एलएन मिश्रा आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान में कई योजनाओं का किया शिलान्यास

# सीएम नीतीश ने 20 सहायक प्राध्यापकों को सौंपा नियुक्ति पत्र

प्रातः किरण




पटना । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान में 2.87 करोड़ रुपये लागत के एनेक्सी भवन, 4.90 करोड़ रुपये लागत के वार्डेन ब्लॉक तथा 5.33 करोड़ रुपये की लागत के स्टार्टअप ब्लॉक का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के विभिन्न भागों का निरीक्षण किया तथा वहां की व्यवस्थाओं तथा शैक्षणिक कार्यकलापों की जानकारी ली।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभकिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा चयनित 20 सहायक प्राध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सहायक प्राध्यापक प्रबंधक रीतू नारायण, प्रीति सिंह, अशोक कुमार, सहायक प्राध्यापक, कंप्यूटर संतोष कुमार झा एवं संजय कुमार को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया।मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की शुरूआत में ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान परिसर में स्थापित पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री स्व० ललित नारायण मिश्र की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के निदेशक डॉ एस सिद्धार्थ ने हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया। साथ ही शिक्षा मंत्री सह कार्यकारी अध्यक्ष, ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान सुनील कुमार ने भी मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री सह कार्यकारी अध्यक्ष, ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव सह ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के निदेशक डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार सहित ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं एवं नियुक्ति पत्र पानेवाले सहायक प्राध्यापक उपस्थित थे।

## बाढ़-कटाव रोकने के लिये 51.90 करोड़ की दो योजनाएं स्वीकृत : सम्राट

### बोलें- राज्य सरकार बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर पूरी तरह गंभीर

प्रातः किरण



पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि इस साल वर्षा-बाढ़ का मौसम शुरू होने से पूर्व राज्य के संवेदनशील क्षेत्रों में कटाव निरोधक कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी कड़ी में पश्चिम चंपारण के पुछरिया और भागलपुर के मसाढू गांव के लिए बाढ़ सुरक्षात्मक योजनाओं को प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन दोनों योजनाओं पर कुल 51.90 करोड़ रुपये की लागत आएगी। सम्राट चौधरी ने बताया कि ये दोनों योजनाएं जल संसाधन विभाग द्वारा तैयार की गई हैं और इनका वित्त पोषण राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष से किया जाएगा। इनमें एक योजना पश्चिम चंपारण के पुछरिया गांव में चंपारण तटबंध के पास कटाव रोकने और पायलट चैनल निर्माण की है। इसकी अनुमानित लागत 24.85 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि दूसरी योजना भागलपुर जिले के सबौर प्रखंड अंतर्गत गंगा नदी के दाहिने तट पर स्थित मसाढू गांव की सुरक्षा के लिए है। उसकी लागत 27.04.38 करोड़ आंकी गई है। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि इन कार्यों के लिए आवश्यक सभी तकनीकी और वित्तीय प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि कार्य प्रारंभ करने से पूर्व संबंधित भूमि या पथ के विधिवत हस्तांतरण एवं पूर्व में कराए गए कार्यों की डिफेक्ट लाइबिलिटी अवधि यानि डीएलपी की समाप्ति सुनिश्चित की जाएगी।चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर पूरी तरह गंभीर है।

# पटना में मिले कोरोना के दो मरीज,स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

## विभाग के अपर मुख्य सचिव ने की समीक्षा बैठक

प्रातः किरण

पटना/एजेंसी। राजधानी पटना में बेली रोड स्थित एक निजी अस्पताल में कोरोनावायरस के दो संदिग्ध मामले सामने आए है। इस तरह का मामला एक साल बाद सामने आने से स्वास्थ्य प्रशासन में चिंता बढ़ गई है। कोविड-19 संक्रमण की वर्तमान स्थिति एवं उससे निपटने की तैयारियों की समीक्षा के उद्देश्य से सोमवार को स्वास्थ्य विभाग ने एक उच्चस्तरीय बैठक की। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता विकास आयुक्त सह स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने की। बैठक में कोविड-19 संक्रमण की वर्तमान स्थिति, स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, जांच एवं उपचार की व्यवस्था तथा दवाओं एवं ऑक्सीजन सहित आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति की समीक्षा की गई।

### अपर मुख्य सचिव की आमजन से अपील

इस मौके पर अपर मुख्य सचिव ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि कोरोना के नये वेरिएंट से घबराएं नहीं बल्कि सतर्क और जागरूक रहें। आईएनएसएसीओजी के अनुसार भारत में कोविड-19 के दो नये सब-वेरिएंट झ एनबी.1.8.1 और एलएफ.7 की पहचान की गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इन दोनों को मात्र ह्लनिगरानी में रखे गए वेरिएंट की श्रेणी में रखा है।

उन्होंने बैठक के दौरान सभी सिविल सर्जनों एवं मेडिकल कॉलेजों के अधीक्षकों को संदिग्ध मामलों की पहचान, सक्रिय निगरानी और समय पर जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी जिलों को किसी भी संभावित परिस्थिति के लिए तैयार रहने के भी निर्देश दिए।

### अपील: फ्लू जैसे लक्षणों को नजरअंदाज न करें

पटना। बिहार की राजधानी पटना में बेली रोड स्थित एक निजी अस्पताल में कोरोनावायरस के दो संदिग्ध मामले सामने आए है। इस तरह का मामला एक साल बाद सामने आने से स्वास्थ्य प्रशासन में चिंता बढ़ गई है।अस्पताल के एक अधिकारी के अनुसार, दोनों मरीज चार दिन पहले सर्दी, खांसी, बुखार और सांस लेने में कठिनाई की शिकायत लेकर ओपीडी में आए थे। जांच में दोनों के ऑक्सीजन स्तर में गिरावट देखी गई, जिसके बाद अस्पताल ने कोविड-19 परीक्षण किया। इनमें से एक मरीज की हालत गंभीर होने के कारण उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि दूसरे मरीज को बाह्य उपचार से ठीक कर दिया गया है। अस्पताल ने सिविल सर्जन कार्यालय को सूचित कर दिया है और दोनों मामलों की पुष्टि के लिए जिला स्वास्थ्य अधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है। सिविल सर्जन डॉ. अविनाश कुमार सिंह ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा, हम अस्पताल

### जन जागरूकता बढ़ाने और नियमित निगरानी के निर्देश

स्वास्थ्य विभाग सभी जिलों को पर्याप्त मात्रा में जांच किट, मास्क, दवाएं, ऑक्सीजन और आवश्यक उपकरणों की आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। अपर मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता, प्रभावी समन्वय एवं जवाबदेही को सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। साथ ही जन जागरूकता बढ़ाने और नियमित निगरानी की प्रक्रिया को मजबूत करने के भी निर्देश दिए गए।

### बैठक में इनकी रही मौजूदगी

इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सचिव मनोज कुमार सिंह, बीएमएसआईसीएल के प्रबंध निदेशक धर्मेंद्र कुमार, स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त सचिव डॉ. अनुपमा सिंह के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। साथ ही इस बैठक में राज्य के सभी जिलों के सिविल सर्जन, सरकारी मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्य एवं अधीक्षक के साथ एम्स, आईजीआईएमएस, आरएमआरआई, ईएसआईसी, बिहटा के प्रतिनिधियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

## जल संसाधन मंत्री ने की विभाग की राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक

# नहरों का पानी अंतिम छोर तक पहुंचाना अभियंताओं की जिम्मेदारी : विजय

प्रातः किरण



पटना। जल संसाधन विभाग के मंत्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को सिंचाई प्रक्षेत्र से संबंधित राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ मंत्री विजय कुमार चौधरी एवं विभाग के प्रधान सचिव द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात स्वागत भाषण वाल्मी शासी पर्षद के परामर्शी अध्यक्ष ईश्वर चंद्र ठाकुर द्वारा प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान विभाग के विभिन्न प्रक्षेत्रों से जुड़ी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की गहन एवं बिंदुवार समीक्षा की गई। सिंचाई प्रक्षेत्र की समीक्षा के अंतर्गत भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, नहरों के अंतिम छोर तक जल आपूर्ति की स्थिति, भू-अर्जन से संबंधित लंबित विषयों तथा प्रगति यात्राओं की अद्यतन स्थिति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बैठक के दौरान कहा कि आमने-सामने की बैठक से संवाद बेहतर होता है, इससे जमीनी समस्याओं को समझने में मदद मिलेगी। ऐसी बैठकें कार्यों की प्रगति में तेजी लाएंगी। इसके साथ ही कहा कि जल संसाधन विभाग का मूल दायित्व राज्य के किसानों को सुलभ एवं प्रभावी सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना है, जो प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने सख्ती से सभी मुख्य अभियंताओं को निर्देशित किया कि वे कार्यों के प्रति संवेदनशील एवं जिम्मेदार रहें और सुनिश्चित करें कि नहरों में पानी का प्रवाह हर गांव और खेत तक निर्बाध रूप से पहुंचे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आगामी सिंचाई मौसम से पूर्व सभी स्थल निरीक्षण कार्य गंभीरता से कर लिए जाएं, और कोई भी खामी सामने आने पर व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी। मंत्री ने सख्ती से मुख्य अभियंताओं को यह भी निर्देशित किया कि कार्यों में कोताही बरतने वाले संवेदकों पर कार्रवाई करें। साथ ही, जिन संवेदकों द्वारा कार्यों में अनियमितता, लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता किया गया है, उनके विरुद्ध आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि हर किसान को समय पर सिंचाई सुविधा मिले और इसके लिए विभागीय जवाबदेही भी उतनी ही सुनिश्चित हो।

### उच्चतम स्तर की सिंचाई सुविधा सुनिश्चित करें :

प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने बैठक को संबोधित करते हुए विभाग के सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में उच्चतम स्तर की सिंचाई सुविधा सुनिश्चित करें। उन्होंने जानकारी दी कि राज्य में 37 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता सृजित की जा चुकी है, जिसे शत-प्रतिशत क्रियान्वित करना विभाग का प्राथमिक उद्देश्य है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी कार्ययोजनाएं निर्धारित समयसीमा में पूर्ण की जाएं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि किसी क्षेत्र में नहर के बांध टूटने तथा क्षेत्र में जलप्लावन होने की स्थिति उत्पन्न होती है, तो संबंधित कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता के अलावा मुख्य अभियंता के विरुद्ध भी जिम्मेदारी निर्धारित कर अनुशासनिक एवं विभागीय कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, सभी अधिकारियों को अगले एक सप्ताह के लिए अपने क्षेत्रों के लिए नहरवार स्थल निरीक्षण का विस्तृत रूटमैप तैयार करने एवं समर्पित करने के निर्देश दिए गए।बैठक के विभिन्न सत्रों में सिवान, मोतिहारी, दरभंगा, सहरसा, भागलपुर, बिहारशरीफ, गया, औरंगाबाद एवं डिहरी प्रक्षेत्रों में संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन तकनीकी परमार्शी रविंद्र कुमार शंकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभाग के अपर सचिव नवीन, अपर सचिव पवन कुमार सिन्हा आदि थे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्नान के दौरान युवक गंगा में डूबा

फतुहा। सोमवार को रायपुरा सीढ़ी घाट पर एक 40 वर्षीय युवक गंगा स्नान करने के दौरान डूब गया। वार्ड नम्बर 20 के पार्षद बबलू कुमार ने बताया कि रायपुरा निवासी 40 वर्षीय मनोज चौधरी सीढ़ी घाट पर गंगा स्नान के लिए गया था लेकिन वह गहरे पानी में डूब गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम के साथ शव की तलाश में जुट गई है। संवाद प्रेषण तक शव की तलाश जारी थी।

### वट सावित्री का पूजा में एक महिला की गले से सोने के चेन काटा

दानापुर नगर के अंतर्गत सोमवार को वट सावित्री का पूजन करने गयी एक महिला की गले से सोने के चेन काट लिया। गले से सोना का चेन गायब देख एक संदिग्ध महिला लोगो ने पकड़ लिया। बाद में डायल 112 को बुला कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस संदिग्ध महिला को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ करते हुए छानबीन में जुटी है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर पुलिस चौकी के निकट रहने वाली प्रभा देवी वट सावित्री की पूजा करने शनिचरास्थान मंदिर के निकट गयी थी। पूजा के दौरान एक महिला ने उसके गले से सोने का चेन काट लिया। जिस पर उस संदिग्ध महिला को लोगो ने पकड़ लिया। लोगो ने बताया कि संदिग्ध महिला सोने का चेन लेकर दूसरे अपनी साथ रही महिला को दे दी जो भाग निकली।

### एक युवक को पिस्टल चार गोली व 180 लीटर शराब के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से एक पिस्टल चार गोली व 180 लीटर शराब बरामद किया। पुलिस ने पुछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एएसपी भानू प्रताप सिंह ने बताया कि वरीय पुलिस के निर्देशानुसार चल रहे विशेष अभियान के दौरान गुप्त सूचना पर छोटी मछुआटोली से कुणाल कुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस को सूचना थी कि एक युवक अपराध करने की योजना बना रहा है। जिस पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक पिस्टल व चार जिंदा गोली बरामद किया गया। साथ ही 180 लीटर शराब भी बरामद किया गया है। इसके बारे में छानबीन की जा रही है। पुछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर नगर से लेकर प्रखंड के सभी पंचायतों में सोमवार से शिविर हुआ शुरू

दानापुर। नगर के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर नगर से लेकर प्रखंड के विभिन्न पंचायतो में सोमवार से शिविर शुरू हो गया। तीन दिवसीय शिविर के प्रथम दिन शिविरो में आयुष्मान कार्ड बनवाने वाले लोग पहुंचे। नगर परिषद के वार्ड संख्या 01 से लेकर 12, वार्ड 14 एवं 31 में शिविर लगा। जिसमें 185 लोगो ने आयुष्मान कार्ड बनवाया। उधर दियारा समेत उपड़वाड़ के सभी 13 पंचायत में शिविर शुरू हुआ। प्रखंड विकास पदाधिकारी विभेष आनंद ने बताया कि सभी पंचायतो में आयंष्मान कार्ड बनाने को लेकर शिविर शुरू हुआ। प्रथम दिन कम लोग पहुंचे। सभी का आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर जानकारी के साथ कार्रवाई की गयी। करीब 70 के आस पास लोग पहुंचे। नगर प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि सोमवार को कुल 14 वार्ड में शिविर लगाया गया। जिसमें 185 लोगो को आयुष्मान कार्ड बनाया गया। मंगलवार को वार्ड संख्या 13 एवं 15 से वार्ड संख्या 28 तक में शिविर लगेगा। उन्होने कहा कि इसके सभी लाभार्थी को आयुष्मान कार्ड का लाभ मिले इसको लेकर कार्य किया जा रहा है।

### केला मंडी के मीडिया प्रवक्ता वरुण को मातृ शोक

पटना सिटी (प्राकि)। मुसल्लहपुर बाजार समिति स्थित केला मंडी एसोसिएशन के मीडिया प्रवक्ता वरुण कुमार की मां 84 साल की सरस्वती देवी पति स्व नरेंद्र प्रसाद का निधन हृदय गति रुक जाने से 19 मई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुलबी घाट पर हुआ, जहां उनके छोटे पुत्र वरुण कुमार ने मुखाग्नि दी। सरस्वती देवी अपने पीछे दो बेटे अरुण, वरुण व दो बेटियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। इस दौरान शोकसभा एवं भोज 30 मई को उनके बहादुरपुर स्थित मारवाड़ी कॉलोनी के स्वरूप कांप्लेक्स में आयोजित किया गया है।

# सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा, पति के दीर्घायु के लिए रखा व्रत

प्रात :किरण संवाददाता





पटना । ज्येष्ठ अमावस्या के पावन अवसर पर वट सावित्री व्रत को लेकर बिस्कोमान गोलंबर ,कुम्हरार में सुहागिन महिलाओं में गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सोलह श्रृंगार कर वट वृक्ष की पूजा की और पति की दीर्घायु की कामना से व्रत रखा।सुबह से ही महिलाएं पूजा की थाली में अक्षत, पुष्प, पान, सुपारी, धूप-दीप और वस्त्र लेकर वट वृक्ष के पास पहुंचीं। उन्होंने वट वृक्ष के तने में रक्षा सूत्र बांधा और 108 बार परिक्रमा की। पूजा के बाद सत्यवान और सावित्री की पौराणिक कथा का श्रवण भी किया गया, जिसमें सावित्री ने अपने पति सत्यवान को यमराज से वापस पाया था।इस अवसर पर भक्ति गीतों और लोक संगीत की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। व्रती महिलाओं का विश्वास है कि यह व्रत उन्हें अखंड सौभाग्य, पति का स्वास्थ्य और पारिवारिक सुख प्रदान करता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार वट वृक्ष जीवन और स्थायित्व का प्रतीक है, जिसे देव वृक्ष भी कहा जाता है।

## अखंड सुहाग का पर्व वट सावित्री पूजा संपन्न



फतुहा। सोमवार को फतुहा के विभिन्न वट वृक्षों के नीचे ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या के अवसर पर महिलाएं वट सावित्री की पूजा की। सुहागन स्त्रियां वट सावित्री व्रत के दिन सोलह श्रृंगार करके सिंदूर, रोली, फूल, अक्षत, चना, फल और मिठाई से सावित्री, सत्यवान और यमराज की पूजा करती है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन व्रत रखकर वट वृक्ष के नीचे सावित्री, सत्यवान और यमराज की पूजा करने से पति की आयु लंबी होती है और संतान सुख प्राप्त होता है। महिलायें प्राचीन काल से चली आ रही इस परंपरा के अनुसार अपने पति के दीघार्यु होने के लिए बरगद के पेड़ की पूजा और व्रत करती है। पंडित जी ने बताया कि इसी दिन सावित्री ने यमराज के फंदे से अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा की थी। मूलतः यह व्रत-पूजन सौभाग्यवती स्त्रियों का है। इस दिन वट (बड़, बरगद) का पूजन होता है। इस व्रत को स्त्रियां अखंड सौभाग्यवती रहने की मंगलकामना से करती हैं। वट वृक्ष की जड़ों में ब्रह्मा जी, तने में विष्णु और डालियों एवं पत्तों में शिव का वास है। इसके नीचे बैठकर पूजन, व्रत कथा कहने और सुनने से मनोकामना पूरी होती है। सुहाग की सलामती के लिए वट सावित्री पर्व धूमधाम से मनाया गया। बालनाथ, शीशा मिल , फतुहा प्रखंड कार्यालय, कटैया घाट, सोनारू के अलावे दर्जनों बरगद पेड़ों के समक्ष पूजा अर्चना की गयी। महिलायें नए वस्त्र धारण कर बांस का पंखा, पांच प्रकार का पकवान, मौसमी फल आदि ले कर सुबह से ही पूजा करती नजर आई। वट वृक्ष के नीचे पत्ते बाल में लगाकर वर के पत्ते में पूजन सामग्री रखकर पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात वृक्ष में धागा लपेटकर वृक्ष को पंखा झेला उसके बाद वृक्ष से गला लगाकर पूजा संपन्न कर घर पहुंची। जहां अपने पति के चरण धोए, सर पर पानी डालकर पंखा झेलकर चरण स्पर्श कर सदा सुहागिन का आशीर्वाद प्राप्त की। उसके बाद प्रसाद ग्रहण किया।

## अखंड सौभाग्य के लिए महिलाओं ने किया वट सावित्री व्रत



मसौढ़ी !देश में पेड़ों, नदियों और पहाड़ों की पूजा करना प्राचीन परंपरा रही है !वट सावित्री व्रत पूजा भी इसी के अंतर्गत आती है.जहां सुहाग की लंबी उम्र और परिवार की सुख समृद्धि के लिए सोमवार को शहर की सुहागिन महिलाओं ने भक्ति भाव व श्रद्धा विश्वास के साथ वट सावित्री की पूजा अर्चना हर्षोल्लास से की। इस अवसर पर सुहागिनों ने बरगद के पेड़ के पास पति की लंबी आयु की कामना के लिए पूजा-अर्चना की !सोलह श्रृंगार कर बरगद वृक्ष के सामने मौसमी फल पुष्प अर्पित कर सावित्री सत्यवान की व्रत कथा सुनी !पुरोहित ने महिलाओं को कथा सुनाया !कथा सुनने के लिए मंदिरों सहित चौक चौराहों पर लगे वट वृक्ष के नीचे महिलाओं की भीड़ लगने लगी !व्रती महिलाएं सुबह ही पूजन सामग्री लेकर वट और पीपल वृक्ष का पिसी हल्दी, सिंदूर, अच्छत, फूल, धूप, दीप, नैवेद्य आदि से पूजन किया और 108 परिक्रमा कर भगवान विष्णु से पति की लंबी आयु और परिवार वालों की खुशी की कामना की ।

## सौभाग्यवती स्त्रियों ने वट सावित्री का व्रत रखा



दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत सोमवार को अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर सौभाग्यवती स्त्रियों ने वट सावित्री का व्रत रखा। सुबह से ही महिलाएं ने वट सावित्री पूजा को लेकर तैयारी में जुटी रही। कई स्थानो पर सुबह से ही बरगद के वृक्ष का पूजन कर परिक्रमा करती महिलाएं दिखी। व्रत को लेकर खगौल के बाजार में भी भीड़ दिखी। सुबह से लेकर अपराहन तक वट वृक्ष के नीचे महिलाएं समुह में पूजा करती नजर आयी। व्रत धारी महिलाओ ने बताया कि पति की लंबी आयु के लिए यह व्रत रखी व वटवृक्ष की पूजा की। व्रत सावित्री पूजा को लेकर खगौल में भारी रौनक देखने को मिली छोटी बदलपुरा , कोथवां मुस्तफापुर जोड़ा तलाव, जयराम बाजार, सब्जी मंडी, कच्ची तालाब, लोको कॉलोनी में भारी संख्या में भीड़ रही। रंगबिरंगे परिधानो में सुसज्जित महिलाओ ने नगर के विभिन्न मोहल्लो में वट वृक्ष की पूजन का अखंड सौभाग्य की कामना की। नगर के विभिन्न मोहल्लो में ये नजारा दिखा। नगर के शनिचरा स्थान, मैनपुरा, पेठियाबाजार, आनंद बाजार समेत आदि इलाको में सुबह से ही महिलाओ की भीड़ पूजा करने व परिक्रमा करने को लेकर जूटी रही। आचार्य वायूनंदन मिश्र व गोपाल कुमार मिश्र ने बताया कि सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण को यमराज से वापस लायी थी। सावित्री की तरह अपने सौभाग्य की रक्षा करने को लेकर महिलाएं व्रत रखती है।

## वार्ड 63 के हरनाहा टोला बोरिंग के पास गुस्साए नागरिकों का प्रदर्शन

### पिछले एक माह से बना है पानी का संकट, ठीक होने में 15 दिन और

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नगर निगम के वार्ड संख्या 63 स्थित हरनाहा टोला अशोक वाटिका परिसर में उच्च प्रवाही बोरिंग है। इसके चालू रहने से भी लोगों के घरों में पानी नहीं आ पा रहा है। इस बोरिंग से जुड़े हरनाहा टोला, रानीपुर मोड़, नून की चौराहा, मोगलपुरा, हजारी मोहल्ला, रसूलपुर, दुंदी बाजार, घसियारी टोला, फसाहत का मैदान के साथ ही सुदर्शन पथ के दक्षिणी एरिया खासा प्रभावित है। करीब 15 से 20 हजार की आबादी जल संकट झेलने को मजबूर है। पिछले करीब एक माह से पानी की समस्या का समाधान नहीं होने पर सोमवार को लोगों का सब्र टूट गया। इसके बाद जल संकट झेल रहे लोगों ने उच्च प्रवाही बोरिंग के पास पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किया। उन सबों का कहना था कि वार्ड में नया बोरिंग करा कर पानी की समस्या का समाधान किया जाए। स्थानीय लोगों का कहना था कि जनप्रतिनिधियों से लेकर जल पर्षद तक को पानी की समस्या से अवगत कराया गया है। इसके बाद भी कोई निराकरण नहीं हो पाया है। वार्ड पार्षद फैजुर रहमान का कहना है कि बोरिंग के चालू रहने के बाद भी पानी नहीं मिलने की शिकायत जल पर्षद के अभियंताओं से की गई है। नया बोरिंग मोगलपुरा पुलिस चौकी के पास कराने का प्रस्ताव दिया गया है। वैकल्पिक व्यवस्था के लिए चौकशिकारपुर में नगर निगम सिटी अंचल के यार्ड में हुई बोरिंग के चालू होने के बाद ही उसका टी कनेक्शन जोड़कर दूर किया जा सकता है। हालांकि एक चर्चा यह भी है कि कुछ जरूरी उपकरण लगाने पर पानी मिल सकता है। मगर इस उपकरण को बिहार के बाहर से मंगाया जा रहा है। इसके बाद लगभग 15 दिन और समाधान में लग सकता है।

## तख्तश्री कमेटी की बैठक आज, शिजद की टीम कल आएगी पटना

### डॉ गुरमीत व लखविंदर पटना साहिब पहुंचे, किस्तों में हुई बैठक

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



श्री अकाल तख्त साहिब के सिंह साहिबानों के द्वारा लंबित मामले पर सुनवाई करते हुए फैसला 21 मई को सुनाया गया था। इस फैसले से नाखुश तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के पंज प्यारों ने उसी दिन बैठक कर हुकुमनामा जारी किया और श्री अकाल तख्त साहिब के द्वारा जारी हुकुमनामा को रद्द करते हुए श्री अकाल तख्त और तख्तश्री केसगढ़ साहिब के जत्थेदार को तनखैया करते हुए शिरोमणि अकाली दल के सुखबीर सिंह बादल को 10 दिनों के अंदर यहां पेश होकर अपनी बात रखने का आदेश जारी किया। इसके बाद से दो प्रमुख तख्त के सिंह साहिबानों के बीच हुकुमनामा जारी करने को लेकर ऊहापोह की स्थिति हो गई। इस बीच तख्तश्री कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह पटना साहिब पहुंचे। उन्होंने अध्यक्ष जगजोत सिंह के साथ परामर्श करने के बाद 27 मई को कमेटी के पदाधिकारी और सदस्यों की बैठक आहूत की है। यह बैठक मंगलवार को दोपहर 12.30 बजे कमेटी के मीटिंग हॉल में होनी है। बैठक में भाग लेने के लिए सदस्य डॉ गुरमीत सिंह और वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह भी पटना पहुंच चुके हैं। कमेटी के सदस्य गोविंद सिंह लोंगोवाल कमेटी की होने वाली बैठक में एक साल से अधिक समय से भाग नहीं ले पा रहे हैं। अब जबकि मामला श्री अकाल तख्त और तख्तश्री पटना साहिब के बीच की बनी है, तो ऐसे में निगाहें उन पर भी टिकी हैं। इस दौरान सोमवार को किस्तों में पूरे दिन बैठकों का दौर जारी रहा। इधर शिरोमणि अकाली दल की एक टीम के 26 मई को पटना आने की सूचना थी, जबकि तख्तश्री कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यों के साथ 27 मई को बैठक होनी थी। मगर मिली सूचना के अनुसार शिअद की टीम 28 मई को यहां पहुंचेगी। इस बीच कमेटी की बैठक अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को दोपहर में होना तय है। सिटी एसडीओ सत्यम सहाय एवं डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार ने बताया कि बैठक शांतिपूर्ण हो सके, इसके लिए मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी और बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं श्री अकाल तख्त साहिब के द्वारा कहा गया कि वह कोई नया हुकुमनामा जारी नहीं किए हैं, बल्कि पूर्व से तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह के द्वारा जारी हुकुमनामा और उसमें दिए गए बिंदुओं पर जो आवेदन मिला था, इस पर सुनवाई करते हुए आदेश जारी किया गया है। श्री अकाल तख्त साहिब के द्वारा जारी आदेश से तख्तश्री पटना साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह, एडिशनल हेड ग्रंथी गुरदयाल सिंह खासा प्रभावित हुए थे। ज्ञानी बलदेव सिंह को पांच वाणियों का पाठ सुनाकर रिकॉर्डिंग नहीं भेजे जाने के कारण उन्हें पंथक कार्य करने पर रोक लगा दिया गया था, जबकि गुरदयाल सिंह को तख्त साहिब से हटाकर अन्यत्र सेवा सौंपने को कहा गया था। वहीं कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह को श्री अकाल तख्त साहिब में पेश होने का आदेश जारी किया गया था। तख्तश्री पटना साहिब के पंज प्यारों के द्वारा हुकुमनामा जारी किए जाने के बाद श्री अकाल तख्त साहिब, तख्तश्री केसगढ़ साहिब और तख्तश्री दमदमा साहिब के पंज प्यारों ने जारी पत्र में श्री अकाल तख्त साहिब को सर्वोच्च धार्मिक संस्था मानते हुए इस आदेश के खिलाफ किसी भी दूसरे तख्त के द्वारा आदेश जारी करने को गलत कहा गया है। इस प्रकरण के के बाद सिख संगत भी चुपी साधी है। हालांकि तख्तश्री पटना साहिब के स्थानीय संगत भी इस मामले पर दो गुट में बंटे हैं। हालांकि एक प्रयास से अभी किया जा रहा है कि किसी तरीके से शिरोमणि अकाली दल सुप्रीमो सुखबीर सिंह बादल को तक श्री पटना साहिब के पंज प्यारों के द्वारा बड़ी कर दिया जाए। इस बाबत तक शरीफ पटना साहिब की कमेटी के पदाधिकारी पर भी खासा दबाव बनाया गया है। फिलहाल अब लोगों की नजर मंगलवार को प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब की होने वाली बैठक और उसमें लिए जाने वाले निर्णय पर टिकी है।

## स्वर्ण व्यवसायियों को बिना कारण बताए हतोत्साहित व भयादोहन को थाना ले जाना गलत

### सात सूत्री मांगों को लेकर शासन पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों को सौंपेगा मांग पत्र



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मगध ज्वेलर्स एसोसिएशन की कोर कमेटी एवं पटना सिटी स्वर्ण व्यवसायी संघ के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। इसमें विगत दिनों हुए सिंदूर ऑपरेशन के लिए देश के प्रधानमंत्री और उनकी पूरी टीम को बधाई दी गई। साथ ही व्यापार के लिए कुछ निर्णय लिए गए। इसमें सबसे महत्वपूर्ण निर्णय है कि पुलिस द्वारा किसी भी केस में स्वर्ण व्यवसायियों को बिना किसी कारण बताए हतोत्साहित और भयादोहन करने के लिए उठा कर थाना ले जाया जाता है। हालांकि ऐसा कोई नियम नहीं है कि आप किसी व्यवसायी को उसके प्रतिष्ठान से उठा कर थाना ले जाकर पूछताछ करें। महाराष्ट्र में ऐसा कानून बन चुका है कि व्यवसायी से पूछताछ कर सकते हैं, नोटिस दे सकते हैं, लेकिन किसी भी हाल में उनको बिना कारण के गिरफ्तार करना या थाना में ले जाकर बैठाना, यह उनके इज्जत को खराब करने का मामला होता है। संघ को यह स्वीकार नहीं है और सरकार ने इस पर कानून बना कर रोक लगाया है। इसी के मद्देनजर हम लोगों की मांग रही कि बिहार सरकार भी ऐसे कानून को बिहार के लिए भी लागू करे, ताकि यहां का स्वर्ण व्यवसायी निश्चिंत होकर अपना काम कर सकें। बैठक में यह भी पारित किया गया कि हम सभी सरकार से मांग करें कि यहां के व्यवसायियों को एक सरकारी पहचान पत्र निर्गत हो, जिससे वह कहीं भी सोने-चांदी को लेकर बेखौफ जा सकें, ताकि कोई भी अधिकारी और पुलिस वाला बिना कारण उनको परेशान नहीं कर सके। पुलिस हमारी सुरक्षा के लिए है, लेकिन देखा जा रहा है कि न कोई पेट्रोलिंग होती है न कोई दुकान पर पुलिस वाले आकर हालचाल पूछते हैं। किसी चौक-चौराहे पर पुलिस की गाड़ी लगी रहती है, तो यह एक भय का माहौल बनाता है। सरकार से मांग है कि अविलंब इस व्यवस्था को बहाल किया जाए, ताकि स्वर्ण व्यवसायी भय मुक्त होकर व्यापार कर सकें। सात सूत्री मांग व्यवसायियों ने एकमत से पास किया है और केंद्र, बिहार सरकार यहां के पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। मांग की जाएगी कि हमारी सुरक्षा के साथ-साथ हमें निर्बाध रूप से व्यापार करने की आजादी मिले। धन्यवाद ज्ञापन मगध ज्वेलर्स एसोसिएशन एवं स्वर्ण व्यवसायी संघ पटना सिटी के अध्यक्ष शशिशेखर रस्तोगी ने किया।

## बंद घर से लाखों के जेवरात की चोरी

मसौढ़ी !थाना क्षेत्र के नदौल गांव में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए नगदी के साथ लाखों रुपये के गहने चुरा लिए !जानकारी के अनुसार गृह स्वामी थाना प्रभारी के नदौल गांव निवासी भीम यादव के पुत्र चंद्रजीत कुमार अपने नए घर का गृह प्रवेश दो महीना पहले कराए थे,गृहप्रवेश करके पूरा परिवार जहां ड्यूटी करते थे वहां चले गए थे, रविवार को जब वह घर लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है !उन्होंने बताया कि चोरों ने घर से 20पिस साड़ी दो गैस सिलेंडर बर्तन सेट सहित डेढ़ लाख रुपए के सोने चांदी के आभूषण चुरा लिया !इधर थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि पीड़ित गृहस्वामी के द्वारा चोरी की घटना की जानकारी दी गयी है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

मसौढ़ी !नाबालिग लड़की को भगाने के जुर्म में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया !नाबालिग लड़की के परिजन के द्वारा दिए गए आवेदन में प्राथमिकी अभियुक्त मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव निवासी जगदेव यादव के पुत्र संजीत कुमार उर्फ सोनू को सोमवर को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस संबंध में पूछने पर थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त नाबालिग लड़की को भगाने का आरोपी है।

## साईं बाबा के वार्षिकोत्सव के अंतिम दिन हुआ भंडारा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

लोदीकटरा के नित्यानंद राय की कुआं स्थित श्री साईं नाथ मंदिर प्रबंध समिति की ओर से आयोजित तीन दिनों के वार्षिकोत्सव का सोमवार को समापन हो गया। इस दौरान श्री साईं नाथ की पूजा-अर्चना व धार्मिक अनुष्ठान पुजारी के द्वारा कराया गया। उसके बाद शाम में प्रसाद का भंडारा हुआ। इस दौरान बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, महापौर सीता साहू, उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी सहित विभिन्न वार्ड के पार्षद, राजनीतिक दलों के नेतागण से लेकर साईं भक्त भी प्रसाद पाने के लिए शामिल हुए।

## चूहा, सांप व जीव-जंतु से बचाव को पेस्ट कंट्रोल कराने को बैठक आज

### एनएमसीएच की सुरक्षा में लगे एजेंसी ने भी अधीक्षक को सौंपा पत्र




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक तरफ जहां चूहा के उत्पाद से यहां के महंगी मशीन व उपकरण को लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर मरीजों को भी काट खाया जा रहा है। ऐसे ही एक मामला हड्डी रोग विभाग में भर्ती एक मरीज के साथ हुई। इस खबर के विभिन्न मीडिया में छपने के बाद अधीक्षक ने इस पर संज्ञान लिया और एक जांच समिति का गठन कर दिया गया। हालांकि उस कमेटी में शामिल एक चिकित्सक के छुट्टी पर जाने के कारण उसमें संशोधन किया गया है। दूसरी ओर अधीक्षक ने 26 मई को पत्रांक 2428 जारी किया है जारी पत्र में अधीक्षक डॉप्रो रश्मि प्रसाद ने सभी विभागाध्यक्ष, आपातकालीन निबंधन, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा है कि अस्पताल में चूहा, सांप आदि विषैला जीव-जंतु से बचाव के लिए पेस्ट कंट्रोल कराने के लिए 27 मई को दोपहर एक बजे बैठक की गई है। दरअसल अस्पताल के पूरे भवन में कीड़े-मकोड़े, चूहा आदि जीव-जंतु से बचाव के लिए यह जरूरी हो गया है। दरअसल अस्पताल में पेस्ट कंट्रोल का गठन नहीं है। नतीजतन इस पर काम नहीं हो पाता है। यह बैठक मंगलवार को दोपहर एक बजे नवनिर्मित स्किल लैब में आहूत की गई है। हालांकि दूसरी ओर अस्पताल की सुरक्षा में लगे सुरक्षा एजेंसी के द्वारा भी एक पत्र जारी किया गया है, जो अधीक्षक के नाम संबोधित है। इसमें कहा गया है कि चूहा, सांप आदि जीव-जंतु से बचाव के लिए सुरक्षाकर्मी कुछ नहीं कर सकते हैं। यह काम पेस्ट कंट्रोल का है। इसके बावजूद उनका पिछले पांच माह का भुगतान अस्पताल प्रशासन के द्वारा रोक दिया गया है। सुरक्षा एजेंसी ने पत्र में स्पष्ट तौर पर कहा है कि इसके लिए जरूरी है कि चूहा के द्वारा बनाए गए बिल और पेस्ट कंट्रोल को कारगर करके ही चूहा, सांप एवं अन्य जीव-जंतु से बचाव किया जा सकता है। फिलहाल अधीक्षक ने गैरजिम्मेदारी का आरोप संबंधित हेल्थ मैनेजर, वार्ड ब्वाय और सफाई कर्मी पर लगाते हुए स्पष्टीकरण की मांग भी की है। जांच कमेटी की रिपोर्ट भी अभी आने बाकी है।

## द्वितीय बिहार कप सीनियर डिविजन सॉफ्ट टेनिस लीग चैंपियनशिप का हुआ समापन

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ बिहार के द्वारा आयोजित द्वितीय बिहार कप सीनियर डिविजन सॉफ्ट टेनिस लीग चैंपियनशिप- 2025-2026 का सोमवार को पटना के पाटलिपुत्र टेनिस सेंटर में समापन हो गया। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पटना महानगर अध्यक्ष भाजपा रूप नारायण मेहता, जी न्यूज के ब्यूरो चीफ रजनीश कुमार तथा बिहार ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष तथा बिहार लॉन टेनिस एसोसिएशन के सचिव अखौड़ी विश्वदीप के साथ साफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ बिहार के उपाध्यक्ष आलोक आजाद तथा महासचिव धर्मवीर कुमार उपस्थित थे। इस अवसर पर पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र -छात्रा के जीवन में जितना महत्वपूर्ण शिक्षा है अब उतना ही महत्वपूर्ण खेल भी है। खेल के विभिन्न विधाओं में राज्य व देश स्तर पर जो खिलाड़ी मेडल लाएंगे उनकी सीधी भर्ती बिहार सरकार में की जाएगी। इसके अलावा सरकार की ओर से खेल को प्रोत्साहन करने के लिए पंचायतों में खेल मैदान की सुविधा भी दी जा रही है। जिन छात्र - छात्राओं ने शिक्षा के साथ खेल को पूरी तरह अपना लिया उसका भविष्य उज्वल है !आपको मेहनत करना है,अपने खेल को बेहतर बनाकर अपने राज्य के लिए मेडल जीतना है !आपके भविष्य को संवारने की जिम्मेदारी बिहार सरकार ने ली है। बिहार ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष तथा बिहार लॉन टेनिस एसोसिएशन के सचिव अखौड़ी विश्वदीप ने खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग करने की बात कही। जी न्यूज के ब्यूरो चीफ रजनीश कुमार से खिलाड़ियों से कड़ी मेहनत करके अपनी जीत को मेडल में बदलकर बिहार को गौरवान्वित करने को ध्यान में रखते हुए खेलने का सुझाव दिया। पटना महानगर अध्यक्ष भाजपा रूप नारायण मेहता ने साफ्ट टेनिस के खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग देने की घोषणा की। पिछले दो दिन से बिहार के विभिन्न जिलों से आए सिनियर खिलाड़ियों ने अपना अपना मैच खेला !इस दौरान पुरुष एकल वर्ग का खिताब भोजपुर के नीतीश कुमार ने जीता जबकि द्वितीय स्थान पर पटना के कार्तिक के आगाशी रहे। नीतीश भैया मैच 3- 2 से जीता ।तीसरे स्थान पर पटना के सत्यम और भोजपुर के होशियार सिंह सागर रहे। जबकि महिला वर्ग का खिताब भोजपुर की मेधावी कृति ने जीता, द्वितीय स्थान पर दिव्या कुमारी रही। मेधावी कृति ने यह खिताब 3- 0 से जीता। तीसरे स्थान पर भागलपुर की एंजेल और पटना कि त्रिशा कुमारी रही। इस अवसर पर सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन आफ बिहार के अध्यक्ष मोहन प्रसाद, सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ बिहार के उपाध्यक्ष आलोक आजाद, महासचिव धर्मवीर कुमार, रवि कुमार मेहता, प्रिंस कुमार,मुख्य रेफरी अरविंद कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सभी अतिथियों का स्वागत मोमेंटो देकर साफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव धर्मवीर कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रवि कुमार मेहता ने किया।

## पत्नी मायके गई, पति ने बेटी को रुपए के लालच में 40 हजार में बेचा

पटना सिटी, मालसलामी थाना क्षेत्र के भैंसानी टोला के रहने वाले सोनू यादव पर उसकी पत्नी ने बेटी को बेच देने का आरोप लगाते हुए 25 मई को थाना में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए न केवल पति, बल्कि इस घटना में शामिल अन्य तीन लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया। साथ ही बच्ची को भी बरामद कर लिया गया। यह जानकारी प्रेस कांफ्रेंस के दौरान डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में दी। बताया गया कि बच्ची की मां के बयान पर थाना में कांड संख्या 251/25 दर्ज किया गया था। इसमें प्राथमिकी अभियुक्त भैंसानी टोला के सोनू यादव पिता ओम प्रकाश यादव और रूपा देवी एवं अन्य के विरुद्ध वादिनी की ढाई साल की पुत्री को बेचने का आरोप लगाते हुए अंकित कराया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सिटी एसपी ईस्ट की निगरानी एवं डीएसपी-2 के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

# पथ निर्माण के क्षेत्र में 17088 करोड़ रुपए की सौगात देंगे प्रधानमंत्री

# पीएम के दौरे से बिहार में विकास को मिलेगी नई गति: नितिन



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी 29 मई को दो दिवसीय बिहार दौरे पर आ रहे है। उनके आगमन को ऐतिहासिक बनाने के लिए बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री और भाजपा विधायक नितिन नवीन ने सोमवार को विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने पथ निर्माण के क्षेत्र में किये जाने वाले शिलान्यास और उद्घाटन की जानकारी ली। वहीं, बैठक उपरांत मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह दौरा बेहद खास होने वाला है। उनके इस आगमन को लेकर कार्यकताओं से लेकर जनता तक हर वर्ग के नागरिकों में गजब का उत्साह दिख रहा है। पार्टी की ओर से भी तैयारी जोरों पर है। वहीं, राजधानी पटना में उनका भव्य रोड शो होने वाला है। इस दौरान जगह-जगह महिलाएं उनका आरती कर स्वागत करेंगी साथ ही उन पर फूलों की बारिश की जाएगी। इस बार उनका यह दौरा इसलिए भी खास है क्योंकि वो जनता को हजारों करोड़ की योजनाओं का तोहफा देंगे। पथ निर्माण मंत्री नवीन ने पथ निर्माण विभाग से ससंबंधित परियोजनाओ की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पटना-गया-डोभी जो एनएच -22 है के पैकेज 1, 2और 3का उद्घाटन करेंगे।

श्री नवीन ने कहा कि यह बहुप्रतिक्षित परियोजना का निर्माण कार्य पूर्ण हो चूका है इससे राज्यवासियो को पटना से डोभी गयाजी होते हुए जाने में सहूलियत होगी साथ ही समय की बचत होगी। ज्ञात हो की यह परियोजना सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्मित करायी गयी है। द्वारैस परियोजना पर कुल लागत 5519 करोड़ रुपए की आई है । जो दूसरी परियोजना माननीय प्रधान मंत्री के द्वारा उद्घाटन किया जाना है वह गोपालगंज शहर में एनएच-27 पर 4 लेन एलिवेटेड सड़क है। इसका निर्माण सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 249 करोड़ रुपए की लागत से करायी गयी है। इसके अतिरिक्त बिहार राज्य को कई सड़क परियोजना का भी सौगात दी जा रही है ।

### इन सड़क परियोजनाओ का शिलान्यास प्रधानमंत्री करेंगे

- एनएच 119 पटना-आरा-सासाराम का निर्माण सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 3712 करोड़ रुपए की लागत से करायी जा रही है।
- एनएच 319बी वाराणसी-रांची-कोलकाता एक्सप्रेसवे जिसकी कुल लगत 2817 एवं 3177 करोड़ क्रमशः है जिसका निर्माण सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार कराया जा रहा है, इस प्रकार इस परियोजना की बिहार राज्य में कुल लागत 5994 करोड़ रुपये होगी।
- एनएच 119 डी के रामनगर से कचीदरगाह खंड का 6 लेन रोड का शिलान्यास किया जायेगा जिसपर कुल लगत 1083 करोड़ रुपए आएगी।
- एनएच 922 पर बक्सर से भरौली के बिच गंगा नदी के ऊपर पुल निर्माण का शिलान्यास किया जायेगा जिसपर कुल लगत 531 करोड़ रुपए आएगी।

इस तरह से सिर्फ पथ निर्माण के क्षेत्र में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 17088 करोड़ रुपए की सौगात बिहार को देने आ रहे है। विशेष जानकारी देते हुए माननीय पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री जी द्वारा पटना एअरपोर्ट में नव निर्मित एअरपोर्ट टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे जो कुल 1200 करोड़ रुपए की लागत से तैयार की गयी है। इसके अतिरिक्त जवाहर नवोदय विद्यालय में 8 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित डारमेट्री और स्टाफ क्वार्टर का भी उद्घाटन प्रधानमंत्री करेंगे। बिहार राज्य को पथ के क्षेत्र के अलावा औरंगाबाद में नबीनगर सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट के स्टेज 2 और बिहटा एअरपोर्ट के सिविल एन्क्लेव का भी शिलान्यास करेंगे। इस तरह से लगभग 50000 करोड़ की परियोजनाओ का उद्घाटन

# प्याज की खेती को बढ़ावा देने पर सरकार का विशेष जोर : विजय

## क्षेत्र विस्तार के लिए 202.125 लाख की स्वीकृति. बोलें – किसानों की आय में होगी वृद्धि

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार सरकार किसानों की आय में वृद्धि, कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रभावशाली कदम उठा रही है। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य स्कीम मद से ह्य्ह्य खरीफ प्याज का क्षेत्र विस्तार योजना की शुरूआत की गई है, जिसके लिए 202.125 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य में खरीफ प्याज के खेती क्षेत्र का विस्तार कर कुल उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाना है, ताकि किसानों को सीधा आर्थिक लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि यह योजना राज्य के 18 जिलों बाँका, बेगूसराय, भागलपुर, भोजपुर, बक्सर, दरभंगा, गोपालगंज, लखीसराय, मुजफ्फरपुर, नालन्दा, पटना, रोहतास, समस्तीपुर, सारण, शेखपुरा, सीतामढ़ी, सिवान एवं वैशाली में लागू की जाएगी। शारदीय (खरीफ)प्याज की खेती हेतु प्रति हेक्टेयर 10 किलोग्राम बीज की आवश्यकता निर्धारित की गई है। बीज का वितरण 2450 प्रति किलोग्राम या वास्तविक दर जो भी कम हो पर किया जाएगा। प्रति हेक्टेयर 24,500 की अनुमानित लागत पर किसानों को 75 प्रतिशत अर्थात 18,375 प्रति हेक्टेयर की दर से अनुदान दिया जाएगा।

श्री सिन्हा ने कहा कि गुणवत्तायुक्त सत्यापित बीज संबंधित जिलों के सहायक निदेशक (उद्यान) के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।

बीज की आपूर्ति राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, पटना तथा बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड, पटना के माध्यम से सुनिश्चित की जाएगी। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों का डीबीटी पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य होगा। विभागीय वेबसाइट पर योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन करें लिंक के माध्यम से शारदीय (खरीफ)प्याज का क्षेत्र विस्तार योजनाटैब पर जाकर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। चयन प्रक्रिया पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर की जाएगी।इस योजना का लाभ लघु, सीमांत एवं बटाई पर खेती करने वाले किसानों को भी मिलेगा, यदि वे पट्टा या बटाई अनुबंध प्रस्तुत करें।

योजना की पात्रता न्यूनतम 0.25 एकड़ (0.10 हेक्टेयर) और अधिकतम 5.00 एकड़ (2.00 हेक्टेयर) भूमि के लिए होगी। बिहार सरकार द्वारा लागू की गई यह योजना प्याज उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ-साथ किसानों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। यह पहल राज्य को कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर और नवाचारी बनाने की दिशा में एक अहम कदम सिद्ध होगी ।

# नीति और नैतिकता को तिलांजलि दे चुका है लालू परिवार : उमेश

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि लालू परिवार ने नीति और नैतिकता को पूरी तरह तिलांजलि दे दी है, और अब उनके राजनीतिक पापों का घड़ा पूरी तरह फूट चुका है। वर्षों तक जनता को भ्रमित करने वाला यह परिवार आज अपने ही अहंकार, भ्रष्टाचार और स्वार्थ की गठरी तले दबता चला जा रहा है। उन्होंने कहा कि लालू परिवार की राजनीति अब अपने अंतिम दौर में पहुँच चुकी है। श्री कुशवाहा ने कहा कि जो व्यक्ति आज नैतिकता का झूठा ढोल पीट रहे हैं, वे शिल्पी गौतम हत्या कांड, चंपा विश्वास बलात्कार कांड और अपनी बहू ऐश्वर्या राय के सार्वजनिक अपमान के समय मौन थे। तब उनकी नैतिकता कहाँ थी? सिवान में जब निदोर्षों को तेजाब से नहलाकर मौत के घाट उतारा गया, तब भी लालू यादव सत्ता के नशे में चुपचाप तमाशा देखते रहे।

श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि नैतिकता बोध को लेकर लालू परिवार की यह दोहरी मानसिकता अब पूरी तरह जनता के सामने बेनकाब हो चुकी है। प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि लालू परिवार के माथे पर इतने गहरे और गंभीर दाग हैं, जिन्हें किसी भी लीपापोती से नहीं मिटाया जा सकता। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राजद की महिलाओं के प्रति सोच शुरू से ही नकृष्ट और दूषित रही है, जो आज समाज के सामने पूरी तरह उजागर हो चुकी है।

# पीएम मोदी का दौरा बिहार के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगा: दिलीप

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मई को रोहतास के विक्रमगंज आने वाले हैं। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बनाने में जुटे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल आज ऐतिहासिक और पौराणिक शहर बक्सर पहुंचे और एनडीए के कार्यकर्ता सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस सम्मेलन में एनडीए के कई बड़े नेताओं ने भी शिरकत की।

बक्सर पहुंचने पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर उपस्थित एनडीए के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कार्यकताओं से पीएम मोदी के कार्यक्रम को अभूतपूर्व और ऐतिहासिक बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह दौरा बिहार के विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जब भी बिहार आए हैं, यहां के लोगों को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने कहा कि इस बार भी वे बिहार के लिए बड़ी सौगात लेकर यहां आएंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने बक्सर के स्थानीय लोगों से भी मुलाकात की और उन्हें प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर पूरे इलाके में उत्साह है। लोग प्रधानमंत्री के आगमन का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने बक्सर में कई प्रबुद्धजनों से भी मुलाकात की और उन्हें प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में आने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि विक्रमगंज के कार्यक्रम में आसपास के जिले के लोग भी शामिल होंगे।

भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि करीब तीन से चार लाख लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनने विक्रमगंज पहुंचेंगे। खासकर रोहतास, कैमूर, बक्सर तथा भोजपुर जिले के तमाम कार्यकर्ता एवं आम जनता प्रधानमंत्री को सुनने पहुंच रहे हैं। इससे पहले बक्सर जाने के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल का ज्योति चौक पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन के नेतृत्व में कार्यकताओं द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन

# 8 जून को आरा में नव संकल्प जनसभा को संबोधित करेंगे चिराग

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास बिहार प्रदेश कार्यालय देश के प्रधानमंत्री के दो दिवसीय बिहार यात्रा पर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास ने खुशी जाहिर की है।

सोमवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पार्टी के संसदीय बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष हुलास पांडे ने वार्ता को संबोधित करते हुए किया बिहार के लिए गौरव की बात है कि प्रधानमंत्री का आगमन बिहार की धरती पर हो रहा है प्रथम दिन प्रधानमंत्री प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार पटना एयरपोर्ट का उद्घाटन और बिहटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का शिलान्यास करेंगे वहीं 30 मई को बिक्रमगंज में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान भी मौजूद रहेंगे ।

# सौगातों की बारिश करने फिर बिहार आ रहे प्रधानमंत्री : प्रभाकर

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता शप्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि बिहार पीएम मोदी के दिल में बसता है। यही वजह है कि वे बिहार के निरंतर विकास के लिए तोहफों की बरसात कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व और पीएम मोदी के मार्गदर्शन में बिहार विकास नयी ऊंचाई छू रहा है। श्री मिश्र ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बिहार के लोगों को भाजपा पर भरोसा और एनडीए सरकार पर अटूट विश्वास है। भरोसा और विश्वास का यह संबंध हमेशा कायम रहेगा। श्री मिश्र ने कहा कि पीएम मोदी का जब भी बिहार आगमन होता है, बिहार के लोगों की उम्मीदें बढ़ जाती है। पीएम मोदी भी हर बार बिहार की उम्मीदों पर खरा उतरते हैं। पीएम मोदी का इसी सप्ताह बिहार का दौरा है। इससे बिहार के लोग काफी उत्साहित हैं। 30 मई को बिक्रमगंज में पीएम मोदी का कार्यक्रम है। इस दौरान वे बिहारवासियों को 50 हजार करोड़ से अधिक की 16 विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। श्री मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा बिहार की गौरवशाली परंपरा और बिहार के लोगों के व्यवहार की प्रशंसा की है। उन्होंने देश-दुनिया में लोकप्रियता का नया मापदंड स्थापित करनेवाले मासिक कार्यक्रम मन की बात में बिहार की प्रशंसा कर बिहार के लोगों का मान-सम्मान बढ़ाया।उन्होंने बिहार की खेल भावना और अन्य प्रदेश से आए खिलाडिों के स्वागत की खूब तारीफ की।

# बिहार का रैंक सभी मनकों में सुधरा है : जदयू

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने सोमवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में पार्टी के संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम, मनीष यादव एवं मीडिया पैनलिस्ट किशोर कुणाल उपस्थित रहे। 2022 के एनसीआरबी रिपोर्ट के अनुसार बिहार में अपराध दर 277.1 अपराध प्रति लाख जनसंख्या है जो कि राष्ट्रीय औसत 422.2 से कहीं बेहतर है। केरल, तमिलनाडु, दिल्ली, छत्तीसगढ़, राजस्थान, ओड़िसा, आंध्र प्रदेश समेत 16 ऐसे छोटे बड़े राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हैं जहां का अपराध दर बिहार से कहीं अधिक है। बिहार में शराबबंदी को आप अगर अपराध नहीं माने तो बिहार पिछले एक दशक के दौरान अपराध में सुधार करने के मामले में कई प्रमुख राज्यों में से बेहतर हैं। उदाहरण के लिए छब्त्ठ के अनुसार बिहार में साल 2013 में प्च्ब अपराध दर 166.3 अपराध प्रति एक लाख जनसंख्या था जो 2022 में मामूली रूप से बढ़कर 168.1 हुआ है। जबकि इसी दौरान राष्ट्रीय औसत 215.5 से बढ़कर 258.1 हो गया। इसी तरह 17 ऐसे अन्य राज्य हैं जहां प्च्ब अपराध दर बिहार से कहीं ज्यादा है। (सूची टेबल-२) में है। एनसीआरबी के नवीनतम रिपोर्ट 2022 के अनुसार जो बिहार अपराध के आँकड़ों में जो वृद्धि होने का दावा किया जाता है यो वृद्धि प्च्ब में नहीं बल्कि सिर्फ ैस्स में हुआ है और उसी ैस्स के तहत शराबबंदी कानून लागू हुआ है। मतलब अगर आप बिहार में शराबबंदी कानून के तहत दर्ज आपराधिक मामलों को अलग कर दें तो बिहार में अपराध में वृद्धि मात्र 1.8 अपराध प्रति एक लाख जनसंख्या की हुई है जबकि देश के अन्य राज्यों और राष्ट्रीय औसत बिहार से कहीं अधिक है। बिहार में अपराध बढ़ने का तो कोई सवाल ही नहीं पैदा होता है। और इसका जीता जगत उदाहरण है अभी प्रकाशित हुई इंडिया जस्टिस रिपोर्ट के आँकड़े। बिहार का रैंक सभी मनकों में सुधरा है और कुछ मानक पर तो बिहार पहले स्थान पर है।

बिहार प्रति पुलिस के ट्रेनिंग पर 20530 रुपए खर्च करता है और पहले स्थान पर जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाले मध्य प्रदेश में एक पुलिस की ट्रेनिंग पर मात्र 15235 रुपए खर्च करता है जबकि पश्चिम बंगाल मात्र 125 रुपए खर्च करता है। इसी तरह से महिला पुलिस के मामले में भी बिहार पहले स्थान पर है। हमारा न्याय के साथ विकास का मॉडल सिर्फ महिला तक सीमित नहीं है। बिहार पुलिस में जितना पद व्ठब के लिए आरक्षित होना चाहिए उसका 143: पदों पर व्ठब उम्मीदवार आसीन हैं और 102.9: ैब पुलिस कर्मचारी आसीन हैं।

# पूर्व जिलाध्यक्षों की संगठन को मजबूत करने में रहेगी अहम भूमिका: कृष्णा

**■ पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्षों की अहम बैठक संपन्न**

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में सूबे के सभी पूर्व जिलाध्यक्षों की बैठक प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा कि संगठन को धारदार बनाने में पूर्व जिलाध्यक्षों का मार्गदर्शन बेहद जरूरी है। उन्होंने बैठक में कहा कि संगठन को बिहार में आपने अपनी लगन और मेहनत से मजबूत रखा है और पार्टी को आपकी आवश्यकता है और आगे भी इसे मजबूत करने में अपने अपने जिले में आप मजबूती से पार्टी के गतिविधियों में शामिल रहें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस में मैं जानता हूं कि आप सबका संगठन से जुड़ाव केवल व्यक्तिगत ही नहीं बल्कि सामाजिक और ऐतिहासिक विरासत से रहा है। आप सबके निर्देशन का लाभ वर्तमान अध्यक्ष को मिलेगा इसकी आशा कांग्रेस पार्टी का शीर्ष नेतृत्व करता है। जिससे सामाजिक न्याय की लड़ाई में राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी को हमसब मजबूती दे सकें। बैठक में बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारु, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, एआईसीसी के सचिव पूनम पासवान ,अमिताभ दुबे, मोतीलाल शर्मा, छत्रपति यादव ,जमाल अहमद भल्लू, अजय चौधरी सहित सभी जिला के पूर्व जिला अध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठ नेतागण मौजूद रहें।

# भारत का विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बनना प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच का परिणाम : प्रेम रंजन

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। भारत का दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना एक महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक उपलब्धि है, साथ ही यह उपलब्धि आर्थिक नीतियों सुधारों, वैश्विक दृष्टिकोण तथा नेतृत्व की दूरदर्शी परिणाम का परिचायक है । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच, योजनाओं, नीतियों, दृष्टिकोण तथा प्रतिबद्धता की दिशा का मजबूत आधार है । मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया जैसी पहलों ने भारत को एक नवाचार और निर्णय आधारित अर्थव्यवस्था को आधार देना न केवल आर्थिक विकास को गति देना बल्कि युवाओं को रोजगार के नये अवसर उपलब्ध कराना था ।मोदी सरकार द्वारा लागू किया गया जीएसटी देश के कर ढांचे में अब तक का सबसे बड़ा सुधार कर समान कर प्रणाली के साथ व्यापार को आसान करना साथ ही डिजिटल लेन-देन के माध्यम से कालाधन और भ्रष्टाचार पर प्रभावी लगाम लगाना संभव हुआ है । प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति तथा वैश्विक मंचों पर सक्रियता ने भारत को एक स्थिर आर्थिक स्थिति के रूप में प्रस्तुत किया, उनकी एक्ट ईस्ट नेवरहुड फर्स्ट तथा बसुधैव कुटुबंकम जैसी नीतियाँ भारत को वैश्विक निवेश के लिए प्रोत्साहित किया । वहीं जनधन योजना, आधार कार्ड, मोबाईल कनेक्टिविटी, यूपीआई जैसे डिजिटल योजना लोगों को सीधे सरकारी योजनाओं से जोड़ा साथ ही ग्रामीन भारत को भी मुख्यधारा में शामिल किया । भारत का विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना केवल आर्थिक आकड़ों की उपब्धि नहीं बल्कि यह एक संकल्प नीति तथा जन भागीदारी की गाथा है । जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता निर्णायक नेतृत्व तथा न्यू इंडिया की सोच ने इस लक्ष्य को साकार किया, यह उपलब्धि आने वाले वर्षों में भारत को न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा दिखाई दे रही है ।यह उपलब्धि देश के लिए गर्व का विषय है, साथ ही भविष्य में और भी ऊँचाईयों को छूने का संकेत भी है ।

# अंचल अमीनों तथा पंचायत सचिवों को दिया गया ऑनलाइन प्रशिक्षण

# राजस्व कर्मचारियों को मुख्यालय स्तर से दिया जा रहा प्रशिक्षण

## राजस्व कर्मचारी के पद से सेवानिवृत कर्मियों की संविदा के माध्यम से नियुक्ति की जायेगी

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल के बीच आमजनों के राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित नहीं हों , इस हेतु राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा अंचल अमीनों तथा पंचायत सचिवों को राजस्व कर्मचारियों द्वारा किये जाने वाले कार्यों का प्रशिक्षण सोमवार को विभागीय वीडियो कॉन्फ्रेंस रूम से ऑनलाइन मोड में दिया गया। इसकी अध्यक्षता सचिव जय सिंह ने की। इस प्रशिक्षण सत्र में राज्य के सभी 38 जिलों के अपर समाहर्त्ता (राजस्व) के नेतृत्व में सभी अंचल अमीन व पंचायत सचिव मौजूद रहे। सचिव जय सिंह ने इसकी शुरूआत करते हुए सबसे पहले सभी अपर समाहर्त्ता (राजस्व) से अमीन और पंचायत सचिवों की उपस्थिति की जानकारी ली। इस दौरान सभी जिलों से पर्याप्त उपस्थिति की जानकारी मिली। इसके बाद सचिव श्री सिंह ने कहा कि कैसे काम करना है, आज ये जानकारी दी जा रही है। खुद से काम करने के बाद और समझ बढ़ेगी। उन्होंने सभी अपर समाहर्त्ता (राजस्व)को निर्देश दिया कि सबसे पहले संबंधित अंचल अमीन और पंचायत सचिव को प्रभार देकर हल्का आवंटित कर उनकी आईडी क्रिएट कराई जाएगी। उसे संबंधित अंचल अधिकारी एप्रूव्ड करेंगे। सचिव ने सभी अपर समाहत्ताओं को यह भी निर्देशित किया कि अपने जिले में अंचलाधिकारियों के माध्यम से सभी अमीन तथा पंचायत सचिवों के लिये अंचलवार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करें। इसके बाद आईटी मैनेजर आनंद शंकर ने प्रेजेंटेशन प्रस्तुत कर बिहारभूमि पोर्टल पर कार्य करने का तरीका बताया। सभी प्रशिक्षुओं को बताया गया कि विभाग का सारा काम ऑनलाइन है। इस दौरान सभी को डिटेल में पूरे प्रोसेस की जानकारी दी गई। उन्हें यह भी बताया गया कि विभाग का सबसे महत्वपूर्ण कार्य दाखिल-खारिज एवं परिमार्जन का है। सभी को उपरोक्त दोनों कार्यों की विस्तृत प्रक्रिया तथा दाखिल-खारिज और परिमार्जन की तकनीकी बारीकियों से भी अवगत कराया गया। उन्हें ये भी बताया गया कि किसी भी तरह की परेशानी होने पर अंचल अधिकारी, अंचल निरीक्षक डाटा इंट्री ऑपरेटर और कार्यपालक सहायक से वे सभी मदद ले सकते हैं।

सचिव ने जिलों के एडीएम से कहा कि ऐसे सेवानिवृत राजस्व कर्मचारी जो संविदा के माध्यम से काम करने को इच्छुक तथा योग्य हों, उनसे आवेदन प्राप्त कर उनसे राजस्व संबंधित कार्यों में मदद ली जाये। साथ ही अंचलाधिकारियों से माध्यम से हड़ताल पर गये सभी राजस्व कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस दौरान विशेष सचिव अरुण कुमार सिंह, संयुक्त सचिव अनिल कुमार पांडेय समेत कई अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

### हड़ताली राजस्व कर्मचारियों से सख्ती से निपटने का आदेश जारी

पटना। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के विशेष सचिव अरुण कुमार सिंह ने सभी जिला समाहर्त्ता को पत्र जारी कर हड़ताली राजस्व कर्मचारियों से सख्ती से निपटने का आदेश जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि हड़ताल के कारण आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु दिनांक-24 मई को दैनिक समाचार पत्रों में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से हड़ताली राजस्व कर्मचारियों से तीन दिनों के अन्दर कार्य पर वापस लौटने की अपील की गई थी। इसके बावजूद उक्त अवधि में हड़ताल समाप्त कर कार्य पर नहीं लौटने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया है। सभी हड़ताली राजस्व कर्मचारियों को सोमवार 26 मई की शाम तक अपने अपने अंचल कार्यालय में लैपटॉप जमा करने का भी आदेश दिया गया था। ऐसी स्थिति में हडताल पर गये सभी राजस्व कर्मचारी को अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने एवं निर्धारित अवधि तक लैपटॉप अपने अंचल कार्यालय में नहीं जमा करने की स्थिति में सभी से व्यक्तिगत रूप से विहित प्रपत्र में स्पष्टीकरण की मांग कर अनुशासनिक कार्रवाई की जाय ।

## संक्षिप्त खबरें

### होमगार्ड बहाली 14 जून से

मुजफ्फरपुर। होमगार्ड की 296 पदों पर होने वाली बहाली 14 जून से लंगट सिंह कालेज मैदान में होगी। बहाली के लिए जिले के अलग-अलग प्रखंडों से 17 हजार 319 अभ्यर्थियों ने आन लाईन निबंधन कराया है। बहाली प्रक्रिया 2 जुलाई तक चलेगी।बहाली को लेकर जिला समादेष्टा कार्यालय ने टेंडर जारी किया है। इच्छुक एजेंसी तकनीकी एवं वित्तीय टेंडर की दो अलग-अलग लिफाफे में मुहरबंद कर कार्यालय में जमा करेंगे।बहाली के लिए अभ्यर्थियों की शारीरिक क्षमता की जांच स्थल पर बैरिकेडिंग,वाटर प्रूफ पंडाल, लाईट ,जेनरेटर आदि की व्यवस्था करनी है। टेंडर 3 जून को दोपहर समाहरणालय सभाकक्ष में खोला जाएगा।तकनीकी गड़बड़ी के कारण गत 5 मई को सम्पन्न दौड़ के अतिरिक्त सभी प्रतियोगिता पूर्व चयन प्रक्रिया की भांति करना पड़ा था,जबकि पूरी शारीरिक दक्षता परीक्षा आरएफआईडी के माध्यम से करना था। गत 5 मई को हुए गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन प्रक्रिया में हुए शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं चिकित्सकीय परीक्षण को जिला समिति द्वारा रद्द कर दिया गया है।

### हमला मामले में दो नामजद एवं 25 अज्ञात पर हुई प्राथमिक की दर्ज

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर पंचायत के महमदाबाद गांव में रविवार की दोपहर पूर्व के विवाद को लेकर हथियार के बल पर रणधीर राय के घर पर हुए हमले मामले में पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिक की दर्ज कराया।जिसमें महममदाबाद गांव निवासी रणधीर राय के पुत्र निशांत कुमार ने दो नामजद एवं 25 अज्ञात को आरोपित किया है। दिए आवेदन में कहां है कि शनिवार की शाम हम अपने दोस्त के साथ जन्मदिन मनाने कल्याणपुर जा रहे थे ।इसी दौरान कुछ युवक ने मंजिल मुबारक चौक के समीप रोककर मारपीट करने लगा। फिर रविवार की दोपहर भी हथियार के बल पर घर पर पहुंच कर मारपीट एवं हमला बोला दिया। लेकिन ग्रामीणों के सहयोग से सभी बदमाश भागने में सफल रहा। वहीं थानाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि आवेदन के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### पुलिस ने 144 टैट्रा पैक पाउच किया बरामद

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के मुक्तापुर गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 144 पीस टैट्रा पैक शराब बरामद किया है ।वहीं पुलिस को देखते ही शराब कारोबारी भागने में सफल । वहीं एस आई हरेंद्र तिवारी ने शराब को जपत कर थाना ले आया ।उन्होंने कहा कि उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई किया जा रहा है।

### दो पक्षों के बीच रोड़े बाजी में में दर्जन भर लोग हुए जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के परतापुर गांव में रविवार की देर शाम दो पक्षों के बीच आपसी विवाद को लेकर हुई रोड़े बाजी की घटना में दर्जन भर लोग जख्मी हो गए ।लोगों के मुताबिक मारपीट की घटना में मुकेश महतो ,हीरो कुमार, राहुल कुमार रोशन ,धर्मेंद्र कुमार सहित दजन भर लोग गंभीर जख्मी हो गए ।सभी जख्मी का ईलाज का समस्तीपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां ईलाज किया जा रहा है ।घटना की जानकारी मिलते ही थाना के एस आई हरेंद्र तिवारी ने पहुंचकर मामला को शांत कराया ।वहीं थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि आवेदन आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है ।

### महिला सशक्तिकरण को लेकर महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर उत्तर पंचायत के पंचायत सरकार भवन के प्रांगण में निकेतन जीविका महिला ग्राम संगठन के द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कम्युनिटी कॉर्डिनेटर गोविन्द कुमार कर रहे थे। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बीपीएम संजीव कुमार पासवान, उपप्रमुख सुजीत कुमार चौधरी,जीविका से ज्योति कुमारी,भोली कुमारी, गीता कुमारी,वीणा देवी, कविता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया। तत्पश्चात आगत अतिथियों को स्वागत चादर,पाग,माला व कलम डायरी भेंट कर किया गया।वहीं संवाद कार्यक्रम के माध्यम से बिहार सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को जागरूकता वाहन के माध्यम से दिखाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत कराना है। वहीं उपस्थित जीविका से जुड़े दीदीओं ने जीविका में जुड़ने से लाभ एवं अपनी समस्या से जुड़ी मांग को रखा।मौके पर शांति देवी, सविता देवी, काजल कुमारी, उषा देवी, सुशीला देवी सहित 222 जीविका दीदी उपस्थित थे।

# 50 हजार रुपये के ईनामी कुख्यात अपराधी को मधेपुरा पुलिस ने किया गिरफ्तार, हत्या, लूटकांड मामले में था फरार

प्रात : किरण संवाददाता



उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) जिले के भराहीं थाना क्षेत्र से पुलिस ने 50000 हजार रुपये के इनामी कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी मादक पदार्थ कारोबार, हत्या, लूट जैसे कई जघन्य अपराध में फरार चल रहा था। मामले में उदाकिशुनगंज एसडीपीओ अविनाश कुमार ने प्रेस वार्ता करते हुए जानकारी दी कि पुलिस मुख्यालय, बिहार पटना एवं पुलिस उप-महानिरीक्षक कोशी क्षेत्र सरहसा के निदेर्शानुसार जिला अन्तर्गत अवैध आग्नेयास्त्र, मादक पदार्थ के कारोबारी, हत्या, लूट जैसे जघन्य कांडो को कारित करने वाले फरार अपराधी एवं ईनामी टॉप-10/20 में शामिल अपराधकर्मी के गिरफ्तारी हेतु सभी थानाध्यक्ष / ओ०पी० अध्यक्ष को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में 26 मई के सुबह में पु०अ०नि० विकाश कुमार थानाध्यक्ष अरार थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्वालपाड़ा थाना कांड सं0-182/24 के फरार 50000/रु ईनामी अपराधकर्मी संतन कुमार पिता-राजकिशोर यादव सा०-भराहीं वार्ड नं0-03 थाना भराहीं जिला-मधेपुरा अपने घर पर आया हुआ है।

उक्त सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी उदाकिशुनगंज, मधेपुरा के निदेर्शानुसार पु०अ०नि० विकाश कुमार थानाध्यक्ष अरार थाना, पु०अ०नि० धीरज कुमार अरार थाना सशस्त्र बल, भराहीं थाना एवं तकनिकी शाखा के पुलिस पदाधिकारी को शामिल करते हुए एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया।गठित टीम के द्वारा प्राप्त सूचना का सत्यापन किया गया तो सही पाया गया। जिसके बाद गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए (50000/रु०) ईनामी अपराधी संतन कुमार पिता-राजकिशोर यादव, सा०-भराहीं वार्ड नं0-03 थाना-मराहीं जिला-मधेपुरा को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक कार्रवाई पश्चात न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार अपराधी संतन कुमार पिता राजकिशोर यादव, सा०-भराहीं वार्ड नं0-03 थाना भराहीं जिला-मधेपुरा का रहने वाला है।जिसका अपराधिक इतिहास ग्वालपाड़ा थाना क्षेत्र,अरार, भराहीं थाना क्षेत्र में रहा है। वह कई महीनों से फरार चल रहा था। टीम में पु०अ०नि० विकाश कुमार थानाध्यक्ष अरार थाना, पु०अ०नि० धीरज कुमार अरार थाना, पु०अ०नि० धर्मेन्द्र कुमार थानाध्यक्ष भराहीं थाना, पु०अ०नि० राजीव कुमार तकनिकी शाखा मधेपुरा, पु०अ०नि० विकाश कुमार मिश्रा तकनिकी शाखा मधेपुरा,सशस्त्र बल अरार थाना सहित अन्य कर्मी शामिल थे।

## जनसंवाद में पूर्व मंत्री हुए लोगों की समस्याओं से रूबरू



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। राज्य के पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता ई. अजीत कुमार ने रविवार को कांटी विधानसभा क्षेत्र के मड़वन प्रखंड के भटौना धानुक टोला व सलाहपुर गांव में किसान - मजदूर, युवा जन संवाद कार्यक्रम के तहत लोगों से संवाद किया एवं उनके समस्याओं को सुना। श्री कुमार के समक्ष लोगों ने विद्युत विपत्र में गड़बड़ी एवं सूचना दिए बिना विद्युत विभाग द्वारा लाइन काटे जाने तथा भूगर्भ जल स्तर में हुई गिरावट से गरीब बस्ती में पेयजल संकट का मामला प्रमुखता से उठाया। जन संवाद कार्यक्रम में किसानों ने सिंचाई की सुविधा अपर्याप्त होने का भी मामला उठाया। वही, मजदूरों ने मनरेगा योजना से पंचायत में काम नहीं मिलने पर श्री कुमार के समक्ष नाराजगी व्यक्त किया। मौके पर श्री कुमार ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से बात कर उपभोक्ताओं के समस्या के बारे में उन्हें अवगत कराया साथ ही लोगों का विपत्र कैंप लगाकर सुधार करने एवं सूचना दिए बिना विद्युत संबंध विच्छेद नहीं करने की बात कही। श्री कुमार ने किसानों से सिंचाई सुविधा बेहतर बनाने के लिए शीघ्र ही संबंधित अधिकारी से मिलकर उन्हें अवगत कराकर समस्या का निदान कराने की बात किसानो से कहा । उन्होंने लोगों से कहा कि आप चिंता न करें, मैं पेयजल संकट की समस्या को लेकर शीघ्र ही जिलाधिकारी से मिलुंगा एवं उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत कराएंगे। पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने कहा कि मैं बड़ी जल्द जिलाधिकारी से मिलकर सभी मामले से अवगत करवायंगे एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के देख रेख में पेयजल संकट दूर करने के लिए स्पेशल टास्क फोर्स गठित कर हर पंचायत में पेयजल संकट का समीक्षा कराने एवं शीघ्र पेयजल संकट दूर कराने का आग्रह करेंगे।

जन संवाद कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता जय किशन कुमार चौहान, पप्पू मिश्रा, विनोद शर्मा ,अजय राय , राजीव महतो ,राजू मंडल, मोहम्मद शमीम, जालंधर महतो, मनोज ठाकुर ,जय कृष्ण महतो, मनोज महतो, संजय महतो , रामदास महतो, तिलक महतो ,कामेश्वर पंडित, बैजू पंडित ,मनोज पासवान, मुकेश पासवान ,बबलू पंडित ,मोहम्मद तैयब ,विनोद पंडित, रंजन कुमार, रविंदर राम, शिवजी राम, अंकेश ओझा, अरुण यादव आदि लोगों ने अपना-अपना विचार व्यक्त किया।

## दलसिंहसराय में किराना व्यवसाई दुकानदार पर लूट मामले की जानकारी लेने पहुंचे मंत्री




प्रात : किरण संवाददाता

दलसिंहसराय। उजियारपुर विधानसभा के दलसिंहसराय प्रखंड अंतर्गत गोलापट्टी निवासी अर्जुन आनंद जी के आनंद स्टोर(किराना दुकान)पर बीते दिनों अपराधियों द्वारा पैसे लूटने के दौरान उनके पुत्र अभिषेक आनंद और अनुराग आनंद को गोली मार दिया गया तथा वे निजी अस्पताल में इलाजरत है ।भारत के केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय,समस्तीपुर के विधान परिषद माननीय तरुण कुमार,भाजपा के जिला अध्यक्ष शशिधर जा एवं नीलम साहनी जी ने पीड़ित परिवार से मिलकर दुख प्रकट किया और अपराधियों की गिरफ्तारी और परिवार को सुरक्षा मुहैया करने हेतु निर्देशित किया ।साथ ही दलसिंहसराय सभी व्यवसाईयों की सुरक्षा पर भी चर्चा हुई। इसमें दलसिंहसराय खाद्यान्न व्यवसायी संघ के अध्यक्ष सुधीर कुमार चौधरी,उपाध्यक्ष सुनील कुमार एवं अवधेश कुमार,सुरेंद्र शाह,अनिल साह, बिहार राज्य खाद्यान्न व्यवसायी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष कुमार सुरेखा,उत्सव जायसवाल,गोविंद मृणाल,धीरज कुमार,अमन कुमार,गीता साह,मनीष,आदि लोग उपस्थिति थे।

## पीएस पाण्डेय बनाए गये विकसित कृषि संकल्प अभियान के क्षेत्रीय नोडेल अधिकारी



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।किसानों को समर्पित भारत सरकार के विकसित कृषि संकल्प अभियान का रीजनल नोडल अधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पी एस पांडेय को बनाया गया है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने देश भर में तीन क्षेत्रीय नोडल अधिकारी बनाये है जिनमें से सभी पठारीय क्षेत्रों के लिए डॉ पी एस पांडेय को अधिकृत किया गया है। उनके साथ कई राज्यों के नोडल अधिकारी मिलकर कार्य करेंगे ।भारत सरकार का यह अभियान 29 मई से 12 जून तक चलाया जाएगा। इसमें वैज्ञानिकों की टीम गांव में जाकर किसानों से उनकी समस्याओं पर चर्चा करेगी। बिहार राज्य के स्टेट नोडल अधिकारी बामेति के निदेशक होंगे।

इसके लिए डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में भी वैज्ञानिक की 33 टीम बनाई गई है। हर टीम में विभिन्न विषयों के चार से पांच वैज्ञानिक होंगे। जानकारी के अनुसार हर टीम एक दिन में तीन गांव का दौरा करेगी। कुलपति डॉ पांडेय स्वयं बिहार के अतिरिक्त लगभग आठ अन्य राज्यों की कमान संभालेंगे और पर्यवेक्षण करेंगे कि वैज्ञानिकों की टीम किसानों की समस्याओं का समाधान करे और उनके फीडबैक से भी क्षेत्रीय नोडल अधिकारी के कार्यालय को अवगत कराया जाए। कई राज्यों में चलने वाले इस मेगा अभियान को लेकर कुलपति ने बैठकों का दौर शुरू कर दिया है ।जानकारी के अनुसार विभिन्न वैज्ञानिकों को अलग अलग निर्देश दिए गए हैं। कुलपति डॉ पांडेय अन्य राज्यों के राज्य नोडल अधिकारी के भी लगातार संपर्क में हैं ताकि भारत सरकार के इस मेगा अभियान को अधिक से अधिक सफल बनाया जा सके।

## मंडन भारती कृषि महाविद्यालय में जल कुंभी से खाद निर्माण सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा जिलांतर्गत अगवानपुर स्थित मंडन भारती कृषि महाविद्यालय के सौजन्य से जल कुंभी से खाद निर्माण एवं अन्य लाभदायक उत्पाद निर्माण संबंधित प्रशिक्षण सत्र सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महिषी विधायक गुंजेश्वर साह ने संबोधित करते हुए कहा की इस क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थिति के फलस्वरूप जलकुंभी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।जिसके फल स्वरूप परम्परागत कृषि फसलों का उत्पादन प्रभावित होता रहा है।तथापि जलकुंभी का विवेकपूर्ण उपयोग सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है।उन्होंने कहा की कृषि फसलों के उत्पादन के वृद्धि हेतु वर्तमान में प्रयुक्त खाद न केवल उर्वरा शक्ति को प्रभावित करती है, बल्कि खाद में विद्यमान तत्वों के कारण स्वास्थ्य भी दुष्प्रभावित होता है। अतः कृषि फसलों के उत्पादन में वृद्धि हेतु अन्य विकल्पों पर भी गहन विचार आवश्यक है। जलकुंभी से खाद बनाने की प्रक्रिया इस दिशा में एक सराहनीय कदम है, इसी बिंदु पर विचार विमर्श हेतु प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया है।माननीय विधायक ने कहा की राज्य सरकार द्वारा क्षेत्र के विकास व बाढ़ से मुक्ति हेतु लगातार ठोस प्रयास किए जा रहे है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिलाधिकारी वैभव चौधरी ने उक्त अवसर पर कहा की जलकुंभी जिसे सामान्यतः कृषि फसलों व जलीय जीवो के लिए एक अवरोध के रूप में समझा जाता है। लाभप्रद उपयोग के संबंध में विचार विमर्श व प्रशिक्षण हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जो एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा की राज्य सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र के विकास हेतु अनेकों योजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है, आवश्यकता है कृषि क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों के समावेश करने की, उन्होंने कहा की कृषि महाविद्यालय में अध्ययरत छात्रों व कृषि कार्यालय में कार्यरत कर्मियों, पदाधिकारियों को नवीनतम तकनीकों के प्रचार प्रसार कार्य हेतु आगे आना चाहिए,जो उनका दायित्व भी है। जिलाधिकारी ने कार्यशाला में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सिखाए गए गुर को पूर्ण तन्मयता से ग्रहण करने की सलाह दी। वहीं कृषि महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डॉ अरुणिमा कुमारी ने अपने संबोधन में जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्यों के संबंध में प्रकाश डालते हुए कहा की जलकुंभी, जिसे सामान्यतः अभिशाप के रूप में समझा जाता है, का विवेकपूर्ण उपयोग लाभप्रद भी होता है। इसको डिकंपोस्ट करके हानिरहित खाद में परिवर्तित किया जा सकता है। जो परम्परागत रासायिक खाद के बदले एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसके अतिरिक्त जानकुंभी से अन्य लाभप्रद उत्पाद का निर्माण संभव है। जिला कृषि पदाधिकारी संजय कुमार ने जलकुंभी के लाभप्रद उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए, इसके व्यापक प्रचार प्रसार की अपील की। आज आयोजित जागरूकता सह प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ विधायक, जिलाधिकारी, प्राचार्या कृषि महाविद्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, उप निदेशक जन संपर्क एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।


# नटवर साहित्य परिषद की कवि गोष्ठी में बही गीत - गजलों की बयार




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। शहर के श्री नवयुवक समिति के सभागार में रविवार को नटवर साहित्य परिषद की ओर से मासिक कवि गोष्ठी सह मुशायरा का आयोजन किया गया। कवि गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि डॉ.जगदीश शर्मा, मंच संचालन युवा कवि सुमन कुमार मिश्र व धन्यवाद ज्ञापन संयोजक डॉ. नर्मदेश्वर प्रसाद चौधरी ने किया। कवि गोष्ठी की शुरूआत आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री के गीतों से किया गया। इसके बाद कवि डॉ.लोकनाथ मिश्र ने- लगातार उठती रहती है लहरे, कभी कम कभी ज्यादा... सुनाकर भरपूर दाद बटोरी। शायर डॉ.नर्मदेश्वर मुजफ्फरपुरी ने गजल- करीब मौत खड़ी है जरा ठहर जाओ,कजा से आंख लड़ी है जरा ठहर जाओ... सुनाकर भरपूर दाद बटोरी। युवा कवि सुमन कुमार मिश्र ने- एक दिन मरने के लिए वर्षो तक जीने की जद्दोजहद... सुनाकर तालियां बटोरी। वरिष्ठ कवि सत्येन्द्र कुमार सत्येन ने- जप ले मनवा बेर- बेर सतनाम... सुनाया। डॉ.जगदीश शर्मा ने - आज नहीं कोई व्रत का दिन या त्योहार है... सुनाकर भरपूर दाद बटोरी । इसके अलावे अशोक भारती , मुन्नी चौधरी, अरुण कुमार तुलसी, रामबृक्ष राम चकपुरी, राजीवेन्द्र किशोर, उमेश राज, मोहन प्रसाद सिन्हा ,सहज कुमार, डॉ.हरिकिशोर प्रसाद सिंह,मुस्कान केशरी, अंजनी कुमार पाठक, श्रवण कुमार, श्याम पोद्दार ,नंदकिशोर प्रसाद, पल्लव कुमार सुमन, अर्जुन कुमार ,चिराग पोद्दार, सुनील कुमार सिंह, नितेश कुमार गुप्ता की रचनाएं भी सराही गई।

## जिलाधिकारी ने लंबित आवेदन को जल्द से निष्पादन करने का दिये निर्देश



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी राजीव रौशन की अध्यक्षता में उद्योग विभाग की कई योजनाओं की समीक्षा की गयी।बैठक में महाप्रबंधक ने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष का लक्ष्य 406 प्राप्त है,लक्ष्य के विरुद्ध 372 प्राप्त आवेदक को संबंधित बैंक में अग्रसारित किया गया है।

पीएम विश्वकर्मा योजना के फेज1 के लंबित आवेदन जो मुखिया के द्वारा निष्पादित किया जाना है एवं फेज 2 के आवेदन उद्योग केंद्र के द्वारा निष्पादित किया जाना है ।जिलाधिकारी ने लंबित आवेदन को जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश महा प्रबंधक उद्योग केंद्र दरभंगा को दिया। जिलाधिकारी ने पीएम विश्वकर्म योजना के फेज वन के लंबित आवेदन को निष्पादन के लिए कंट्रोल रूम का गठन कर, मुखिया को दूरभाष के माध्यम से निष्पादन कराने के लिए परियोजना प्रबंधक उद्योग कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।आज बैठक में प्रबंधक उद्योग सुरुचि कुमारी एवं बैंक के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## बिहार के अहियापुर में हुये नरसंहार के खिलाफ युवा राजद ने किया आक्रोश मार्च व पुतला दहन

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। बक्सर जिला के राजपुर के अहियापुर गांव में हुए नरसंहार,बिहार में एनडीए का महा जंगलराज में हो रहे लूटपाट,हत्या और बलात्कार के विरोध में महानगर युवा राजद दरभंगा के ओर से पोलो ग्राउंड से पैदल मार्च करते हुए जिला मुख्यालय लहेरियासराय टॉवर पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं इंडिया गठबंधन के सभी साथियों ने बढ़- चढ़ कर हिस्सा लिए। इस अवसर पर कार्यक्रम के नेतृत्वकर्ता एवं महानगर युवा राजद दरभंगा के अध्यक्ष राकेश नायक ने कहा कि बिहार में सत्ता संपोषित अपराधियों द्वारा चहुंओर व्यापारियों, छात्रों, महिलाओं और आमजनों की हत्याएं हो रही है लेकिन अचेत मुख्यमंत्री उनके दो सहायक उपमुख्यमंत्री आँखों पर भ्रष्टाचार की पट्टी, कानों में तेल डालकर लेटे है। कार्यक्रम में महानगर युवा राजद के प्रधान महासचिव अकबर अली प्रेम चंद यादव, युवा राजद प्रदेश उपाध्यक्ष, युवा राजद प्रधान महासचिव, गोविंद यादव, महानगर अध्यक्ष गंगा मंडल,अल्पश्यंखक जिला अध्यक्ष मोहम्मद साबिर हुसैन, सुभाष पासवान, धर्मवीर यादव, कुंदन महतो, प्रवक्ता टुनटुन यादव जी ,श्याम यादव, अभिषेख झा नदीम राजा, मनीष गुप्ता, शेखर मंडल, शमशेर, सुरेश पासवान मोहम्मद अली विष्णु महतो एवं अन्य सैकड़ों कर्मठ कार्यकताओं मौजूद थे।

## कराटे प्रतियोगिता में पदक पाने में दरभंगा रहा अव्वल

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। पटना के डॉन बॉस्को एकेडमी में एक दिवसीय बिहार कप स्टेट कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां बिहार कई जिलों से लगभग 350 खिलाड़ीयों ने हिस्सा लिया। जानकारी साझा करते हुए दरभंगा जिला मुख्य कराटे प्रशिक्षक सह सचिव मुकेश मिश्रा ने बताया की प्रतियोगिता में दरभंगा जिला के कराटे खिलाड़ीयों ने तीन स्वर्ण, तीन रजत एवं तीन कांस्य पदक प्राप्त किए है । स्वर्ण पदक विजेता में जीत राज, जिया राज एवं असफंद आहमर, रजत पदक विजेताओं में आकृती झा, यामी आनंद एवं कुमारी दीक्षा व कांस्य पदक विजेताओं में कशिश राज, जान्वी सिन्हा एवं आराध्या सम्मलित हैं। कराटे एसोसिएशन ऑफ दरभंगा के अध्यक्ष राजीव रंजन एवं मुख्य सलाहाकार डॉ निर्भयशंकर भारद्वाज, जय कुमार झा, नन्दकिशोर यादव, अभिषेक गुप्ता एवं सुनिल कुमार यादव ने सभी विजेताओं को बधाई एवं अपनी शुभकामनाएँ दी है।

## अपना बूथ सबसे मजबूत : मंत्री हरि सहनी

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। बहादुरपुर प्रखंड के उघरा स्थित मिथिला पब्लिक स्कूल में भाजपा बहादुरपुर पूर्वी मंडल के कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष सुशील सिंह की अध्यक्षता में आहूत हुई। बैठक को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के मंत्री हरि सहनी ने अपना बूथ सबसे मजबूत का नारा देकर कार्यकताओं को अपने-अपने मतदान केंद्र तक संगठन को मजबूत करने एवं केंद्र एवं बिहार सरकार की योजनाओं से आम लोगों को अवगत कराने की बात कही। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधान पार्षद डॉ अर्जुन सहनी ने कहा की निषाद समाज पूरी तरह से भारतीय जनता पार्टी के साथ खड़ी है। कुछ लोग बाहर से आकर निषाद समाज के लोगों को भरमाने का काम कर रहे हैं। किसी भी अफवाह पर हम कार्यकर्ता को ध्यान देने की कोई जरूरत नहीं है। बहादुरपुर पूर्वी मंडल के प्रभारी मुकुंद चौधरी ने कहा की प्रदेश के निर्देश पर बूथ सशक्तिकरण का कार्य सभी कार्यकर्ता तय समय के अंदर ही पूरा करें। सभी कार्यकताओं को अपना-अपना बूथ कैसे मजबूत हो, सिर्फ इसी बात की चिंता करनी है। दरभंगा जिला कार्यसमिति द्वारा पशु वध अधिनियम एवं कार्यकर्ता दरबार संबंधी पारित प्रस्ताव को मंडल कार्यसमिति ने भी मंजूरी दी।बैठक का संचालन मंडल महामंत्री नीरज पासवान जबकि धन्यवाद ज्ञापन छेदी दास ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष प्रो आदित्य नारायण चौधरी मन्ना, जिला महामंत्री संतोष पोद्दार, जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी, मंडल महामंत्री विकास कुमार देव,बहादुरपुर दक्षिणी मंडल अध्यक्ष संजय ठाकुर, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता, जिला सोशल मीडिया संयोजक गुलशन चौधरी,मंडल सोशल मीडिया संयोजक मृत्युंजय झा,मीरा देवी, कृष्णा देवी,मीना प्रसाद, संतोष पासवान, तेज नारायण पासवान,प्रदीप साह,अरुण सिंह जी, मदन ठाकुर,ताराकांत ठाकुर,इंद्रकांत ठाकुर,विमल झा,अमरनाथ झा,शिवशंकर झा राजा,उज्जवल झा, आशुतोष झा,सतीश सिंह,सुरेंद्र सिंह जी ब्रह्मदेव ठाकुर,सुरेंद्र ठाकुर,विकाश चौधरी,प्रदीप साह जी,रंजन राय, सिकंदर मुखिया सहित सभी मंडल पदाधिकारी, पंचायत अध्यक्ष एवं कार्यसमिति के सदस्य उपस्थित थे।

## पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने किया वट सावित्री व्रत पूजन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिला मुख्यालय से सटे रहिका प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को वट सावित्री का पर्व धूमधाम से मनाया गया।सुहागिन महिलाओं ने सोमवार को सावित्री वट व्रत की। सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए व्रत रखती है। इस दौरान बरगद के पेड़ की पूजा विधि विधान पूर्वक किया।सुबह से बरगद के पेड़ के पास महिलाएं की भीड़ उमड़ी पड़ी। कपिलेस्वर,सौराठ सभा गाछी सहित आदि जगहों पर महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर पत्ति के दीघार्यु की कामना की।शहर व ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं ने व्रत रख भगवान विष्णु की विधि विधान से पूजा-अर्चना की और उनसे सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद मांगा।महिलाएं सुबह से ही सज सवर कर घर में पकवान बनाने के बाद वट वृक्ष के नीचे पहुंची पूजा-अर्चना शुरू की।अक्षत रोली से तिलक करने के बाद महिलाओं ने पंचामृत से भगवान विष्णु का पूजन वंदन किया। वट वृक्ष में धागा लपेटते हुए महिलाओं ने अखंड सौभाग्य की कामना कर व्रत रखा। पूजन-अर्चना कर महिलाओं ने पति की दीघार्यु के साथ ही परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा अर्चना के बाद महिलाओं ने पंडित जी से वट सावित्री की कथा सुनी। सुबह से ही वट वृक्ष के नीचे महिलाओं की भीड़ लगने लगी थी। महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर विधि विधान से पूजन वंदन किया।यह पर्व हर साल ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को आता है। इस दिन वट सावित्री व्रत के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग का भी निर्माण हो रहा है। इसलिए इस दिन का महत्व और बढ़ रहा है। मान्यता है कि इस योग में किए गए कार्य पूर्ण होते हैं।इस पूजा को करने के लिए विशेष विधि-विधान है, जिसका पालन सख्ती से किया जाता है। वट सावित्री के पूजन सामग्री में बांस का पंखा,लाल कलावा, सुहाग का समान, मूर्तियां,धूप, दीप,घी,कच्चा सूत,चना,बरगद का फल,जल से भरा कलश आदि सामग्री उपयोग किया गया।

## पति की लंबी आयु के लिए सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई ई०अलीगंज :प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सुहागिन महिलाओं ने अपनी सुहाग की दीघार्यु एवं उनकी मंगल कामना के लिए सोमवार ज्येष्ठ मास की अमावस्या (26 मई) को सुहगिन महिलाएं व्रत सावित्री का व्रत धारण पति की दीघार्यु व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के साथ वट वृक्ष की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। अलीगंज सहित प्रखंड क्षेत्र के महिलाओ ने बट व्रत पूजा विधि के साथ वट सावित्री की पूजा करने के लिए वैवाहित महिलाएं सुबह उठकर स्नान कर लाल या पीले रंग के वस्त्र पहनें।फिर श्रृंगार करके सज धज कर तैयार होकर।भोग प्रसाद के लिए सात्विक भोजन बना लें साथ ही सभी पूजन सामग्री को एक स्थान पर एकत्रित कर थाली सजा लें।गांव के वट वृक्ष की जड़ में जल अर्पित करने के बाद पुष्प, अक्षत, फूल, भीगा चना, गुड़ व मिठाई चढ़ाएं।फिर पेड़ के चारों ओर 7 बार परिक्रमा किया और उसके चारों ओर सफेद कच्चा सूत बांधी।वट सावित्री कथा का पाठ करें। अंत में आरती से पूजा का समापन करें।भगवान का आशीर्वाद लें और पति की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना करें। बड़े-बुजुर्ग से भी आशीर्वाद लिए, वट वृक्ष की परिक्रमा से दीघार्यु होती है। रंजीत पांडे,आलोक मिश्रा,दीपक पाण्डेय ,बॉबी मिश्रा ने बताया की इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीघार्यु और सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं। इस त्योहार को लेकर ये मान्यता है कि इस व्रत को रखने से परिवार के लोगों को सौभाग्य का आशीर्वाद मिलता है और वैवाहिक जीवन में खुशियां आती है। बहुत से लोग ये भी मानते हैं कि इस व्रत का महत्व करवा चौथ के व्रत जितना होता है। इस दिन व्रत रखकर सुहागिनें वट वृक्ष की पूजा लंबी आयु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य देने के साथ ही हर तरह के कलह और संतापों का नाश होती है।

## संक्षिप्त खबरें

### राइजिंग वर्ल्ड स्कूल का उद्घाटन जिला पदाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने किया

बरियारपुर (मुंगेर)। राइजिंग वर्ल्ड स्कूल के उद्घाटन मुंगेर के जिलाधिकारी अविनीश कुमार सिंह के करकमलों द्वारा किया गया।इस अवसर पर उन्होंने कहा बरियारपुर अंचल के भौगोलिक स्थिति पर दो पंचायत गंगा नदी के पार दियारा जो खगड़िया जिला के सन्निकट रहते हुए भी बरियारपुर अंचल के गाइड में पड़ती है।जिससे हमारे हाथ बंध जाती है।उसी अंचल के मध्य ब्रह्मस्थान गांव में व्यवस्थीत एक विद्यालय जो प्रथम वर्ग से पंचम वर्ग के लिए संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों, बच्चों, के साथ साथ शिक्षा प्रेमियों से आग्रह है कि आप अपने बच्चों के बीच संस्कार ग्रहण करने के लिए इस विद्यालय को अवसर प्रदान करने का अवसर दे यह विद्यालय आपके द्वारा संचालित किया जा रहा है।इस विद्यालय के प्राचार्य सुजाता सिह के आदेश पर चलकर आपके बच्चे संस्कार प्राप्त कर सकते है।यह विद्यालय को आप एक अवसर प्रदान करते है तो अवस्य आपके बच्चों के संस्कार बन सकते है।

# रेल संघर्ष समिति ने उपवास कर जताया विरोध मुरलीगंज स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की मांग हुई तेज

## 19 सूत्री मांगों को लेकर लगातार दूसरे दिन भी चला आंदोलन, स्टेशन अधीक्षक को सौंपा गया मांग पत्र

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा जिले के मुरलीगंज रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को लेकर रेल संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने रविवार को उपवास कर विरोध प्रदर्शन किया। यह उपवास आंदोलन समिति की 19 सूत्री मांगों के समर्थन में किया गया, जो लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। आंदोलन में राजनीतिक दलों के नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यवसायी और आम नागरिकों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। करीब 11 बजे से रेलवे स्टेशन परिसर में धरना शुरू हुआ, जिसमें संघर्ष समिति के सदस्य और अन्य लोग उपवास पर बैठे। दोपहर 2 बजे के आसपास स्टेशन अधीक्षक मौके पर पहुंचे और संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों से बातचीत कर उपवास समाप्त करवाया। इस दौरान समिति की ओर से एक 19 सूत्री मांग पत्र भी स्टेशन अधीक्षक को सौंपा गया। इस सामूहिक उपवास में संघर्ष समिति के संरक्षक दिनेश मिश्रा, सचिव विकास



आनंद, संयोजक विजय यादव, सह संयोजक श्याम आनंद समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे। धरना में राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मनोज यादव, जनसुराज पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपनारायण जी, उपाध्यक्ष सह भावी प्रत्याशी मधेपुरा गजेंद्र कुमार यादव, चुनाव प्रभारी रंजीत कुमार, जन सुराज के नेता भावी प्रत्याशी बिहारीगंज आलोक कुमार, प्रकाश कुमार भगत, रवि कुमार रंजन, सुनील कुमार सहित कई अन्य नेता मौजूद रहे। राजद नेता मनोज यादव ने कहा, दो दिनों से शांतिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। यदि विभाग ने हमारी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया तो हम सामूहिक आत्मदाह जैसे कठोर कदम उठाने को बाध्य होंगे। विभाग को अब नींद से जागना होगा। धरना और उपवास को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने मौके पर सुरक्षा व्यवस्था के तहत रेलवे पुलिस पदाधिकारियों को तैनात किया था। हालांकि प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा। जनसुराज पार्टी मधेपुरा के मुख्य चुनाव प्रभारी रंजीत कुमार ने कहा अगर संघर्ष समिति की प्रमुख मांगे नहीं मांगी जाती है, तो हमलोग उनके साथ कदम से कदम मिलकर चलेंगे। संघर्ष समिति की मांगों में स्टेशन पर शौचालय, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, ट्रेन ठहराव, टिकट बुकिंग सुविधा, महिला प्रतीक्षालय, प्लेटफॉर्म शेड, सकुर्लेटिंग एरिया की मरम्मत जैसी यात्रियों से जुड़ी बुनियादी सुविधाएँ शामिल हैं। जनसुराज पार्टी के उपाध्यक्ष गजेंद्र कुमार ने कहा विभाग सोई हुई नींद में उससे जग कर मुरलीगंज स्टेशन पर यात्री सुविधा बढ़ाने की दिशा में जल्द कार्य शुरू करवाएं। सामूहिक उपवास में रेल संघर्ष समिति के संरक्षक दिनेश मिश्रा, सचिव विकास आनंद, संयोजक विजय यादव, सह संयोजक श्याम आनंद, मनोज यादव, प्रशांत यादव, उदय चौधरी, सूरज जायसवाल, सुजीत कुमार शास्त्री, रवि भगत, दिलीप यादव, राहुल यादव, उमेश यादव, मो. अफरोज अहमद, पवन यादव सम्मिलित रहे।

# लखीसराय के निवर्तमान एसडीओ चंदन कुमार को दी गई विदाई

## एसडीओ प्रभाकर कुमार ने संभाला कार्यभार



प्रात: किरण संवाददाता

लखीसराय !लखीसराय सदर अनुमंडल के निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार का स्थानांतरण के बाद नए अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में प्रभाकर कुमार ने आज कार्यभार संभाला ! नि वर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार ने नए अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर कुमार को बुके भेंट कर स्वागत किया !पदभार संभालने के बाद नए अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने कहा कि विधि- व्यवस्था के संधारण और आम जनमानस के कार्यों को पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन करूंगा! उन्होंने कहा कि जनता-जनार्दन के समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहूंगा !इस बीच नि वर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार का अनुमंडल कार्यालय के कर्मियों एवं समाजसेवियों ने फूल माला,बुके तथा अंगवस्त्र भेंट कर विदाई सह सम्मानित किया !वहीं नि वर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी(एसडीओ) चंदन कुमार ने कहा कि लखीसराय की जनता ने जो भरपूर सहयोग दिया यही वजह है उनके कार्यकाल में शांतिपूर्ण तरीके से लोकसभा चुनाव संपन्न कराए गए !उन्होंने कहा कि लखीसराय की धरती धार्मिक के आलावा पर्यटन के क्षेत्र में काफी अहम है !वे लखीसराय के लोगों से मिले सहयोग और प्यार को कभी नहीं भूलेंगे !

# भाकपा का आलमनगर अंचल सम्मेलन संपन्न, बिंदेश्वरी यादव अंचल मंत्री हुए निर्वाचित



प्रात: किरण संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का आलमनगर अंचल सम्मेलन माध्यमिक विद्यालय बजराहा में कई सांगठनिक एवं राजनीतिक निर्णयों के साथ संपन्न हुई।पार्टी के वरीय नेता कामरेड उमेश यादव की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए भाकपा के राज्य परिषद सदस्य शैलेंद्र कुमार ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अमेरिकी साम्राज्यवाद के सामने घुटना टेक चुकी है।उन्होंने कहलगांव आतंकी घटना के बाद भारत के सैन्य बल के द्वारा जो कार्रवाई की गई उससे भारत के सभी नागरिकों का सीना गर्भ से ऊंचा हो गया, परंतु अमेरिका के निर्देश पर शीघ्र हीं सीज फायर हो जाना अत्यंत ही चिंता की विषय है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी अपनी स्थापना की शताब्दी वर्ष बना रही है, हमें अपने गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए देश के सामने उत्पन्न चुनौतियां से मुकाबले के लिए तैयार होना चाहिए। आज देश संकट में है, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अत्याचार एवं आतंकवाद से देश की जनता त्रस्त है और डबल इंजन की सरकार जुमलेबाजी करने में मस्त है। भाकपा के जिला मंत्री विद्याधर मुखिया ने कहा कि आजादी के 77 वर्ष बाद भी देश में मजदूर और किसान कीड़े मकोड़े की जिंदगी जीने को विवश है। उन्होंने कहा केंद्र की सरकार किसानों की नहीं, कंपनियों की है। डबल इंजन की सरकार भूमिहीनों को वासगीत पर्चा, पचार्धारियों को जमीन पर कब्जा, किसानों को फसल का दाम, बाढ़ सुखाड़ का स्थाई निदान करने में पूरी तरह से विफल रही है। पार्टी के सहायक जिला मंत्री मुकुंद प्रसाद यादव ने कहा कि गरीबों की हितों लड़ाई, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी हीं लड़ी है और आगे लड़ सकती है। पार्टी के वरीय नेता सागर चौधरी ने इस इलाके में कम्युनिस्ट आंदोलन के इतिहास एवं गरीबों को हक और अधिकार दिलाने में पार्टी की भूमिका को विस्तार से रखा। सम्मेलन में अंचल मंत्री जगत नारायण शर्मा द्वारा प्रस्तुत राजनीतिक एवं सांगठनिक प्रतिवेदन पर बहस के बाद अगले सत्र के लिए 25 सदस्य अंचल परिषद का गठन किया गया। बहस के दौरान पार्टी के नेता मनोज राम, अजीत शर्मा, उपेंद्र चौधरी, विद्यानंद चौधरी, सुभाष गुप्ता, वकील पासवान, मुन्ना साह, सुनील मंडल, ओंकार मंडल आदि ने अपना विचार प्रकट किया। तत्पश्चात सर्वसम्मत से अगले सत्र के लिए कामरेड बिंदेश्वरी यादव भाकपा के आलमनगर अंचल के अंचल मंत्री निर्वाचित हुए।

# सोमवार को मूसलाधार बारिश से किसानों की चिंता बढ़ी, तैयार फसल हुआ प्रभावित



प्रात: किरण संवाददाता

नयानगर (मधेपुरा) उदाकिशुनगंज प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत खाडा पंचायत में सोमवार को हुई तेज बारिश से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई है, एक तरफ जहां किसान तेज धूप में फसल की कटाई कर तैयारी में जुटी थी। वही अचानक तेज बारिश के वजह से लगभग 200 एकर की तैयार फसल को बारिश अपने चपेट में ले लिया। जिससे किसानों की मुश्किलें बढ़ गई है। एक तो अप्रैल माह में आई तेज आंधी बारिश से मक्का की फसल गिर गई थी। और अब तेज बारिश के वजह से मक्का की फसलें बारिश के पानी में अंकुरण होना शुरू हो गया है। जिससे किसानों की मेहनत और उम्मीदें बर्बाद हो गई हैं, जिससे उन्हें बड़ा नुकसान हुआ है। कुछ जगह बारिश के कारण खेतों में पानी भर जाने से फसलों को निकालना मुश्किल हो गया है। वही खाड़ा के स्थानीय किसान राजेश रंजन उर्फ सोना ने बताया की लगभग कई किसानों का तैयार फसल सुख रहा था। किसान फसल को बेचता लेकिन अचानक तेज बारिश से जलजमाव जैसे समस्या उत्पन्न हो गई है, जिससे किसानों के फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। मध्यम वर्गीय किसानों का प्रमुख फसल मक्का ही है। जिसमे किसान मेहनत कर फसल को बेच कर अपने घर, परिवार, पढ़ाई, विवाह जैसे अनेक कार्य करते है ऐसे में मौसम किसानों के साथ क्रूर मजाक कर चिंता और मुश्किलें एक साथ बढ़ा दी है। मौके पर मौजूद किसान सुधीर पंडित, मंजय प्रसाद सिंह, फुलचन पंडित, शिव कुमार महतो, जयप्रकाश नोनिया, राकेश रंजन एवम दर्जनों किसानों ने नाराजगी जाहिर की।

# तीन दिवसीय खेल महोत्सव का हुआ समापन

प्रात: किरण संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा) प्रखंड के खुरहान मध्य विद्यालय मैदान परिसर में आयोजित तीन दिवसीय खेल महोत्सव के दौरान समापन समारोह के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ऑल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट चैयरमेन एम एस बिट्टा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमने वह दौर भी देखा है जब देश के जवान बॉर्डर पर जाते थे तो उनके बेटा पत्नी मां-बाप यह कहता था कि मेरा मेरा बेटा मेरा पापा मेरा भाई मेरा पति आएगा लेकिन वह खून से लतपथ तिरंगा में लपेटकर आते थे लेकिन आज सीमा पर गोली नहीं चलती है अगर वह एक गोली दागते हैं हम हजार गोली दागते हैं। हम पाकिस्तान को साफ तौर पर कहना चाहते हैं कि आज भारत के जवानों को खुली छूट है कि जब-जब तुम्हारी गोली चलेगी तब तक हम तुम्हारे घर में घुसकर एक गोली का जवाब हजारों गली में देने का काम करेंगे। उन्होंने बताया कि आप कभी भी अपने आप को कमजोर नहीं समझे। शहीद ए आजम भगत सिंह एक स्टूडेंट थे 23 साल की उम्र में उन्हें फांसी की सजा हुई शहीद ए आजम भगत से जब पार्लियामेंट में बम फेंकते हैं फेंकने के बाद कहते हैं इंकलाब जिंदाबाद वह बम फेंकने के बाद पार्लियामेंट से भागते नहीं हिंदुस्तान के युवाओं को जगाने के लिए वह पार्लियामेंट में डटे रहते हैं जब उन्हें लाहौर जेल ले जाया जाता है तो उनके साथी कहते हैं भगत सिंह तुम्हारा शादी कब होगा तो उन्होंने कहा कि अगर इस गुलाम देश में हमारी शादी होगी तो हमारी शादी मौत से होगी और हमारा बाराती शहीद हुए उन तमाम साथी होंगे। उन्होंने कहा



कि हमें इजरायल के तरह एक सच्चा राष्ट्रभक्तीऔर देशभक्ति बनना होगा। उन्होंने बताया कि आज पहलगाम के घटना के बाद कई जासूस पकड़े गए जो पाकिस्तान को इनफॉरमेशन दिया करते थे दुश्मन का तो कोई दुख नहीं दुश्मन से तो हम निपट लेंगे लेकिन हमें घर के अंदर जो दुश्मन है उसे भी देखना है कहां-कहां छुपा है उन्होंने कहा कि कवि कहा करते थे आजादी के बाद कहानी है एक बात देश के पहरेदारों से संभल के रखना देश में छुपे गद्दारों से हमें इजरायल के तरफ तरह एक ऐसा भारतीय बना है जब-जब देश पर मुसीबत आए उसके लिए सामने आना है हमें डिफेंस में जाना है हमें फौजियों में जाना है जब-जब देश में जंग का माहौल हो हम दुश्मनों से निपटने के लिए आ गया हमें हमारे युवा भी तैयार रहे। वहीं उन्होंने कहा कि बिहार के लिए प्रेम और पूर्वांचल के लिए प्रेम सदा बना रहेगा कोरोना के समय बिहार के लिए ट्रेन पूर्वांचल के लिए ट्रेन स्पेशल चलाई गई कभी आपने सोचा कि सिर्फ बिहार और पूर्वांचल के लिए स्पेशल ट्रेन क्यों चलाई गई क्योंकि बिहार और पूर्वांचल के लोग ही देश के उद्योग देश के कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर सभी में अपना योगदान देते हैं और उनके करें मेहनत पसीना के बदौलत ही आज देश में विकास नजर आ रहा है। बिहार ईमानदार और कर्मठ होते हैं वे सदैव अपने कमाई के खाते। आज बिहार पूरे हिंदुस्तान में फैले हुए हैं वह अच्छे मेहनत कर पढ़ाई कर बड़े-बड़े चैनल के रिपोर्टर बनते हैं। जब उनसे पूछा जाता है कि आप कहां से हैं तो गर्व से कहते हैं बिहार से हैं। आज बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में चारों ओर विकास देखने को नजर आ रहा है। एक समय हुआ करता था जब यहां अपराध का बोलबाला था एक गांव से दूसरे गांव जाने के लिए सोचना पड़ता था। वहीं उन्होंने उपस्थित लोगों को पहलगाम में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि एवं देश के लिए अगर कभी ऐसी स्थिति आती है जब जंग की हो सकते हैं तो उसे समय देश के लिए एकजुट होकर राष्ट्र भक्ति एवं देशभक्ति का जुनून टाइम रखना और देश के लिए सर्वोच्च निछावर करने का शपथ दिलाया। वहीं बिहार विधानसभा उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने बताया कि आप खेल के माध्यम से भी अपने क्षेत्र प्रदेश गांव का नाम रोशन कर सकते हैं आज सरकार प्रत्येक प्रखंड में पंचायत में खेल के लिए खेल के मैदान के साथ-साथ मेडल लाइन नौकरी पे सहित कई योजनाएं चल रही है साथ ही खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने एवं आगे बढ़ाने के लिए ट्रेनिंग की व्यवस्था की जा रही है।

# हथियार के साथ युवक गिरफ्तार, 9 एमएम कार्बाइन और गोली बरामद



प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा बनगांव थाना अध्यक्ष को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल (नं. बी आर 19बी 4659) से झोले में हथियार लेकर नारियार नहर की ओर से होते हुए रेहुआ मनी की दिशा में जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने सादे लिवास में नहर के पास घेराबंदी कर दी। कुछ समय बाद एक संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल से पहुंचा और नहर पर अपनी बाइक मोड़ने लगा। पुलिस को उस पर शक हुआ और उसे रोकने की कोशिश की गई, लेकिन उसने भागने का प्रयास किया। भागते समय पुलिस ने उसे दबोच लिया और तलाशी के दौरान उसके पास से एक 9 एम एम कार्बाइन और जिंदा गोली बरामद की गई। गिरफ्तार युवक की पहचान कुंदन कुमार, पिता रंजिश यादव, निवासी बेल्हा टोला, कहरा, सहरसा के रूप में हुई है। पुलिस अब उससे पूछताछ कर रही है और मामले की गहन जांच की जा रही है।

# पति की लंबी आयु के लिए बट सावित्री पूजा के अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने कि बट वृक्ष की पूजा

प्रात: किरण संवाददाता

लखीसराय !लखीसराय जिले के विभिन्न स्थानों पर सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री व्रत के अवसर पर बट वृक्ष कि पूजा अर्चना किया।इस संबंध में सुहागिन महिला आरती कुमारी ने बताया कि यह पूजा पति की लंबी आयु एवं स्वस्थ रहने के लिए की जाती है।उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी हम लोग बड़े हर्ष उल्लास के साथ इस पर्व को मानते हैं।सर्वप्रथम बट वृक्ष के नीचे हम लोग बट वृक्ष का पूजन करते हैं उसके बाद परिक्रमा लगाते हैं



और ईश्वर से पति की लंबी आयु की कामना करते हैं।इस संबंध में आचार्य हर्ष पाण्डे ने बताया कि बट सावित्री पर सुहागिन महिला प्रतिवर्ष ज्येष्ठ मास के अमावस्या तिथि कृष्ण पक्ष को मनाया जाता है। इस पर्व में सुहागिन महिला वट वृक्ष के नीचे श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना करती है और ईश्वर से पति की लंबी आयु एवं स्वस्थ रहने की कामना करती है।बताते चलें की बट सावित्री व्रत को लेकर पूजा अर्चना के लिए लखीसराय जिले के विभिन्न इलाकों में बड़ी संख्या में महिलाओं की भीड़ देखी गई !सदियों से यह परंपरा रही है कि सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए बट सावित्री व्रत रखती हैं !

# हल्की बारिश से सड़क पर जल जमाव आवागमन में बढ़ी परेशानी

प्रात: किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) प्रखंड मुख्यालय में सोमवार की सुबह हुई बारिश से जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो गई है। जहां एक ओर रुक रुककर बारिश के बाद लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली लेकिन गर्मी से राहत मिलने के साथ ही दूसरी समस्या से शहर वासी परेशान है। यूं तो प्रखंड क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछा है लेकिन कई सड़के पुरानी और जर्जर हो चुकी है। सड़क से गिट्टी निकल जाने के बाद सड़क पर छोटे-बड़े गड्ढे बन चुके हैं इस कारण बारिश होते ही इन गड्ढे में जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। दूसरी तरफ सड़कों पर धूल मिट्टी और छोटे-छोटे गिट्टी के टुकड़े रहने से बारिश में सड़क पर कीचड़ पसर जाता है। इसके बाद पैदल चलने वाले राहगीर व दो पहिए वाहन चालक को गिरकर चोटिल होने का खतरा बना रहता है। अधिकांश सड़कों के किनारे नाला निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं है साथ ही निर्माण हुए नाले का आउटलेट सही नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़क पर कई दिनों तक जमा रहा जाता है। कई नाले में पानी सही ढंग से निकासी नहीं होने के कारण उल्टे नाले का पानी सड़क पर पसर जाता है जिनके बाद उन सड़कों पर आवागमन करने वाले राहगीरों को गंदे बदबू का सामना करना पड़ता है। मालूम हो कि एसएच 58 के दोनों साइड बने रोड की स्थिति सबसे अधिक दयनीय हो जाती है। इस पर शहरी भाग दौड़ का सबसे ज्यादा दबाव रहता है। इस सड़क पर लोगों के साथ दिनभर आला अधिकारी का आवागमन होते रहता है परंतु फिर भी किसी भी अधिकारी का इस ओर ध्यान नहीं जाता है। इस संबंध में किसी अधिकारी से पूछा जाए तो झूठा आश्वासन दे अपना पल्ला झाड़ लेते हैं।

# नियोजन मेला में 1088 प्रतिभागियों ने लिया भाग

मुंगेर। श्रम संसाधन विभाग, बिहार अंतर्गत जिला नियोजनालय मुंगेर द्वारा सोमवार को बी एम पी 9 ग्राउंड जमालपुर में एक दिवसीय नियोजन मेला का आयोजन किया गया। मुंगेर सदर विधायक प्रणव कुमार यादव एवं उप निदेशक नियोजन भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर के नियोजन मेला का शुभारंभ किया गया। उक्त नियोजन मेला में निजी और सार्वजनिक उपक्रम की 21 नियोजकों ने भाग लिया। इसके साथ ही 5 विभागीय स्टाल के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। नियोजन मेला में टेक्निकल, इंश्योरेंस, फाइनेंस, सेल्स, सिक्योरिटी आदि सेक्टर की कंपनियों ने भाग लिया। साथ ही डी आर सी सी, जिला उद्योग, आर सेटी, बिहार कौशल विकास मिशन और श्रम विभाग के स्टाल के माध्यम से मेला में उपस्थित प्रतिभागियों को विभिन्न योजनाओं के बारे जागरूक किया। नियोजन मेला में कुल 1088 लोगों ने भाग लिया जिसमें विभिन्न नियोजक द्वारा कुल 311 लोगो को प्रारंभिक चयन किया गया।


# बड़ी ही धूम धाम से मनाया गया वट सावित्री पूजा, पति के स्वास्थ्य और लंबी उम्र के लिए महिलाएं ने की वट सावित्री पूजा



प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा धार्मिक मान्यता अनुसार सावित्री के पति सत्यवान की अल्पआयु में ही मृत्यु हो गई। जिसके बाद सावित्री ने वट वृक्ष के नीचे अपने पुण्य धर्म से यमराज को प्रसन्न करके अपने मृत पति के जीवन को वापस लौटाया था। यही कारण है कि सावित्री व्रत के दिन महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करती हैं। विवाहित महिलाओं के बीच अत्यधिक प्रचलित ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या के दिन हुई पूजा। भद्र देश के एक राजा थे, जिनका नाम अश्वपति था। भद्र देश के राजा अश्वपति के कोई संतान न थी। उन्होंने संतान की प्राप्ति के लिए मंत्रोच्चारण के साथ प्रतिदिन एक लाख आहुतियाँ दीं। अठारह वर्षों तक यह क्रम जारी रहा। इसके बाद सावित्रीदेवी ने प्रकट होकर वर दिया किः राजन तुझे एक तेजस्वी कन्या पैदा होगी। सावित्रीदेवी की कृपा से जन्म लेने के कारण से कन्या का नाम सावित्री रखा गया। कन्या बड़ी होकर बेहद रूपवान हुई। योग्य वर न मिलने की वजह से सावित्री के पिता दुःखी थे। उन्होंने कन्या को स्वयं वर तलाशने भेजा। सावित्री तपोवन में भटकने लगी। वहाँ साल्व देश के राजा द्युमत्सेन रहते थे, क्योंकि उनका राज्य किसी ने छीन लिया था। उनके पुत्र सत्यवान को देखकर सावित्री ने पति के रूप में उनका वरण किया। ऋषिराज नारद को जब यह बात पता चली तो वह राजा अश्वपति के पास पहुंचे और कहा कि हे राजन, यह क्या कर रहे हैं आप? सत्यवान गुणवान हैं, धर्मात्मा हैं और बलवान भी हैं, पर उसकी आयु बहुत छोटी है, वह अल्पायु हैं। एक वर्ष के बाद ही उसकी मृत्यु हो जाएगी। ऋषिराज नारद की बात सुनकर राजा अश्वपति घोर चिंता में डूब गए।

## महिलाओं ने उपवास रख पति की लम्बी उम्र की कामना, 16 श्रृंगार कर मांगा अखंड सौभाग्य का वरदान



पुरैनी (मधेपुरा) प्रखंड क्षेत्र में वटसावित्री पर्व को लेकर सवेरे से ही महिलाओं में उत्सवी माहौल देखा गया। सुहागिन महिलाएं नए वस्त्र, लहठी, सिंदूर धारण कर माथे पर कलश व हाथ में डोली लेकर सखी सहेलियों के साथ गीत गाती हुई वटवृक्ष के तले जा कर पूजा अर्चना की तथा सत्यवान व सावित्री की अमर कथा का श्रवण किया। हिंदू धर्म के महत्वपूर्ण त्योहार वट सावित्री का पर्व प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। वही सुबह से ही शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बरगद के पेड़ों के पास सुहागिन महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लाल-पीली साड़ियों में सजी महिलाओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंचोपचार विधि से वट वृक्ष का पूजन किया। उन्होंने वट वृक्ष में कच्चा सूत बांधा और 12 बार परिक्रमा की एवं उसके उपरांत महिलाओं ने वट वृक्ष को अक्षत, पुष्प, चंदन, ऋतुफल, पान, सुपारी, वस्त्र, धूप-दीप आदि से पूजा कर पंखा भी झला। पूजन के बाद सभी ने सदा-सुहागिन रहने की मनौती मांगी। पौराणिक कथा के अनुसार, सती सावित्री ने इसी व्रत को करके अपने मृत पति को यमराज से वापस पाया था। तब से यह परंपरा पृथ्वी लोक पर चली आ रही है। सुहागिन महिलाएं इस दिन व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु और सुहाग की रक्षा की कामना करती हैं। वहीं पंडित संजन झा ने बताया कि वट सावित्री का व्रत एवं इसकी पूजा व परिक्रमा करने से सुहागिनों को अखंड सुहाग, पति की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य, वंश वृद्धि सहित दांपत्य जीवन में सुख-शांति तथा वैवाहिक जीवन में आने वाले कष्ट दूर होते हैं। साथ ही इस पूजा के बाद भक्तिपूर्वक सत्यवान-सावित्री की कथा सुनना और वाचन करना चाहिए। इससे परिवार पर आने वाली अदृश्य बाधाएं दूर होती हैं तथा घर में सुख-समृद्धि का वास होता है।

## मौसम रहा खराब, फिर भी श्रद्धा में नहीं रही कोई कमी, मिथिलांचल में आस्था और परंपरा के साथ मनाया गया सावित्री व्रत



सहरसा सावित्री व्रत के अवसर पर मिथिलांचल की भूमि एक बार फिर आस्था और परंपरा की मिसाल बन गई। तेज धूप और अचानक बिगड़े मौसम के बावजूद, सुहागिनों ने श्रद्धा और विश्वास के साथ यह पावन व्रत किया। यह व्रत हर वर्ष ज्येष्ठ मास की अमावस्या को मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन सावित्री ने अपने तप और संकल्प से यमराज से अपने पति सत्यवान को पुनर्जीवन दिलाया था। तभी से यह व्रत पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए महिलाओं द्वारा रखा जाता है। सुबह से ही व्रती महिलाएं पारंपरिक परिधान में सज-धज कर तैयार हुईं। इन्होंने पूरे दिन निर्जला व्रत रखा और बट (बरगद) वृक्ष के नीचे जाकर सामूहिक रूप से पूजन-अर्चन किया। पूजा स्थल पर महिलाओं ने सुगंधित फूलों, धूप, दीप और मिठाइयों के साथ पूजा की थाल सजाई। बट वृक्ष के चारों ओर कच्चा सूत (धागा) लपेटकर परिक्रमा की और कथा श्रवण किया। इसके बाद महिलाओं ने अपने-अपने पतियों का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया। कुछ स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा है, बल्कि यह वैवाहिक जीवन में निष्ठा, प्रेम और समर्पण का प्रतीक भी है। समाज में इसे एक आदर्श और प्रेरणा के रूप में देखा जाता है।

# सीईटी परीक्षा के निमित्त विधि व्यवस्था संधारण हेतु प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ किया ब्रिफिंग

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा जिला मुख्यालय स्थित कला भवन मधेपुरा में दिनांक -28-05-2025 को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक आयोजित होने वाले बिहार बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा सी ई टी 2025 के निमित्त विधि व्यवस्था संधारण हेतु प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को ब्रिफिंग किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता मधेपुरा अरूण कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी मधेपुरा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मधेपुरा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी के साथ-साथ प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि बिहार बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा सी ई टी 2025 हेतु जिले में 13(तेरह) परीक्षा केंद्र यथा-दार्जिलिंग पब्लिक स्कूल मधेपुरा, पीबी वर्ल्ड स्कूल, मधेपुरा, मधेपुरा इंटर कॉलेज मधेपुरा, मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा, माया विद्या निकेतन मधेपुरा, टीपी कॉलेज मधेपुरा, कॉमर्स कॉलेज मधेपुरा, विमेंस कॉलेज मधेपुरा, इवनिंग कॉलेज मधेपुरा, सीएम साइंस कॉलेज मधेपुरा, किरण पब्लिक स्कूल मधेपुरा एवं होली क्रॉस मधेपुरा में बनाया गया है। उक्त परीक्षा के अवसर पर संभावित आकस्मिक विधि-व्यवस्था कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन को नियंत्रित करने के उद्देश्य से समाहरणालय, मधेपुरा स्थित जिला नियंत्रण कक्ष में अधिष्ठापित दूरभाष संख्या-06476-222220 पर परीक्षा नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है


सम्पादकीय

## 211 साल बाद चागोस की हुई वापसी

जितेन्द्र कुमार सिन्हा

चागोस द्वीपसमूह की कहानी महज समुद्री सीमा या सैन्य अड्डे की नहीं है, यह उस ऐतिहासिक अन्याय की मिसाल है, जिसमें साम्राज्यवादी ताकतों ने स्वदेशी लोगों को उनकी ही जमीन से बेदखल कर दिया था। वर्ष 2025 में, जब ब्रिटेन ने चागोस द्वीप की संप्रभुता आधिकारिक रूप से मॉरीशस को सौंपी, तो यह न सिर्फ एक ऐतिहासिक न्याय था, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में एक नई रणनीतिक संतुलन की शुरूआत भी थी। चागोस द्वीपसमूह हिंद महासागर के मध्य में, मॉरीशस से करीब 2,200 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है। इसमें लगभग 60 छोटे-बड़े द्वीप शामिल हैं। इनमें डिएगो गार्सिया सबसे प्रमुख और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण द्वीप है। डिएगो गार्सिया द्वीप मालदीव और सेशेल्स के बीच स्थित है, जो इसे एक प्रमुख नौसैनिक और वायु सैन्य अड्डा बनाता है। अमेरिका और ब्रिटेन दोनों ने इस द्वीप का इस्तेमाल मध्य-पूर्व और एशिया में सैन्य अभियानों के लिए किया है। 1715 में फ्रांसीसी उपनिवेशवादियों ने मॉरीशस और चागोस पर कब्जा किया था। 1814 में नेपोलियन की हार के बाद यह क्षेत्र ब्रिटिश साम्राज्य का हिस्सा बना था। 1965 में मॉरीशस की स्वतंत्रता से पहले ही ब्रिटेन ने चागोस को उससे अलग कर दिया था और इसे इ१३२ँ क्ल्ल्लि ड्रींल्ल ळी११३ङ्ग१८ (इक्ङळ) में शामिल कर लिया था। 1965 से 1973 के बीच, ब्रिटेन ने यहां रह रहे लगभग 2,000 मूल निवासियों को जबरन उनके द्वीपों से निकाल दिया था। इन लोगों के पूर्वजों को फ्रांसीसी और पुर्तगाली उपनिवेशवादियों ने गुलाम बनाकर मेडागास्कर और मोजाम्बिक से लाया था। चागोस के मूल निवासी नारियल के बागानों में काम करते थे और उनकी जीवनशैली पूरी तरह द्वीप की संस्कृति पर आधारित था। उन्हें जबरन मॉरीशस, सेशेल्स और कुछ को ब्रिटेन में पुनर्वासित किया गया था। ब्रिटेन ने डिएगो गार्सिया को 1966 में अमेरिका को 50 वर्षों के लिए लीज पर दे दिया। इस सौदे के तहत अमेरिका को पोलारिस मिसाइल प्रणाली की बिक्री पर 14 मिलियन डॉलर की छूट मिली। 1971 में अमेरिका ने यहां एक विशाल सैन्य अड्डा विकसित किया। इस आधार से अमेरिका ने ईरान, अफगानिस्तान और इराक में बड़े सैन्य अभियान चलाया। यह अड्डा अब भी सक्रिय है, जहां करीब 2,500 कर्मचारी कार्यरत हैं। 22 मई 2025 को ब्रिटेन ने चागोस की संप्रभुता मॉरीशस को सौंप दी, लेकिन डिएगो गार्सिया को 99 साल के लिए लीज पर लिया। इसके बदले ब्रिटेन मॉरीशस को हर वर्ष लगभग 136 मिलियन डॉलर का भुगतान करेगा। 2019 में, इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस ने अपने सलाहकार मत में कहा कि ब्रिटेन को चागोस द्वीपसमूह मॉरीशस को वापस सौंप देना चाहिए। यह निर्णय मॉरीशस की कूटनीतिक और कानूनी जीत थी। यूएन महासभा में भारत समेत 116 देशों ने मॉरीशस के पक्ष में वोट किया, जबकि सिर्फ 6 देशों ने ब्रिटेन का समर्थन किया। इस फैसले ने ब्रिटेन की नैतिक और राजनीतिक स्थिति को झटका दिया। भारत ने शुरू से मॉरीशस के दावे का समर्थन किया है। 2019 में इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस (क्ळख) के फैसले के बाद भारत ने मॉरीशस के पक्ष में वोट देकर एक स्पष्ट संकेत दिया है कि वह औपनिवेशिक शोषण के खिलाफ खड़ा है। भारत और मॉरीशस के बीच रक्षा, समुद्री निगरानी, तटरक्षक सहयोग और आर्थिक निवेश के क्षेत्रों में संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। यह भारत के ह्यसागरह्व (ीू४१३८ ल्लाि ऋ्र७ङ्ग६ ३ँ ाङ्ग१ अ'',ल्ल ३ी र्फ्रीङ्गल्ल) नीति का हिस्सा है। हिंद महासागर में चीन की बढ़ती सैन्य और आर्थिक मौजूदगी को देखते हुए, चागोस का मॉरीशस को लौटना भारत के लिए रणनीतिक लाभकारी है। चागोस के निर्वासित मूल निवासियों की कई पीढ़ियाँ अब मॉरीशस, सेशेल्स और ब्रिटेन में रह रही हैं। वे लगातार अपने पूर्वजों की भूमि पर लौटने की मांग कर रहे हैं। हालांकि ब्रिटेन ने संप्रभुता तो सौंप दी, लेकिन नागरिकों की वापसी की प्रक्रिया अभी स्पष्ट नहीं है। 21वीं सदी में भी यह मानवाधिकार मुद्दा वैश्विक चर्चा का केंद्र बना हुआ है। जबरन निर्वासन ने चागोसी संस्कृति, भाषा और जीवनशैली को लगभग नष्ट कर दिया है। चागोसी समुदाय आज भी अपनी पहचान को बचाने के लिए संघर्षरत है।

## तार्किकता - नीरज वर्मा



भोले हृदय छले जाते हैं इस संसार में।
यहाँ हर कदम पर मायाजाल है,
हर चेहरे के पीछे एक सवाल है।

भावनाओं की धारा में मत बहिए,
हर मुस्कान सच्ची नहीं होती,
हर आँसू का मतलब प्यार नहीं,
हर वादा निभाया नहीं जाता।
कभी-कभी जो अपना लगता है,
वही दिल को ठेस पहुँचाता है।
जो शब्द मधुर लगते हैं कानों को,
वही भीतर से विष घोल जाते हैं।

मन और मस्तिष्क का संतुलन बनाए रखिए,
श्रद्धा और अंधविश्वास में फर्क समझिए,
हर कहानी का दूसरा पहलू भी देखिए।
दुनिया चतुर है, चालाक भी,
यहाँ हर किसी की नीयत साफ नहीं।
झूठ को सच की चादर ओढ़ाकर,
लोग अपने स्वार्थ सिद्ध करते हैं।

निर्णय लेते समय धैर्य से सोचिए,
सिर्फ.दिल से नहीं, दिमाग से परखिए।
भावनाओं में बहकर निर्णय लिया जो,
उसका मूल्य चुकाना पड़ सकता है जोरों।
हर शब्द पर आँख मूँदकर विश्वास न करें,
हर हाथ को हाथ मिलाने से पहले परखें।
क्योंकि जो दिखता है, वो सच नहीं होता,
जो सच होता है, वो दिखता नहीं हर बार।

समझदारी ही असली शक्ति है,
अंधभक्ति और भ्रम से दूरी रखिए।
नकली गुरुओं के मायाजाल से बचिए,
तर्क से परखिए, ज्ञान की राह पकड़िए।
विज्ञान और विवेक को साथ रखिए,
चमत्कारों के पीछे न भागिए।
सत्य वही है, जो प्रमाणित हो,
हर जादू बस एक छलावा है।

सत्य के दीप को जलाए रखिए,
हर राह को आँखें खोलकर देखिए।
संघर्षों से घबराएँ नहीं कभी,
हर अनुभव सिखाने आता है सभी।
भरोसा करें, मगर विवेक से,
प्रेम करें, मगर स्वाभिमान से।
न्याय के लिए खड़े हों, साहस के साथ,
अधिकारों को पहचानें, संकोच के बिना।

भोलेपन की अपनी सुंदरता है,
पर इसकी कीमत भारी पड़ सकती है।
दुनिया सरल नहीं, इसे समझिए,
तार्किक बनिए, खुद को मजबूत करिए।
हो सके तो थोड़ा तार्किक रहिए,
जीवन की राह में यही सही होगा!

# किशोरों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति गंभीर चुनौती

**चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम एवं क्रूर हत्या की हृदयविदारक घटना न केवल उद्वेलित एवं भयभीत करने वाली है बल्कि चिन्ताजनक है। चौदह-पंद्रह साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली डरावनी एवं खौफनाक घटना है, जो किशोरों में पनप रहे हिंसक बर्ताव एवं हिंसक मानसिकता का घिनौना एवं घातक रूप है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। जाहिर है दसवीं-ग्यारहवीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को भी दशार्ती है। ऐसी कई अन्य घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली।**





ललित गर्ग
(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार)

भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नये भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम एवं क्रूर हत्या की हृदयविदारक घटना न केवल उद्वेलित एवं भयभीत करने वाली है बल्कि चिन्ताजनक है। चौदह-पंद्रह साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली डरावनी एवं खौफनाक घटना है, जो किशोरों में पनप रहे हिंसक बर्ताव एवं हिंसक मानसिकता का घिनौना एवं घातक रूप है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। जाहिर है दसवीं-ग्यारहवीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को भी दशार्ती है। ऐसी कई अन्य घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। अमेरिका की तर्ज पर भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है। जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे। निश्चय ही ऐसे छेड़खानी के कथित आरोप को नैतिक दृष्टि से अनुचित ही कहा जाएगा, लेकिन उसका बदला हत्या कदापि नहीं हो सकती। यह दुखद है कि एक मृतक किशोर अरमान पांच बहनों का अकेला भाई था। घटना से उपजी त्रासदी से अरमान के परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है। उनके लिये जीवनभर न भुलाया जा सकने वाला दुख एवं संत्रास पैदा हुआ है। बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है? पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर सिनेमा तक उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मनःस्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा?बहरहाल, इस हृदयविदारक एवं त्रासद घटना ने नयी बन रही समाज एवं परिवार व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े किये हैं। सवाल नये बन रहे समाज की नैतिकता एवं चरित्र से भी जुड़े हैं। निश्चित ही किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक एवं खौफनाक ही है। लेकिन सवाल ये है कि चौदह-पंद्रह साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में ये सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारे अभिभावक बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रहे हैं ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें? क्यों लड़कियों से छेड़छाड़ की अश्लील एवं कामूक घटनाएं बढ़ रही है। क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा का वह पक्ष उपेक्षित हो चला है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकता है? क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है कि उन्होंने क्यों सोच लिया कि छेड़खानी का बदला हिंसा एवं क्रूरता से गला काटना हो सकता है? धनौरी की घटना के पूरे मामले की पुलिस अपने तरीके से जांच करेगी, लेकिन किशोर अवस्था में ऐसी घटना को अंजाम देने के पीछे बच्चे की मानसिकता का पता लगाना भी ज्यादा जरूरी है। दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज एवं विशेषतः किशोर पीढ़ी में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है। इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है। अब तक हिन्दी सिनेमा से समाज के किशोरवय और युवाओं में गलत संदेश गया कि निजी जीवन में छेड़खानी ही प्रेम कहानी में तब्दील हो सकती है। हमारे टीवी धारावाहिकों की संवेदनहीनता ने गुमराह किया है। बॉक्स आफिस की सफलता और टीआरपी के खेल ने मनोरंजक कार्यक्रमों में ऐसी नकारात्मकता एवं हिंसक प्रवृत्ति भर दी कि किशोरों में हिंसक एवं अराजक सोच पैदा हुई। इंटरनेट के विस्तार और सोशल मीडिया के प्रसार से स्वच्छंद यौन व्यवहार का ऐसा अराजक एवं अनियंत्रित रूप सामने आया कि जिसने किशोरों व युवकों को पथभ्रष्ट एवं दिग्भ्रमित करना शुरू कर दिया। आज संकट ये है कि हर किशोर के हाथ में आया मोबाइल उसे समय से पहले वयस्क बना रहा है। जिस पर न परिवार का नियंत्रण है और न ही शिक्षकों का। ह्यमन जो चाहे वही करोह्व की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वछन्द हो जाते हैं। अर्थप्रधान दुनिया में माता-पिता के पास बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं बच पा रहा। आज किशोरों एवं युवाओं को प्रभावित करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व नये-नये एप पश्चिमी अपसंस्कृति से संचालित हैं। इन पर अश्लीलता और यौन-विकृतियों वाले कार्यक्रमों का बोलबाला है। ऐसे कार्यक्रमों की बाढ़ हैं जिनमें हमारे पारिवारिक व सामाजिक रिश्तों में स्वच्छंद यौन व्यवहार को हकीकत बनाने का खेल चल रहा है। पारिवारिक एवं सामाजिक उदासीनता एवं संवादहीनता से ऐसे बच्चों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे बच्चों में मान-मयार्दा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं एवं यौनाचार ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। भारतीय बच्चों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है। वे मानसिक तौर पर बीमार बन रहे हैं, वे आत्मघाती-हिंसक बन रहे हैं और अपने पास उपलब्ध खतरनाक एवं घातक हथियारों का इस्तेमाल कर हत्याकांड कर बैठते हैं।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के दाहोद में 24,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण किया

**उन्होंने गुजरात के लोगों के अटूट समर्थन और आशीर्वाद को स्वीकार किया, जिन्होंने उन्हें देश का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस विश्वास और प्रोत्साहन ने दिन-रात देश की सेवा के लिए उनके समर्पण को बढ़ावा दिया है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने ऐसे अभूतपूर्व और अकल्पनीय निर्णय लिए हैं, जो दशकों पुरानी बाधाओं से मुक्त हैं और हर क्षेत्र में आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा, आज देश निराशा और अंधकार के युग से निकलकर आत्मविश्वास और आशावाद के नए युग में प्रवेश कर चुका है। श्री मोदी ने कहा,140 करोड़ भारतीय एक विकसित भारत के निर्माण में एकजुट हैं।ह्व उन्होंने भारत के भीतर आवश्यक वस्तुओं के विनिर्माण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता समय की मांग है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और घरेलू उत्पादन और निर्यात दोनों में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत अब स्मार्टफोन, ऑटोमोबाइल, खिलौने, रक्षा उपकरण और दवाओं सहित कई तरह के उत्पादों का निर्यात कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत न केवल रेल और मेट्रो तकनीक का विनिर्माण कर रहा है, बल्कि इसे वैश्विक स्तर पर निर्यात भी कर रहा है। इस प्रगति का एक प्रमुख उदाहरण दाहोद, जहां हजारों करोड़ रुपये की प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ किया गया, को बताते हुए श्री मोदी ने दाहोद इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव फैक्ट्री को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में रेखांकित किया।**



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात के दाहोद में 24,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 26 मई का दिन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इसी दिन उन्होंने 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने गुजरात के लोगों के अटूट समर्थन और आशीर्वाद को स्वीकार किया, जिन्होंने उन्हें देश का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस विश्वास और प्रोत्साहन ने दिन-रात देश की सेवा के लिए उनके समर्पण को बढ़ावा दिया है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने ऐसे अभूतपूर्व और अकल्पनीय निर्णय लिए हैं, जो दशकों पुरानी बाधाओं से मुक्त हैं और हर क्षेत्र में आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा, आज देश निराशा और अंधकार के युग से निकलकर आत्मविश्वास और आशावाद के नए युग में प्रवेश कर चुका है। श्री मोदी ने कहा,140 करोड़ भारतीय एक विकसित भारत के निर्माण में एकजुट हैं।ह्व उन्होंने भारत के भीतर आवश्यक वस्तुओं के विनिर्माण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता समय की मांग है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और घरेलू उत्पादन और निर्यात दोनों में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत अब स्मार्टफोन, ऑटोमोबाइल, खिलौने, रक्षा उपकरण और दवाओं सहित कई तरह के उत्पादों का निर्यात कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत न केवल रेल और मेट्रो तकनीक का विनिर्माण कर रहा है, बल्कि इसे वैश्विक स्तर पर निर्यात भी कर रहा है। इस प्रगति का एक प्रमुख उदाहरण दाहोद, जहां हजारों करोड़ रुपये की प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ किया गया, को बताते हुए श्री मोदी ने दाहोद इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव फैक्ट्री को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने तीन वर्ष पूर्व इसकी आधारशिला रखने को याद किया और गर्वपूर्वक कहा कि अब पहला इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव सफलतापूर्वक विनिर्मित किया गया है। उन्होंने लोकोमोटिव को झंडी दिखाकर रवाना किया, जो गुजरात और पूरे देश के लिए गौरव का क्षण था। इसके अतिरिक्त, उन्होंने घोषणा की कि गुजरात ने अपने रेलवे नेटवर्क का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल कर लिया है। उन्होंने इसे एक उल्लेखनीय उपलब्धि बताया और इसके लिए गुजरात के लोगों को बधाई दी। दाहोद के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे संबंधों और इस क्षेत्र से जुड़ी कई यादों का स्मरण करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे दशकों से दाहोद आते रहे हैं और अपने शुरूआती वर्षों में वे अक्सर साइकिल से इस क्षेत्र का भ्रमण करते थे। उन्होंने रेखांकित किया कि इन अनुभवों से उन्हें दाहोद की चुनौतियों और संभावनाओं दोनों को समझने का अवसर प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद भी वे कई बार इस क्षेत्र का दौरा करते रहे और इसके मुद्दों को हल करने के लिए निर्णायक कदम उठाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दाहोद में हर विकास पहल से उन्हें अपार संतुष्टि मिलती है और आज का दिन उनके लिए एक और सार्थक दिन है। पिछले 10-11 वर्षों में भारत के रेलवे क्षेत्र के त्वरित विकास को रेखांकित करते हुए, श्री मोदी ने मेट्रो सेवाओं के विस्तार और सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों की शुरूआत पर जोर दिया, जिससे पूरे देश में कनेक्टिविटी रूपांतरित हो रही है। उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेनें अब लगभग 70 रूटों पर चल रही हैं, जो भारत के परिवहन नेटवर्क को और सुदृढ़ बनाती हैं। उन्होंने अहमदाबाद और वेरावल के बीच एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत की घोषणा की। श्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत में आधुनिक ट्रेनों का उदय देश की प्रौद्योगिकी में प्रगति की वजह से है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोच और इंजन अब घरेलू स्तर पर विनिर्मित होते हैं, जिससे आयात पर निर्भरता कम होती है। श्री मोदी ने कहा, ह्लभारत रेलवे उपकरणों के एक प्रमुख निर्यातक के रूप में उभरा है।ह्व उन्होंने कहा कि भारत ऑस्ट्रेलिया को मेट्रो कोच और इंग्लैंड, सऊदी अरब और फ्रांस को ट्रेन कोच निर्यात करता है। उन्होंने कहा कि मैक्सिको, स्पेन, जर्मनी और इटली भी भारत से रेलवे से संबंधित कंपोनेंट आयात करते हैं। श्री मोदी ने यह भी कहा कि भारतीय यात्री कोच मोजाम्बिक और श्रीलंका में उपयोग में लाए जा रहे हैं और ह्यमेड इन इंडियाह्व इंजनों को कई देशों में निर्यात किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह ह्यमेक इन इंडियाह्व पहल के निरंतर विस्तार को दशार्ता है तथा राष्ट्रीय गौरव को मजबूत करता है। प्रधानमंत्री ने कहा, ह्लएक मजबूत रेलवे नेटवर्क सुविधाएं बढ़ाता है और उद्योगों तथा कृषि को बढ़ावा देता है।ह्व उन्होंने रेखांकित किया कि भारत के कई क्षेत्रों में पिछले दशक में पहली बार रेलवे कनेक्टिविटी मिली है। उन्होंने कहा कि गुजरात के कई क्षेत्रों में पहले केवल छोटी, धीमी गति वाली ट्रेनें थीं, लेकिन अब कई नैरो-गेज मार्गों का विस्तार किया गया है। दाहोद और वलसाड के बीच नई एक्सप्रेस ट्रेन सहित कई रेलवे मार्गों के उद्घाटन, जिससे जनजातीय क्षेत्र को बहुत लाभ होगा, की घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कारखाने युवाओं के लिए व्यापक स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा करते हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि दाहोद की रेल फैक्ट्री 9,000 हॉर्स पावर के इंजनों का विनिर्माण करेगी, जिससे भारत की रेलगाड़ियों की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि दाहोद में बनने वाले हर इंजन पर शहर का नाम अंकित होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में सैकड़ों इंजन बनाए जाएंगे, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए पर्याप्त रोजगार पैदा होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह

# बिहार में नया सियासी मोड़ - जन सुराज की हुई आशा
## आरसीपी सिंह के नेतृत्व में संगठन को मिलेगी नई दिशा

बिहार की राजनीति हमेशा से ही बदलाव और प्रयोग का केन्द्र रहा है। जातीय समीकरणों, विकास की चुनौतियों और सामाजिक परिवर्तन के बीच समय-समय पर नई राजनीतिक धाराएं जन्म लेती रही हैं। इसी क्रम में हाल ही में एक अहम घटनाक्रम ने राजनीतिक गलियारों में चर्चा को हवा दे दी है। आसा (आप सबकी आवाज) पार्टी का जन सुराज पार्टी में विलय। इस विलय से पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह (आर.सी.पी. सिंह) ने 17 मई 2025 को अपनी पार्टी को प्रशांत किशोर की अगुवाई वाली जन सुराज पार्टी में शामिल कर दिया। इस ऐतिहासिक कदम की घोषणा के बाद आसा पार्टी के उपाध्यक्ष, प्रवक्ता और कलमजीवी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. प्रभात चंद्रा ने एक विशेष वार्ता में इस राजनीतिक बदलाव की गहराई से जानकारी दी। आर.सी.पी. सिंह का नाम बिहार की राजनीति में किसी परिचय का मोहताज नहीं है। एक पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के तौर पर प्रशासनिक दक्षता से लेकर नीतीश कुमार के करीबी और केन्द्रीय इस्पात मंत्री जैसे अहम पदों को सुशोभित करने वाले आर.सी.पी. सिंह ने अपनी नई राजनीतिक राह खुद चुनी है। जदयू से अलग होकर उन्होंने ह्यआसा पार्टीह्व की स्थापना की, जिसकी बुनियाद जन मुद्दों, सुशासन और सर्वसमावेशी विकास पर टिकी थी। लेकिन बिहार की राजनीतिक जमीन में एकल प्रयासों की सफलता अक्सर सीमित रही है। यही कारण रहा है कि आर.सी.पी. सिंह ने रणनीतिक दृष्टि से प्रशांत किशोर की पार्टी से हाथ मिलाया, जिसमें संगठन की ताकत, जमीनी पकड़ और भविष्य का विजन पहले से मौजूद है। 17 मई 2025 को जब आसा पार्टी का जन सुराज में विलय हुआ, तो यह न सिर्फ दोनों दलों के लिए, बल्कि बिहार के राजनीतिक परिदृश्य के लिए भी एक बड़ा मोड़ साबित हुआ। डॉ. प्रभात चंद्रा, जो आसा पार्टी के उपाध्यक्ष और प्रमुख प्रवक्ता रहे हैं, ने इस अवसर पर कहा कि ह्लप्रशांत किशोर ने स्पष्ट रूप से यह कहा है कि आर.सी.पी. सिंह का दायित्व है जन सुराज पार्टी के संगठन को मजबूत करना।ह्व इस कथन में दो बातें स्पष्ट होती हैं। पहली यह कि जन सुराज पार्टी में आर.सी.पी. सिंह को सम्मानजनक भूमिका दी गई है और दूसरा संगठन को सुदृढ़ करने के लिए उनके अनुभव का उपयोग किया जाएगा। डॉ. चंद्रा ने आगे यह भी बताया कि आसा पार्टी के पदाधिकारियों को जन सुराज पार्टी में और भी अधिक सम्मानजनक पद दिए जाएंगे, जिससे उनके आत्मसम्मान और कार्यक्षमता दोनों को बढ़ावा मिलेगा। इस राजनीतिक घटनाक्रम में डॉ. प्रभात चंद्रा की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। कलमजीवी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष होने के साथ-साथ उन्होंने आसा पार्टी में बौद्धिक नेतृत्व की भूमिका निभाई है। उनके शब्दों में, ह्लजन सुराज पार्टी ही बिहार में एक ऐसा विकल्प है, जो प्रदेश के विकास, रोजगार और सुशासन के मुद्दों पर ईमानदारी से काम कर सकता है। डॉ. चंद्रा ने यह भी स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य सिर्फ राजनीतिक सत्ता नहीं, बल्कि नीतिगत परिवर्तन है, जिससे आमजन की जिन्दगी में वास्तविक बदलाव लाया जा सके। जन सुराज पार्टी की नींव एक राजनीतिक पार्टी से अधिक एक सामाजिक आंदोलन की तरह रखी गई थी। प्रशांत किशोर, जो एक रणनीतिकार के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हो चुके हैं, उन्होंने बिहार में ह्यपदयात्राह्व के माध्यम से पार्टी की जमीनी पकड़ बनाने की पहल की थी उनकी रणनीति में राजनीति का पारंपरिक ढांचा नहीं, बल्कि जन भागीदारी, स्थानीय नेतृत्व, और मुद्दों पर आधारित राजनीति है। ऐसे में आर.सी.पी. सिंह जैसे अनुभवी नेता का पार्टी में आना पार्टी की रणनीतिक गहराई को और मजबूत करता है। जन सुराज पार्टी अभी भी संगठनात्मक दृष्टि से विस्तृत नहीं हुई है। लेकिन जिलों से लेकर प्रखंड स्तर तक मजबूत संगठन तैयार करना, योग्य कार्यकताओं को चिन्हित करना, प्रशिक्षण देना और उन्हें चुनावी तैयारी के लिए तैयार करना एक कठिन कार्य है। ऐसे में आर.सी.पी. सिंह को इस नए दायित्व के तहत जमीनी स्तर पर सक्रिय इकाइयों का गठन, युवा नेतृत्व को प्राथमिकता, समुदाय आधारित भागीदारी, टेक्नोलॉजी और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग और राजनीतिक शुचिता और पारदर्शिता जैसे बिंदुओं पर ध्यान देना होगा। आर.सी.पी. सिंह के लिए यह चुनौती इसलिए भी अहम है क्योंकि बिहार में पहले से मौजूद बड़े दलों के मुकाबले जन सुराज को एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में स्थापित करना है। कई बार छोटे दलों का बड़े दलों में विलय होने पर पुराने कार्यकताओं की अनदेखी हो जाती है। लेकिन डॉ. प्रभात चंद्रा ने यह साफ कर दिया है कि आसा पार्टी के सभी पदाधिकारियों को उनके योगदान और योग्यता के अनुसार जन सुराज पार्टी में सम्मानजनक स्थान मिलेगा। यह घोषणा न सिर्फ पुराने कार्यकताओं के मनोबल को बनाए रखेगी, बल्कि नए कार्यकताओं को भी प्रेरित करेगी कि संगठन के साथ उनका भविष्य सुरक्षित है। डॉ. चंद्रा के अनुसार, जन सुराज पार्टी ही बिहार की राजनीतिक और विकासात्मक दिशा को सही दिशा में ले जाने में सक्षम है। उनकी दृष्टि में यह पार्टी जाति आधारित राजनीति से ऊपर उठकर, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मूलभूत मुद्दों पर ध्यान देगी, और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की नई अवधारणा को स्थापित करना चाहती है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, मंगलवार, 27 मई, 2025



# अंचल अमीन एवं पंचायत सचिव अब राजस्व कर्मचारी का भी करेंगे कार्य

**बेसिक नॉलेज सहित ऑनलाइन म्यूटेशन, परिमार्जन, ई-मापी, डिपार्टमेंट वेबसाईट, लॉगिन, डिजिटल सिग्नेचर, ऑनलाइन भू-लगान, ऑनलाइन जमाबंदी, परिमार्जन प्लस, भू-मानचित्र, ऑनलाइन रिपोर्टिंग, ऑनलाइन एलपीसी, एसएमएस अलर्ट सर्विस, डोर स्टेप डिलेवरी ऑफ रेवेन्यू मैप्स, भू-नक्शा, भू-अखिलेख पोर्टल आदि की दी गयी विस्तृत जानकारी**

- राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार सरकार ने राजस्व कार्यों के निष्पादन के लिए नई व्यवस्था की
- जिले के अंचल अमीन एवं पंचायत सचिवों को विभाग द्वारा दिया गया ऑनलाइन प्रशिक्षण

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। अब अंचल अमीन एवं पंचायत सचिव राजस्व कर्मचारी का कार्य करेंगे। राज्य के अंचलों में राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल में रहने के कारण राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार ने ये नई व्यवस्था की है। इस हेतु आज जिले के अंचल अमीन एवं पंचायत सचिवों को विभाग द्वारा ऑनलाइन ट्रेनिंग समाहरणालय सभागार में दी गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय, अपर समाहर्ता, राजस्व राजीव कुमार सिंह उप विकास आयुक्त, सुमित कुमार अनुमंडल पदाधिकारी बेतिया सदर विनोद कुमार सहित राजस्व विभाग से जुड़े हुए अन्य अधिकारी उपस्थित थे। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी लोग सरकारी कार्यों का निष्पादन अच्छे तरीके से करते आ रहे हैं। राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा नई व्यवस्था के तहत अंचल अमीन एवं पंचायत सचिव को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आपके उपर अब एक नई जिम्मेवारी आ गयी है। प्रशिक्षण एवं दक्ष ट्रेनरों द्वारा बताया जा रही बातों को अच्छे से ग्रहण करें ताकि राजस्व संबंधी मामलों के निष्पादन में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। ऑनलाइन प्रशिक्षण में अंचल अमीनों एवं पंचायत सचिवों को ऑनलाइन म्यूटेशन, परिमार्जन, ई-मापी आदि आवेदनों को कैसे निष्पादित करना है, बताया गया। इसके साथ ही सभी को राजस्व संबंधी कार्यों की बेसिक जानकारी देते हुए, डिपार्टमेंट वेबसाईट, लॉगिन, डिजिटल सिग्नेचर, ऑनलाइन भू-लगान, ऑनलाइन जमाबंदी, परिमार्जन प्लस, भू-मानचित्र, ऑनलाइन रिपोर्टिंग, ऑनलाइन एलपीसी, एसएमएस अलर्ट सर्विस, डोर स्टेप डिलेवरी ऑफ रेवेन्यू मैप्स, भू-नक्शा, भू-अखिलेख पोर्टल आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

# भारत आतंकवाद को बख्शेगा नहीं: सांसद रूडी की दोहा में दो टूक

- सांसद रूडी ने कतर में रखा भारत का रुख, कहा-आतंकी और उन्हें पालने वाले एक समान
- सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में बहुदलीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल की कतर यात्रा
- सांसद राजीव प्रताप रूडी की प्रमुख भागीदारी

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। सांसद राजीव प्रताप रूडी बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ कतर की आधिकारिक यात्रा पर हैं, जिसका नेतृत्व सांसद सुप्रिया सुले कर रही हैं। दोहा पहुँचने पर भारतीय राजदूत विपुल द्वारा प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर दूतावास परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भारत की शांति और सहिष्णुता की परंपरा को सम्मानित किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने कतर की शूरा परिषद की उपाध्यक्ष महामहिम डॉ. हमदा अल सुलैती तथा अन्य कतरी सांसदों से संवाद किया। चर्चा के दौरान 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के संदर्भ में भारत की चिंता और दृढ़ रुख से अवगत कराया गया। सांसद रूडी के साथ इस प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख प्रतिनिधि शामिल हैं जिसमें आप सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी, कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी, भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर, टीडीपी सांसद लवु श्री कृष्ण देवरायालु, कांग्रेस सांसद आनंद शर्मा, वी मुरलीधरन और सैयद अकबरुद्दीन है। इस अवसर पर सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह परमाणु धमकियों से नहीं डरता। यदि भारत पर कोई आतंकी हमला हुआ, तो हम उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। भारत आतंकवाद और आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले देशों में कोई भेद नहीं करता। कतर ने भी अपनी आतंकवाद विरोधी शून्य सहिष्णुता नीति को दोहराते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद की एकजुट निंदा की आवश्यकता पर बल दिया। दोहा प्रस्थान से पूर्व दिल्ली एयरपोर्ट पर श्री रूडी ने कहा कि भारत आज भी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से संघर्ष कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने आतंकियों को करारा जवाब दिया है। यह प्रतिनिधिमंडल स्पष्ट संदेश लेकर जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्य पश्चिमी और त्रिहुत नहर के स्लोप कई जगहों पर क्षतिग्रस्त

बगहा। वाल्मीकिनगर स्थित गंडक बराज से निकलने वाली मुख्य पश्चिमी और मुख्य त्रिहुत नहर के स्लोप कई जगहों पर क्षतिग्रस्त हो गए है। बतादें की मुख्य पश्चिमी नहर गंडक बराज जीरो आरडी से लेकर इंडो नेपाल सीमा झुलनीपुर तक कई जगहों पर नहर के दोनों साइड के स्लोप क्षतिग्रस्त हो गए है।

यह नहर उत्तरप्रदेश के 6 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई करती है।वहीं गंडक बराज से निकलने वाली मुख्य ( पूर्वी ) त्रिहुत नहर जीरो आरडी के आसपास भी नहर के स्लोप क्षतिग्रस्त हो गए है। इस नहर से भी बिहार के 6 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई की जाती है। जानकारी के लिए बतादूँ की गंडक बराज से निकलने वाली दोनों नहरों मुख्य पश्चिमी और मुख्य त्रिहुत नहर और उनसे निकलने वाली नहर शाखाओं व पोईन के माध्यम से बिहार और उत्तरप्रदेश के लगभग 12 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई की जाती है। बहरहाल नहरों से पटवन की सेवा किसानों को मिलती रहे इसके लिए नहरों के रखरखाव व मरम्मती कार्य समय समय विभाग द्वारा किया जाते रहना चाहिए।

### भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक में बढ़ाया गया कार्यकताओं का मनोबल

दिघवारा।भाजपा नगर मंडल कार्यसमिति की बैठक नगर अध्यक्ष दीपक गुप्ता की अध्यक्षता में दिघवारा राईपट्टी स्थित नगर मंडल के उपाध्यक्ष सी एन मेहता जी के आवास पर संपन्न हुई। मंडल कार्यसमिति की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सोनपुर के पूर्व विधायक सह अध्यक्ष प्रदेश अनुशासन समिति विनय कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता विनोद सम्राट, हेम नारायण सिंह,उपेन्द्र सिंह,डॉ पंकज कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष डॉ विकास गुप्ता,जिला मंत्री राजीव सिंह, आदि मौजूद थे। मंडल कार्यसमिति बैठक का विधिवत शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर श्रद्धा पुष्प अर्पित करने के उपरांत हुई। पूर्व विधायक विनय सिंह ने बैठक में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जमीन पर पहुंचाने के लिए हर जगह समान विचारधारा के लोगों की सक्रियता प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से आवश्यक है उन्होंने कहा कि भाजपा जनसंघ के काल से ही काफी मजबूत है जिसका सारा श्रेय यहां के देवतुल्य कार्यकताओं की ही बदौलत है। भाजपा नेता विनोद सम्राट ने कहा कि भाजपा देश में राष्ट्रहित में कार्य कर रही है।

उनकी मेहनत और गरिमा को बनाए रखने के लिए हमे अपनी सक्रियता बनाए रखना होगा। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्ममानववाद दर्शन की चर्चा करते हुए कहा कि इसमें सम्पूर्ण विश्व की समस्या का समाधान है। विधानसभा प्रभारी राजीव सिंह ने कार्यकताओं को संगठन की मजबूती एवं संरचना पर जोर दिया।धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री अरविंद कुमार सिंह ने किया. इस अवसर पर मोहन शंकर प्रसाद,कमलेश कुमार दुबे,अतुल मिश्रा,जय प्रकाश मिश्रा,सुब्रत मिश्रा,गणेश राम,अजीत पासवान,रमेश एकलव्य,पूनम सिन्हा,संगीता देवी,इंदु देवी, सहित नगर मंडल के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वट सावित्री पूजा के अवसर पर महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा की और व्रत रखे



प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। सोमवार को महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा की और पूरी श्रद्धा से ब्रत रखे। इस पूजा के माध्यम से महिलाएं पति की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए मन्नतें मांगती है। बतादें की वट सावित्री पूजा एक महत्वपूर्ण हिन्दू त्यौहार है जो सावित्री सत्यवान कथा से प्रेरित है। महिलाएं सुबह स्नान कर पूजा थाली में फूल,हल्दी,कुमकुम आदि लेकर वट वृक्ष के चारो ओर सात बार परिक्रमा कर पवित्र धागे से वृक्ष को बांधती है और पति एवम सुखी जीवन के लिए प्रार्थना करती है। बगहा के आसपास के गांव,शहर,नौरंगिया, चंपापुर, टंकी बाजार,ई टाइप कॉलोनी,ऊपरी शिविर,जी टाइप कॉलोनी आदि जगहों के वट वृक्ष के आसपास महिलाएं इकठ्ठी होकर पूजा अर्चना की और मन्नते मांगी।

# एमएमडीपी किट के उपयोग से मिलता है फाइलेरिया मरीजों को राहत

- फाइलेरिया मरीज दिनेश वर्मा हाथी पाँव मरीजों को बताते है किट उपयोग करने के तरीके

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। फाइलेरिया (हाथी पाँव) की बीमारी एक बार होने के बाद जीवन में कभी ठीक नहीं होता है, लेकिन दवा सेवन और व्यायाम के माध्यम से इसे गंभीर होने से रोका जा सकता है। साथ ही समाज के लोगों को भी सुरक्षित किया जा सकता है। ये कहना है वार्ड नंबर 06, शास्त्री नगर मुहल्ले बेतिया के निवासी 64 वर्षीय वोलेंटियर दिनेश चंद्र वर्मा का। दिनेश वर्मा पेशे से एलआईसी के वर्कर थें, उन्होंने बताया की बचपन से ही उन्हें दाहिने पैर में हाथी पाँव था परन्तु इसके बारे में जानकारी नहीं होने की वजह से इसे नियंत्रित नहीं कर सका और बीतते समय के साथ यह गंभीर हो गया। बाद में कई जगह ईलाज कराने पर भी यह ठीक नहीं हुआ। सरकारी अस्पताल आकर डॉ से मिल दवा और एमएमडीपी किट लिए, व्यायाम किए जिससे मुझे 90 प्रतिशत तक आराम मिला। अभी भी कभी कभी दिक्कते आती है परन्तु व्यायाम और क्रीम के उपयोग से बहुत आराम मिलता है। दिनेश वर्मा ने बताया की मैं नहीं चाहता ऐसा दिव्यांगता लाने वाला रोग, किसी के घर परिवार में हो इसलिए लोगों को भी बचने के लिए जागरूक करता हुँ। जब भी आशा और आँगनबाड़ी के लोग घर घर दवा खिलाने आते है तो अपने घर के लोगों के आलावा भी मोहल्ले के लोगों को सर्वजन दवा सेवन करने के साथ ही घर के आसपास साफ सफाई रखने एवं मच्छड़ काटने से बचने की बातें बताता हुँ। वहीं जब भी फाइलेरिया अस्पताल में डॉ व अधिकारी बुलाते है तो आता हुँ, आसपास के हाथी पाँव के मरीजों को किट, मलहम, दवाए दिलवाता हुँ, मरीजों को स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मिलकर इसके उपयोग के तौर तरीके भी सिखाते हैं इससे लोगों का भी भला होता है। सबसे खास बात यह है की अब सरकार एक चप्पल भी दे रहीं है जिससे हाथी पाँव के मरीजों को चलने में काफी आराम मिलता है। पिरामल के प्रखंड प्रतिनिधि श्यामसुन्दर कुमार ने बताया की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेतिया में कैंप लगाकर भीडीसीओ, वीबीडीएस,बीसीएम पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों के सहयोग से फाइलेरिया रोगियों को एमएमडीपी किट डिस्ट्रीब्यूशन किया जाता है ताकि फाइलेरिया/ हाथी पांव मरीजों को रुग्णता प्रबंधन में मदद मिल सके। फाइलेरिया रोगियों व्यायाम,दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी जाती है। फाइलेरिया के मच्छर गंदगी में पैदा होते है - इस रोग से बचने के लिए घर के आस-पास सफाई रखना जरूरी है। दूषित पानी में केरोसीन तेल छिड़क कर मच्छरों को पनपने से रोकें। उनके अनुसार सोने के समय मच्छरदानी का उपयोग करें।

# सांसद रूडी के प्रयास से सिताबदियारा से शुरू हुआ बस




प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी के प्रयास से जय प्रकाश नारायण के सिताबदियारा को बाहर राज्य परिवहन विभाग से नया बस दिया गया है जो सिताबदियारा से होकर रिविलगंज शहर , बैजुटोला, सेंगरटोला इनई ,छपरा होते हुए पटना गांधी मैदान तक जाएगी। पूर्व में जो बस सिताबदियारा से पटना चलती थी जो काफी जर्जर हो चुका था। बता दे कि सिताबदियारा के समाजसेवी भोला सिंह ने सांसद राजीव प्रताप रूडी को इन सभी बातों को ध्यान में दिलाया कि जो सिताबदियारा का बस परिवहन निगम दिया है चलने लायक नही है इस पर सांसद ने परिवहन विभाग के वरीय अधिकारियों से बात कर सिताबदियारा को नया बस दिलवाने के कार्य किया। इस अवसर पर रिविलगंज मण्डल अध्यक्ष सह प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि सांसद रूडी जी को बधाई क्योकि सिताबदियारा वैसे क्षेत्र है जिनको सीधे राजधानी से जोड़ना बहुत ही अच्छी बात हसि पहले भी जो बस सिताबदियारा से पटना चलता था वह सांसद रूडी का ही प्रयास से सिताबदियारा पटना के बस सेवा शुरू किया गया था। सारण जिला का रिविलगंज प्रखण्ड को 2 पंचायत जो सरयुग नदी पार उत्तर प्रदेश के सटे जय प्रकाश जी के धरती सिताबदियारा एवं प्रभुनाथ नगर है जहा से राजधानी जाने के लिये कठिन था। सिताबदियारा के मुखिया मनोकामना सिंह एवं प्रभुनाथ नगर दक्षिणवारी चकी के मुखिया अजित सिंह ने अपने पंचायत के जनता के तरफ से सांसद रूडी जो बधाई दिया है।

# जिले के 07 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को मिला राज्यस्तरीय एनक्यूएएस प्रमाणीकरण

- अब नेशनल प्रमाणीकरण को लेकर हो रही तैयारी
- प्रमाणीकरण के लिए कम से कम 70 प्रतिशत अंक अनिवार्य होता है- डॉ आलोक कुमार

प्रात : किरण संवाददाता




बेतिया,पश्चिमी चम्पारण के 07 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) पर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराए जाने को लेकर राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत राज्यस्तरीय प्रमाणीकरण किया गया है। इसके चयन हेतु राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से गठित कमिटी के सदस्यों के द्वारा स्वास्थ्य संस्थान का आंतरिक मूल्यांकन किया गया था, जिसमें कुल 34 आयुष्मान आरोग्य मंदिर का मूल्यांकन हुआ। जिला स्वास्थ्य समिति के डीसीक्यूए डॉ आलोक कुमार ने बताया कि अभी अन्य 11 स्वास्थ्य संस्थान की रिपोर्ट आनी बाकी है। इसमें भी अधिकांश सफल होगा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत प्रमाणीकरण किया जा रहा है। इसमें स्वास्थ्यकर्मियों का बेहतर योगदान है। डॉ आलोक ने कहा कि राज्यस्तरीय प्रमाणीकरण के बाद अब जल्द ही नेशनल प्रमाणीकरण के लिए सक्षम पोर्टल के माध्यम से अप्लाई किया जाएगा। इसके बाद केंद्रीय टीम की ओर से असेसमेंट किए जाने के बाद निर्धारित स्कोर मिलने पर नेशनल सर्टिफिकेट मिलेगा। इसके बाद प्रतिवर्ष उन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर को सरकार द्वारा 1 लाख 26 हजार की राशि दी जाएगी जिसे एचडब्ल्यूसी के उन्नयन में खर्च किया जाएगा। इन आयुष्मान आरोग्य मंदिर का हुआ प्रमाणीकरणः डीही पकड़ी, मधुबनी, मड़ुआहा बिशुनपुरवा, भैंसहीरेता, नवगांवा एवं बसंतपुर एच डब्लू सी को एनक्यूएएस प्रमाणीकरण मिला है। विशेषज्ञों की टीम द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सेवाओं और संतुष्टि स्तर का विभिन्न मानकों पर मूल्यांकन किया जाता है। इनमें उपलब्ध सेवाएँ, मरीजों के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विसेस, क्लिनिकल सर्विसेस, इन्फेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन और आउटकम जैसे पैरामीटर शामिल हैं। प्रमाणीकरण के लिए कम से कम 70 प्रतिशत अंक अनिवार्य होता है। इन कड़े मानकों पर खरा उतरने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिर को ही गुणवत्ता प्रमाण-पत्र जारी किये जाते हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को राज्यस्तरीय एनक्यूएएस प्रमाणीकरण पर जिले के सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार, डीपीएम अमित अचल, डैम रणधीर कुमार, इंचार्ज डीपीसी अमित कुमार, डीसीएम राजेश कुमार, अनुश्रवण पदाधिकारी विनय कुमार ने बधाई दी।

# एकमा में ज्वेलरी शॉप में लूट व गोलीबारी, डीआईजी व एसएसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण



एकमा। एकमा थाना क्षेत्र के मीठा बाजार स्थित महावीर स्थान के पास सोमवार को दिनदहाड़े राज लक्ष्मी ज्वेलर्स में हथियारबंद अपराधियों ने लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। विरोध करने पर दुकानदार को गोली मार दी गई। घायल दुकानदार का इलाज एकमा के निजी अस्पताल में चल रहा है, जहां उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना पर डीआईजी सारण- निलेश कुमार, एसएसपी सारण डॉ कुमार आशीष व एसपी ग्रामीण- शिखर चौधरी आदि ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को जल्द से जल्द लूटा गया सामान बरामद करने व अपराधियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, पंकज वर्मा (35), पिता रविंद्र वर्मा, की राज लक्ष्मी ज्वेलर्स नामक दुकान पर दोपहर करीब 12:00 बजे तीन बाइक पर सवार छह हथियारबंद अपराधी पहुंचे। वे दुकान में घुसते ही लूटपाट करने लगे। विरोध करने पर अपराधियों ने दो राउंड फायरिंग की, जिसमें एक गोली दुकानदार के जांघ में लगी। घायल अवस्था में परिजनों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। दुकान से कुछ नकदी व आभूषण लूटे जाने की पुष्टि हुई है। घटना के बाद पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि अपराधियों की पहचान की जा रही है और शीघ्र ही पूरे मामले का खुलासा कर लिया जाएगा। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, हालांकि पुलिस ने कहा है कि विधि-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह सामान्य है।

## सभी पंचायतों में लगा आयुष्मान कार्ड बनाने का सेंटर



बगहा। बगहा अनुमंडल के सभी पंचायतों के पंचायत भवन में सोमवार को आयुष्मान कार्ड बनाने का सेंटर लगा जो अगले दो दिनों तक चलेगा।चंपापुर गोनौली,वाल्मीकिनगर सहित संतपुर सोहरिया पंचायत भवन में मुखिया के नेतृत्व में आयुष्मान कार्ड बनाने का सेंटर लगाया गया।बतादें की प्रधानमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत देश के असहाय नागरिकों को 5 लाख राशि तक के मुफ्त इलाज की सुविधा इस कार्ड धारकों को मिलेगा। संतपुर सोहरिया मुखिया प्रतिनिधि रमेश महतो ने बताया कि कार्यपालक सहायक सोनू कुमार,पंचायत सचिव पारस राउत,विकास मित्र सीमा कुमारी के सहयोग से आयुष्मान कार्ड सेंटर ग्रामीणों के कार्ड बनाए जा रहे हैं।

# हवाई अड्डे का किया जा रहा है सर्वे अन्य पर्यटन डिस्टिनेशन से जोड़ने की कवायद हुई तेज

प्रात : किरण संवाददाता




बगहा। पर्यटन नगरी वाल्मीकिनगर स्थित हवाई अड्डे को अन्य पर्यटन केंद्रों से जोड़ने की कवायद सरकार के द्वारा तेज कर दी गई है।ताकि वाल्मीकिनगर को हवाई मार्ग से जोड़ा जा सके,इसके लिए सरकार ने वाल्मीकिनगर स्थित हवाई अड्डे को अपग्रेड किया जा जा रहा है । सर्वे टीम लगातार हवाई अड्डे और इसके आसपास के जगहों का सर्वे कर रहा है ताकि बर्तमान हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानक के अनुरूप तैयार किया जा सके। बतादें की वाल्मीकिनगर एक प्राकृतिक स्थल के साथ साथ पौराणिक व धार्मिक स्थल भी है। रामायण सर्किट के अंतर्गत इसे भी जोड़ा जाएगा।साथ ही आसपास के अन्य पर्यटक स्थलों कुशीनगर,अयोध्या नगरी , केसरिया बोधस्तुप,वैशाली जैसे पर्यटन केंद्रों से सीधे जोड़ दिया जाएगा।इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर सर्वे टीम द्वारा सर्वे रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

## जीडी पब्लिक स्कूल में सफल छात्रों को किया गया सम्मानित



नगरा सारण। सीबीएसई दसवीं में उत्तीर्ण छात्रझछात्राओं को सोमवार को जीडी पब्लिक स्कूल औदालपट्टी में किया गया सम्मानित। जिसमें दसवीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों में निधि प्रिया, विशाल कुमार, लक्ष्मी सोनी, आफरीन, प्रिंस, पल्लवी और सोनल को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया, साथ ही सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफल छात्र गुरु प्रगति तिवारी एंव सारिक हुसैन को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनसुराज पार्टी के लोकप्रिय नेता अभय कुमार सिंह ने सभी उत्तीर्ण बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर डॉ० रामबाबू सिंह ने बच्चों की पढ़ाई पर रिविजन पर प्रकाश डाला। वही शंभू नेता ने बच्चों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निर्देशक बब्लू कुमार सिंह ने की। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रिसिंपल सरिता रानी ने किया। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षकों को उनके अच्छे कार्य के लिए अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# शिक्षकों एवं छात्रों के द्वारा स्वच्छता पर निकाली गई साइकिल रैली

प्रात : किरण संवाददाता




नगरा। प्रखंड के खैरा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर में राणा प्रताप मध्य विद्यालय रामपुर के शिक्षकों एवं छात्रों के द्वारा सोमवार को इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसके तहत शिक्षकों एवं छात्रों ने साइकिल रैली निकाली तथा कचरा प्रबंधन पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। साथ ही साथ इन्होंने हरे राम टोला नहर पर स्थित हनुमान मंदिर पर कचरा सफाई का अभियान भी चलाया गया जिसके तहत मंदिर के परिसर में फैली हुई गंदगी को शिक्षकों एवं छात्रों के साथ-साथ कुछ ग्रामीणों के सहयोग से हटाया गया। इसमें मुख्य रूप से स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार ओझा, शिक्षक सुनील कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, अर्जुन सिंह सहित अन्य ने भाग लिया।

## दिघवारा प्रखंड बीस सूत्री कार्यालय का पूर्व विधायक ने किया उद्घाटन

दिघवारा। प्रखंड कार्यालय में सोमवार को प्रखंड बीस सूत्री कार्यालय का उद्घाटन हुआ।बिहार भाजपा अनुशासन समिति के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक विनय सिंह था जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष बैजनाथ सिंह विकल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया।इस दौरान प्रखंड बीस सूत्री के अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह,उपाध्यक्ष नीतीश कुमार पटेल सहित पूरे क्रियान्वयन समिति के सदस्यों को मुख्य अतिथि ने सम्मानित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।इस दौरान सभा को संबोधित करते पूर्व विधायक विनय सिंह ने कहा की बीस सूत्री कमिटी के सभी सदस्यों का दायित्व बनता है की सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभार्थी तक कैसे पहुंचे उसकी निरंतर समीक्षा करें तथा प्रखंड के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर तालमेल के साथ सभी योजनाओं का क्रियान्वयन समय से हो इसका ख्याल रखें।मौके पर बीडीओ अमरनाथ, सीओ मिट्ठू प्रसाद,प्रमुख प्रतिनिधि दिलीप सिंह,मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह,मुखिया गुडेश्वर सिंह,ओमप्रकाश सिंह,राकेश सिंह,कौशल सिंह,सच्चिदानंद सिंह,संजय सिंह,वरुण सिंह,प्रमोद सिंह,बबलू सिंह,अश्वनी पांडेय,मोहन शंकर प्रसाद,दीपक गुप्ता,कल्याण तिवारी के साथ एनडीए गठबंधन के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सीएम अल्पसंख्यक इंटर प्रोत्साहन राशि की सूची अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने कराया उपलब्ध

छपरा। मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत 2025 में प्रथम श्रेणी से पास करने वाले केवल इंटर अल्पसंख्यक छात्राओं को 15000 की राशि उपलब्ध कराया जाएगा। बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा जिला में 1346 अल्पसंख्यक छात्राओं की सूची उपलब्ध करा दी गई है। इस आशय की जानकारी अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी रवि प्रकाश के हवाले से दी गई। बता दें कि इस बार सारण जिला में कुल 1346 अल्पसंख्यक छात्राएं ने प्रथम श्रेणी से पास की है। सरकार द्वारा यह योजना लंबे समय से अल्पसंख्यक छात्राओं के लिए चलाया जा रहा है, जिससे अल्पसंख्यक वर्ग की छात्राएं अपने आगे की तालीम जारी रख सके। इंटर 2025 में प्रथम श्रेणी से पास जिला के सभी अल्पसंख्यक छात्राएं अपने अपने संस्थान या जिला अल्पसंख्यक कार्यालय से संपर्क स्थापित कर आवश्यक डॉक्यूमेंट जमा करें। इस संबंध में जिला अल्पसंख्यक कार्यालय के नाजिर के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने वाले छात्राओं को सीडेड खाता होना आवश्यक है।

# भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने मां आरण्य देवी मंदिर में टेका मत्था

- मंदिर में माता-आरण्य देवी की विधिवत पूजा अर्चना कर मांगा आशीर्वाद
- मंदिर ट्रस्ट परिवार की ओर प्रदेश अध्यक्ष को चुनरी एवं माता का तस्वीर देकर किया गया सम्मानित



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने सोमवार को आरा की अधिष्ठात्री मां आरण्य देवी के दरबार में जाकर मत्था टेका और विधिवत पूजा-अर्चना की। मां आरण्य देवी मंदिर ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया मंदिर के पुजारी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष को पूजन करवाया गया। तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष दिलिप जयसवाल आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के कार्यालय में पहुंचे। जहां प्रदेश अध्यक्ष को ट्रस्ट परिवार की ओर माता की चुनरी एवं तस्वीर प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वे माता के मंदिर में बराबर आते जाते रहेंगे और सहयोग भी करते रहेगे। इस अवसर मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के उपाध्यक्ष रुपेश कुमार, जीतू चौरसिया, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, रिशु कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहें। बता दें की इसी वर्ष जनवरी माह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने मां आरण्य देवी मंदिर में मत्था टेका था। इस दौरान उन्होंने माता के मंदिर निर्माण में 5 लाख रुपये का सहयोग राशि प्रदान किया था।

# 30 मई को पीएम मोदी के बिहार आगमन को लेकर एनडीए व जेडयू के नेतओं की बैठक हुई

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। आगामी 30 मई 2025 को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा की तैयारी के के लिए आज भोजपुर जिला एनडीए की बैठक जदयू जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत केंद्रीय मंत्री माननीय राजीव रंजन ललन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल, केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री नित्यानंद राय, और उपस्थित सम्मानित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर आगत अतिथियों को बुके, फूलमाला एवं अंगवस्त्र सम्मानित किया गया।

केंदीय पंचायती राज मंत्री सह जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन ललन सिंह ने इस मौके पर डबल इंजन की सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से चर्चा किया साथ ही आगामी 30 मई को विक्रमगंज में आयोजित माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की सभा में भाग लेने का आह्वान किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष माननीय दिलीप जायसवाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से देश का सर गर्व से ऊंचा हुआ है। उन्होंने ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री और माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में बिहार विकास की दिशा में अग्रसर है। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री नित्यानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने काश्मीर में विगत दिनों निहत्थे पर्यटकों पर हमाला कर हमारे बहनों को सिंदूर उजाड़ने का कार्य करने वाले आंतकवादीयो को उनके घर में घुसकर आपरेशन सिन्दूर के माध्यम से उनके ठिकानों को नेस्तनाबूद कर अपने वचन को निभाया उन्होंने शाहाबाद की धरती पर माननीय प्रधानमंत्री की बिक्रमगंज में आयोजित सभा में शामिल होने की अपील किया

प्रभारी मंत्री माननीय केदार गुप्ता ने कहा कि आगामी 30 मई को आयोजित सभा में भोजपुर जिला से कार्यकताओं की भागेदारी जबरदस्त होगी। धन्यवाद ज्ञापन जयप्रकाश चौधरी द्वारा किया गया।

इस मौके पर जदयू के प्रदेश महासचिव सह एनडीए के प्रदेश संयोजक चंदन कुमार पुर्व सांसद मीना सिंह, विधानपार्षद श्री भगवान कुशवाहा, विधायक श्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक श्री अमरेंद्र प्रताप सिंह, विधायक श्री विशाल प्रशांत, पूर्व विधायक संजय टाइगर, सुनील पांडेय, मुन्नी देवी, विशाल सिंह प्रभुनाथ प्रसाद, वरिष्ठ जदयू नेता कामेश्वर कुशवाहा, मिथिलेश कुशवाहा, धीरेन्द्र सिंह, मनोज उपाध्याय, शंभु प्रसाद सोनी, अंजनी सिंह, संतोष चंद्रवंशी, ममता सिंह, धिरेन्द्र सिंह सुर्यकांत पाण्डेय,, रोहित कुशवाहा, महेश्वर मिश्रा, श्याम कुमार मुन्नु प्रिंस बजरंगी सहित काफी संख्या में ठऊअ के सम्मानित साथीगण उपस्थित थे।

## किसान भवन में बीस सूत्री कार्यालय से अध्यक्ष को आपत्ति

उदवंतनगर - बीडीओ कपूर्री ठाकुर ने प्रखण्ड मुख्यालय स्थित किसान भवन में प्रखण्ड बीस सूत्री कार्यालय हेतू कक्ष अधिष्ठापित किया है।इसकी जानकारी उन्होंने पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया को दिया। बीडीओ द्वारा किसान भवन में बीस सूत्री का कक्ष अधिष्ठापित करने को लेकर बीस सूत्री उपाध्यक्ष लगातार विरोध जताते देखें गए। रविवार को देर शाम पंचायत राज मंत्री केदार नाथ साह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विक्रमगंज की रैली की तैयारी को लेकर उदवंतनगर पहुंचे थे। जहां बीस सूत्री अध्यक्ष संतोष सिंह भिखारी ने बीस सूत्री कार्यालय के लिए कक्ष अधिष्ठापित करने की मांग प्रभारी मंत्री से किया। बीस सूत्री अध्यक्ष लगातार प्रखण्ड कार्यालय के मुख्य भवन में कार्यालय की मांग कर रहे थे। लेकिन बीडीओ ने मुख्य भवन में कक्ष खाली नहीं होने की विवशता जाहिर की तथा किसान भवन में कक्ष अधिष्ठापित करने का आग्रह किया।इस पर प्रभारी मंत्री भड़क गए और धमकी भरे लहजे में जून महीने की याद दिलाते हुए कक्ष से बाहर निकल गए।

# आरपीपीएस प्रसैनन छात्रावास के 23 छात्रों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में हासिल की सफलता

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। जिले के कोईलवर प्रखण्ड स्थित आरपीपीएस प्रसैनन छात्रावास के लिए रविवार का दिन गर्व और उपलब्धि से भरा रहा। विद्यालय के 25 में से 23 छात्रों ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल एंट्रेंस एग्जामिनेशन-2025 में सफलता हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इन छात्रों की इस महत्वपूर्ण सफलता को देखते हुए विद्यालय परिसर में शिक्षक और चयनित छात्रों के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।समारोह के दौरान विद्यालय के निदेशक रविकांत राय ने सभी सफल छात्रों को डायरी, कलम और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्रों की इस उपलब्धि को अनुशासन, नियमित अभ्यास और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम बताया। निदेशक ने कहा कि सैनिक स्कूलों में नामांकन के लिए हर वर्ष देश भर में प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के माध्यम से किया जाता है, जिसमें हजारों छात्र भाग लेते हैं। इस वर्ष आरपीपीएस प्रसैनन छात्रावास से 25 छात्र इस परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें से 23 ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। समारोह के दौरान छात्रों को मिठाई खिलाकर और ताली बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले छात्रों में सिद्धांत, प्रिंस, कुणाल राज, अंकुश, सुमित, गणेश, आयुष, सृष्टि, वर्तिका, कात्यायिनी, पल्लवी, रौशन राज, पवन, पीयूष, कौस्तुक, सन्नी, राजा, अमित, कार्तिक, रंजीत, नवीन और उत्प्ल शामिल हैं।

# बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ गोप गुट भोजपुर के बैनर तले एक दिवसीय धरना कार्यक्रम मुख्यालय पर किया गया

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ गोप गुट भोजपुर के बैनर तले एकदिवसीय धरना कार्यक्रम जिला प्रशासन के मुख्यालय पर किया गया, अध्यक्षता रंजीत कुमार सिंह, संचालन राहुल राय ने किया, जिला सचिव संजय कुमार सिंह ने विस्तार से 17 सूत्री मांगों को रखा, धरनास्थल पर कर्मचारी महासंघ गोप गुट भोजपुर के मुख्य संरक्षक जानकी प्रसाद, जिला अध्यक्ष रामानंद सिंह, जिला सचिव सुमन जी, सेवा निवृत्त राजस्व कर्मचारी दीनबंधु सिंह सहित 14. अंचल के राजस्व कर्मचारी साथियो ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी राजस्व कर्मचारी सामुहिक अवकाश पर रहते हुए कार्य का वहिष्कार किये हैं, जबतक 17 सूत्री मांग पूरा नहीं होगा ये सामुहिक कार्य वहिष्कार चलते रहेगा, मुख्य मांग 2800 ग्रेड पे, गृह जिला में स्थानांतरण, सेवा संपुष्टि, निलंबित कर्मियों को विभागीय कार्रवाई समाप्त निलंबन मुक्त किया जाए, ूस्त्र, टूंस्त्र, दिया जाये, सेवानिवृत्ति कर्मियों को समय से सेवानिवृत्त होने का लाभ दिया जाए, आज के धरना को संबोधित करते हुए महासंघ गोप गुट भोजपुर के जिलाध्यक्ष रामानंद सिंह, ने कहा कि राज्य सरकार, कि कार्य नीति हमेसा कर्मचारी विरोधी रहा है, केंद्र की सरकार को पुराना पेंशन लागू करना चाहिए, स्थाई नियुक्ति हो, संविदा कर्मियों को भी सेवा स्थाई किया जाना चाहिए, ठेका प्रथा बंद किया जाना चाहिए, नियमित नियुक्ति जरूरी है।

रोजगार की गारन्टी हो, स्थाई काम के लिए स्थाई नियुक्ति किया जाए, धरना को जिला सचिव महासंघ गोप गुट सुमन जी ने अपने भाषण में कहा कि केन्द्र सरकार, और राज्य सरकार, कि नीति मजदूर, कर्मचारी, शिक्षक, किसान, विरोधी है, निजीकरण, उदारीकरण, वैश्वीकरण का ही देन है कि आज स्थाई रिक्त पदों होने के बावजूद संविदा मानदेय नियोजन, प्रोत्साहन भत्ता पर बहाली हो रहा है, सेवा संगठनों, ट्रेड यूनियन के नेताओं ने स्थाई बहाली, नियमित रोजगार की गारंटी हो, 2004, के बाद नियुक्त कमियों को पुराना पेंशन लागू किया जाना चाहिए, संविदा मानदेय कर्मियों को नियमित किया जाए, जिला स्तर पर भी लंबित मामलों को निष्पादन किया जाए सभी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को वरीयता सूची का प्रकाशन किया जाए, ूस्त्र, टूंस्त्र का लाभ दिया जाय, नगर निगम के कर्मचारियों को 6, 7, वेतनमान लागू किया जाए, सफाई मजदूरों की सेवा स्थाई किया जाना चाहिए, किसान सलाहकार की सेवा को भी स्थाई किया जाए, सभी संविदा कार्मिकों को स्थाई नियुक्ति किया जाए, राजस्व कर्मियों के जबतक 17, सूत्री मांगों के पूर्ति नहीं होगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा, कार्यक्रम को भाकपा माले के नेता ०८ॅ४ल्लि भी संबोधित किया, अपने संबोधन में कहा कि आपका 17 सूत्री मांग जायज है।

## आयुष्मान भारत अभियान को लेकर भोजपुर डीएम तनय सुल्तानिया ने कैंप का लिया जायजा



उदवंतनगर। भोजपुर के जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने उदवंतनगर प्रखंड के पियानिया पंचायत में आयुष्मान कार्ड निर्माण हेतु चल रहे विशेष कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लाभुकों से सीधे संवाद कर आयुष्मान योजना के लाभों की जानकारी साझा की तथा उनके अनुभव और सुझाव भी प्राप्त किए। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारी को शत प्रतिशत पात्र लाभुकों को आयुष्मान कार्ड से आच्छादित करने का निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, आरा सदर, निदेशक, एनईपी, सहायक निदेशक, बाल संरक्षण इकाई, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी, उदवंतनगर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# महिलाओं को मजबूत करने के लिए माई बहन मान योजना अभियान शुरू

## सरकार बनी तो महिलाओं को हर माह 2500 रुपए की गारंटी:डॉ अशोक गगन

प्रात: किरण संवाददाता




बिहटा :- गोपाल विद्यार्थी` कांग्रेस पार्टी ने बिहार की महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए माई बहन मान योजना की शुरूआत की है।सोमवार को बिक्रम विधानसभा क्षेत्र के नौबतपुर-नवही मार्ग में बिहटा नया मोड़ स्थित कांग्रेस कार्यालय में महिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अजिता पाण्डेय ने इस कैंपेन की औपचारिक शुरूआत करते हुए योजना का पोस्टर जारी किया।मौके पर प्रदेश प्रवक्ता डॉ अशोक गगन ने बताया कि इस योजना के तहत बिक्रम विधानसभा सहित सम्पूर्ण पटना जिले की सभी महिलाओं को गारंटी फॉर्म भरवाए जाएंगे। बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने पर हर जरूरतमंद महिला को हर महीने 2500 की सम्मान राशि सीधे खाते में भेजी जाएगी।वही वही एआईसीसी पर्यवेक्षक विक्रम प्रताप सिंह ने दावा किया कि बिहार के समस्त महिलाओं तक इस योजना को पहुंचाने के लिए कांग्रेस एक बड़े अभियान की शुरूआत की है। पार्टी कार्यकर्ता महिलाओं को यह भी बताएंगे कि वर्तमान सरकार ने किस तरह उन्हें मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का वादा जुमला साबित होता है। कांग्रेस हर वादा पूरा करती है।पर्यवेक्षक मिन्नाज शेख ने कहा कि यह योजना सिर्फ घोषणा नहीं, बल्कि कांग्रेस की चुनावी गारंटी है।पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर जाकर महिलाओं को योजना से जोड़ेंगे और फॉर्म भरवाएंगे।वही डॉ अजिता पाण्डेय में कही की इस अभियान से जुड़ने के लिये कांग्रेस संगठन नें एक मिस्ड कॉल नंबर 8800023525 जारी किया है, जिसके तहत महिलाओं को पंजीकरण करना आवश्यक होगा। इस नंबर पर मिस्ड कॉल करके इस योजना से जुड़ा जा सकता है।सभी पंचायतों में इस योजना से महिलाओं को अवगत कराने के लिए महिला चौपाल का भी आयोजन शुरू किया जाएगा।मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष विकास मिश्रा, अजित कुमार सिंह, जितेंद्र उर्फ कारू सिंह, पीयूष राम, रवि पासवान, अमरेंद्र पासवान, मुकेश कुमार, प्रभात कुमार, मो सादाब आदि मौजूद थे।

# शारदीय खरीफ महाभियान 2025 प्रखंड स्तरीय कर्मशला सह प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। शारदीय खरीफ महाभियान 2025 प्रखंड स्तरीय कर्मशला सह प्रशिक्षण प्रखंड आरा सदर भोजपुर सम्पन्न हुआ जिसके उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी ने किया और पूर्व कृषि वैज्ञानिक डॉ पी के द्विवेदी के वी के हेड प्रखंड कृषि पदाधिकारी आरा सदर ए डी मिट्टी प्रयोगशाला आरा जिला परिषद सदस्य धनजय जी विभिन्न पंचयतो के मुखिया पंचयात समिति सदस्य ए टी एम बी टी एम कृषि समन्वयक किसान सलहकार विभिन्न पंचयतो से सम्मनित किसान भाइयों और महिला किसान उपस्थित हुए और सरकार द्वारा किसान हित में चायलये जा रहे सभी योजना पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी के द्वारा किसानों को जानकारी दी गई और वरीय वैज्ञानिक के द्वारा किसानों को तकनिकी जानकारी दी गई साथ ही किसानों को नई तकनीक ड्रोन के माध्यम से खेतो में दवा छिड़काव पर ड्रोन कम्पनी के एक्सक्यूटिव द्वारा जानकारी दी गई समय से खेत की तैयारी कर वीज को उपचार कर ही बिचड़ा डाले साथ ही मोटे अनाज जैसे बाजरा जवार बदलते जलवायु के परिवेश में रसायन मुक्त खेती पर बल दिया गया और कार्यक्रम सफल रहा।

## पैदल जा रहे व्यक्ति से ऑटो सवार पांच लोगों ने मोबाइल व नगद झपटा

- पुलिस ने घटना में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार करते हुए ऑटो, लूटा गया मोबाइल व हजार रुपया किया बरामद

पटना सिटी। मालसलामी थाना क्षेत्र के संक्रमचक से अपने मामा के घर बाइपास पैदल मोबाइल पर बात करते हुए दीपक कुमार जा रहे थे। इस दौरान 25 मई को सायं छह बजे आदर्श कॉलोनी के पास ऑटो सवार पांच लोगों ने उसके मोबाइल और पॉकेट से चार हजार रुपया झपट कर भाग निकला। इस मामले में मालसलामी थाना में कांड संख्या 252/25 दर्ज किया गया। घटना के बाद थानाध्यक्ष सुनील कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उस घटना में शामिल छोटू उर्फ ठेठा, अमरनाथ कुमार और नीतीश कुमार को संग्रामचक भमारी के पास से गिरफ्तार कर लिया। साथ ही घटना में उपयोग किए गए ऑटो के साथ पीड़ित के लूटे गए मोबाइल और एक हजार नगद बरामद कर लिया। छानबीन के दौरान पता चला कि गिरफ्तार तीनों अपराधी का पूर्व का आपराधिक इतिहास रहा है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान डीएसपी-2 डॉक्टर गौरव कुमार ने बताया कि शिवशक्ति उर्फ साहू का मालसलामी में तीन व दीदारगंज थाना में एक कांड दर्ज है। वहीं छोटू उर्फ ठेठा के खिलाफ भी मालसलामी थाना में दो और बाइपास थाना में एक, जबकि रोशन कुमार उर्फ गे-गे के खिलाफ मालसलामी थाना में तीन और बाइपास थाना में एक मामला दर्ज है। गिरफ्तार लोगों में छोटू उर्फ पिता उमेश चौधरी अमरनाथ कुमार पिता सुरेंद्र महतो दोनों डामरही घाट के अलावा नीतीश कुमार पिता मुन्ना कुमार शरीफगंज थाना मालसलामी का रहने वाला है। छापेमारी टीम में पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष सुनील कुमार, परि एसआई सुमित कुमार, एएसआई संजय कुमार, सिपाही मनोहर कुमार, संतोष कुमार और चालक सिपाही संजीत कुमार शामिल थे।

## श्री सत्य साई सेवा संगठन हाजीपुर के तत्वावधान में साई बाबा की स्मृति में भजन-कीर्तन एवं 160 नारायणन को भोजन कराया गया

हाजिपुर। राज नारायण महाविद्यालय से अवकाश प्राप्त अँग्रेजी के प्राध्यापक प्रो जितेंद्र नाथ सहाब के परिसर में सत्यसाईं संगठन, हाजीपुर की ओर से आयोजित भजन -कीर्तन एवं160नारायणन के भोजन वितरण का आयोजन किया गया ( कार्यक्रम की अध्यक्षता अँग्रेजी भाषा के साहित्यकार प्रोफ ेसर जितेंद्र नाथ सहाब नेकियाजबकिसंचालनसमिति के सक्रिय सदस्य ओमप्रकाश साह ने किया ' सभा में मुख्य वक्ता के रुप मे हिन्दी के वरिष्ठ साहित्यकार एवं ह्य साई सेवा संगठन के विचारक रबीन्द्र कुमार रतन उपस्थित रहे। सर्व प्रथम महिला प्रतिनिधि श्रीमती सुजाता श्रीवास्तव ने विषय प्रवेश कराते हुए ह्य सत्य साईं संगठन के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालते हुए भजन-कीर्तन के कार्य क्रम का गणेश किया ' लगभग एक घंटे तक भजन-कीर्तन का कार्य क्रम चला, सब साई बाबा को समर्पित था। तब मुख्य वक्ता रबीन्द्र कुमार रतन जी से श्री सत्य साईं बाबा के सम्बंध में प्रकाश डालने कोकहा गया।श्री रतन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बहुत दिनों से अपने गुरुदेव प्रोफेसर जितेंद्र नाथ साहब से मिलने की इक्षा थी ,साई बाबा ने आज स्वय भी मिलने का एहसास कराया।

# क्लिनिक और रेडक्लिफ लैब्स का उद्घाटन किया गया

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। सावेरा क्लिनिक और रेडक्लिफ लैब्स के इस महत्वपूर्ण सहयोग का उद्घाटन करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। ज़ियारत गली के सामने, मिल्की मोहल्ला, अबारपुल में यह नया अधिकृत संग्रह केंद्र हमारे क्षेत्र के लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं और नैदानिक परीक्षणों तक पहुँच को आसान बनाएगा। और रेडक्लिफ लैब्स अधिकृत संग्रह केंद्र की इस पहल की मैं सराहना करता हूँ, जो हमारे समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह केंद्र न केवल सुविधा प्रदान करेगा बल्कि समय पर और सटीक निदान में भी सहायक होगा, जिससे हमारे नागरिकों का जीवन बेहतर बनेगा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना कीमती समय देने के लिए मैं अपने सभी साथियों का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूँ। विशेष रूप से, मैं मुन्ना अंसारी, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, राजद, भोजपुर, बिहार, जीशान अली, जिला उपाध्यक्ष, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, राजद, भोजपुर, फिरोज उर्फ राजू, जिला महासचिव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, राजद, भोजपुर, श्री तेजू तेयागी, जिला उपाध्यक्ष, छात्र प्रकोष्ठ, राजद, भोजपुर, गुलाम रसूल, जिला महासचिव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, राजद, भोजपुर, फैज अकरम, जिला महासचिव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, राजद, भोजपुर, वसीम आमिर, जिला महासचिव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, राजद, भोजपुर, मासूम भाई, मो. नेयाज अंसारी, जिला महासचिव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, राजद, भोजपुर, मो. शाहनवाज आलम, जिला सचिव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, राजद, भोजपुर, भाई शमीम, भाई विक्की कुशवाहा, मुकेश यादव, मेहताब आलम और गोलू यादव भाइयों का विशेष रूप से आभारी हूँ। आप सभी की उपस्थिति और समर्थन ने इस कार्यक्रम को और भी महत्वपूर्ण बना दिया।

## वेलफेयर में फंसे राशि के हो रहे भुगतान


औरंगाबाद। जिला उपभोक्ता अदालत के सदस्य ब्रदी नारायण सिंह ने शिकायत वाद संख्या -97/24 में शिकायतकर्ता साहित्या कुमारी पति अधिवक्ता साकेत कुमार पटेल कॉलोनी वार्ड नं 06 सदर औरंगाबाद को वेलफेयर विल्डिंग एण्ड इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड का 75 हजार का चेक सौंपा।

अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि शिकायतकर्ता ने अपने आवेदन में कहा है कि इस कम्पनी में जमा राशि पांच साल में दोगुना स्कीम में 02/03/15 को पच्चीस हजार और 24/10/16 को पचास हजार रुपए जमा किया था,

# अखिल भारतीय सूढ़ी (वैश्य) संगठन के बैनर तले 8 जून को अधिकार सम्मेलन को ले बैठक

## सूबे में बैठकों का सिलसिला जारी, प्रमंडल संयोजक और सह संयोजक ने झोंकी पूरी ताकत








अभय आर्या

पटना। बिहार के लखीसराय, अररिया, पूर्णिया और मधुबनी के जयनगर में आगामी आठ जून को पटना के बापू सभागार में होने वाले महासम्मेलन को लेकर बैठक की सिलसिला जारी है। प्रमंडल संयोजक और सहसंयोजक अपने अपने क्षेत्रों में दिन रात लोग से संपर्क कर बैठक का अंतिम रूप देने के लिए ताकत झोंक रहे है। पूर्णिया और अररिया में पूर्व विधान पार्षद सुमन कुमार महासेठ ने आज बैठक को सफल बनाया तो मुंगेर, लखीसराय और मधुबनी के संयोजक सहयोजको ने भी अपनी ताकत झोंक दी है।

मधुबनी के जयनगर सूढ़ी समाज को अति पिछड़ा वर्ग में शामिल करने को लेकर आगामी 8 जून को पटना बापू सागर सभागार में अधिकार सम्मेलन में भाग लेने के लिए सूढ़ी समाज समिति की बैठक स्थानीय रूपेश महाशय कैंपस में संपन्न हुआ। इस बैठक को संबोधित करते हुए प्रमंडलीय संयोजक प्रहलाद पूर्वे ने कहा की सुड़ी समाज लंबे समय से सरकार के अति पिछड़ा में शामिल करने की मांग उठने आ रही है मगर सरकार के द्वारा ध्यान न देने के कारण पूरे बिहार में अखिल भारतीय सूढ़ी वैश्य संगठन के बैनर तले 8 जून को बापू सभागार पटना में अधिकार सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें समाज को अति पिछड़ा में शामिल करने की मांग एवं समाज का एकत्रीकरण, राजनीतिकरण, शैक्षणिक एवं आर्थिक स्थिति सहित राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा कर आंदोलन की रूपरेखा बनेगी। पूरे बिहार में सात फीसद सुड़ी की आबादी है तो उसके हिसाब से राजनीतिक हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। आबादी के हिसाब से राजनीतिक हिस्सेदारी नहीं मिलती है तो समाज चुनाव का बहिष्कार करेगा।बिहार में सुड़ी जाति को अति पिछड़ा वर्ग में शामिल करने तथा जनसंख्या के आधार पर लोकसभा, राज्य सभा, विधानसभा व विधान परिषद में राजनीतिक हिस्सेदारी की मांग की गई। जो राजनीतिक दल भागीदारी सुनिश्चित करेगा समाज का समर्थन उसी के साथ रहेगा। समाज द्वारा राजनीति विकल्प की दिशा देने पर विचार करने का प्रस्ताव पारित किया गया। समाज को एक विशिष्ट श्रेणी में वगीर्कृत किया जाए, जो सरकार द्वारा पिछड़े वर्गों के लिए दिए जाने वाले विशेष अधिकारों और लाभों के लिए पात्र हो। इसका मतलब है कि इस समाज को शिक्षा, रोजगार और अन्य क्षेत्रों में आरक्षण और अन्य लाभ प्राप्त होगा। 8 जून को पटना में होने वाले अधिकार सम्मेलन को लेकर अधिक से अधिक लोग भाग ले इसके लिए पूरे बिहार में जागरूकता चलाई जा रही है। इस बैठक में सुरेंद्र महतो, ओमप्रकाश नायक, रोमियो नायक, अमित माझी, राजेश महतो, नीतीश प्रधान, विक्की महतो, राजा कुमार, रुपेश महासेठ, विजय महतो, किशन कुमार, महादेव जी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## सुहागिन महिलाओं ने विधि-विधान के साथ की वट सावित्री की पूजा

### अपनी अर्धांगिनी की दीघार्यु के लिए पतियों ने भी मंगलकामना की





आरा। सोमवार को भोजपुर के विभिन्न जगहों पर वट सावित्री पूजा महिलाओं के द्वारा विधि-विधान से की गई। पति की लंबी आयु के लिए महिलाएं वट सावित्री पूजा का व्रत रखा। इस दिन महिलाएं एक दिन का व्रत रखती है और आसपास के वट वृक्ष की पूजा विधि विधान के साथ करती है। आरा के तमाम जगहों पर वट वृक्ष की पूजा विवाहित महिलाओं के द्वारा किया गया।वट सावित्री पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा अराधना की जाती है। इस दिन सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना में व्रत रखती हैं और बरगद के वृक्ष की पूजा करती हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार, वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को मनाई जाती है।ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को वट सावित्री व्रत करने की परंपरा है। इस दिन शादीशुदा महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं। वट के पेड़ की पूजा भी करती हैं। इस व्रत का महत्व करवा चौथ जैसा ही है। बताते चले कि वट सावित्री व्रत की पूजन विधि, सामग्री, शुभ मुहूर्त और कथा हिंदू पंचांग के अनुसार, वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को मनाई जाती है। इस बार अमावस्या तिथि की शुरूआत 26 मई को हुई।

## बिक्रमगंज चलने को लेकर चलाया गया जनसंपर्क

अरवल। विधानसभा के भाजपा के प्रत्याशी रहे दीपक शर्मा एवं पूर्व जिला पार्षद आनंद कुमार चंद्रवंशी ने कोचहसा, परहा, झुनाठी, कन्हैयाचक गांव में जनसंपर्क चलाकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जनसभा में चलने का आवाहन किया। ज्ञात होगी 30 मई को बिक्रमगंज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जनसभा होने वाला है जिसमें बिहार के विकास के लिए करोड़ों रुपया का योजनाएं की घोषणा की जाएगी साथ में शाहाबाद सहित औरंगाबाद और अरवल जिला के आम लोगों को प्रधानमंत्री संबोधन करेंगे जिनको सुनने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया गया है। हजारों हजार लोग अरवल जिला से बिक्रमगंज के लिए चलेंगे साथ में पूर्व मुखिया सुभाष शर्मा, राकेश शर्मा, पूर्व सरपंच रामाधार चंद्रवंशी, धनी शर्मा, रामप्रवेश पासवान, केदार पंडित, उदय शर्मा साहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पति की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने की वट सावित्री व्रत, मंदिरों में उमड़ी भीड़



प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) स्थानीय प्रखंड क्षेत्र कुर्था, मानिकपुर, मोतेपुर सहित विभिन्न गावो में सुहागिन महिलाएं ने अपने पति की दीघार्यु और सुख-समृद्धि के लिए वट सावित्री व्रत रख कर पूजा अर्चना की। जानकारी के अनुसार वट सावित्री व्रत रखने से वैवाहिक जीवन में खुशियां आती है। सनातन धर्म में प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ माह की अमावस्या को वट सावित्री व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि जो सुहागिन महिलाएं इस व्रत को विधि-विधान से करतीं हैं। उन्हें अखंड सौभाग्यवती होने का वरदान प्राप्त होता है। महिलाएं वट सावित्री पूजा के दिन व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा करती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार प्रत्येक सुहागन महिलाओं को यह व्रत अवश्य करना चाहिए। सबसे पहले राजा अश्वपति की पुत्री सावित्री ने रखा था ये व्रत सबसे पहले वट सावित्री का व्रत राजा अश्वपति की पुत्री सावित्री ने अपने पति सत्यवान के लिए किया था। तभी से वट सावित्री व्रत महिलाएं अपने पति के मंगल कामना के लिए रखती हैं। वट वृक्ष की पूजा का धार्मिक शास्त्रों के अनुसार, बरगद के वृक्ष के तने में भगवान विष्णु, जड़ों में ब्रह्मा और शाखाओं में भगवान शिव का वास है। इस वृक्ष में कई सारी शाखाएं नीचे की ओर रहती हैं, जिन्हें देवी सावित्री का रूप माना जाता है। इसलिए मान्यता है कि इस वृक्ष की पूजा करने से भगवान का आशीर्वाद प्राप्त होता है और मनोकामनाएं पूरी होती हैं। संतान प्राप्ति के लिए इस वृक्ष की पूजा करना लाभकारी माना जाता है। मान्यता है कि ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि के दिन वट वृक्ष की छांव में देवी सावित्री ने अपने पति को पुनः जीवित किया था। इस दिन से ही वट वृक्ष की पूजा की जाने लगी। हिंदू धर्म में जिस तरह से पीपल के वृक्ष को भगवान विष्णु का प्रतीक माना जाता है। उसी तरह बरगद के पेड़ को भगवान शिव का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि तीर्थंकर ऋषभदेव ने अक्षय वट के नीचे तपस्या की थी। इस स्थान को प्रयाग में ऋषभदेव तपस्थली नाम से भी जाना जाता है।

## शेरघाटी में पति की दीघार्यु के लिए सुहागिनों ने विधि-विधान के साथ की वट सावित्री की पूजा, मांगी मन्नतें

प्रातः किरण संवाददाता



शेरघाटी। प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण एवम शहरी इलाकों में महिलाओं ने सात सिंगार कर धूमधाम के साथ किया वट सावत्री पूजा।

इस वट सावित्री व्रत के अवसर पर गुरुवार को सुहागिनों ने श्रद्धा और विश्वास के माहौल में व्रत रखकर अपने वैवाहिक जीवन के लिए पूजा अर्चना पारंपरिक श्रृंगार के साथ सुहागिन महिलाओं ने बांस की बनी डलिया में पूजन सामग्री लेकर वट सावित्री पूजन अनुष्ठान विधि विधान के साथ करते नजर आई,

एक तरफ जहां ज्येष्ठ की भीषण गर्मी के चिलचिलाती धूप के बीच नंगे पैर पूजा की थाली लिये सुहागिन मंदिर और बरगद के पेड़ों तक पूजन करते नजर आई।

प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में वटवृक्ष के नीचे सुहागिन महिलाओं ने पूजन सामग्री में मौली, रौली, कच्चा धागा, भिंगोया चना, फल, फुल, धूप आदि लेकर वट वृक्षों के नीचे एकत्रित होकर व्रती महिलाओं ने सत्यवान सावित्री की कथा सुनी तथा वट वृक्ष की परिक्रमा कर उसमें कच्चे धागे को लपेट कर अखंड सौभ्याग्यवती बने रहने की कामना की इसका मानता है कि बट सावित्री की पूजा अर्चना करने से पति के लंबी आयु का वरदान मिलता है वहीं जिस प्रकार से सावित्री ने सत्यवान के प्राण बचाने के लिए यमराज से लड़ गई थी वहीं महिलाओं को यह एक प्रेरणा देती है यह वर्ष कथा का एक और महत्व है कि जो इस कथा को श्रवण करता है एवं पूजन को करता है उसे हर मनवांछित फल की प्राप्ति होती है ऐसे आचार्य का कहना है कि बट सावित्री व्रत की कथा सुनने को पूजा अर्चना करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है और पति के लंबी उम्र की भी भगवान से वरदान मिलता है वहीं बट वृक्ष में भगवान विष्णु का वास होता है इसलिए लोग बट वृक्ष की पूजा अर्चना करते हैं।

## शारदीय खरीफ महोत्सव महाअभियान सह प्रखंड प्रशिक्षण उपादान वितरण कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन



प्रातः किरण संवाददाता

गया ।नगर प्रखंड के ई किसान भवन में शारदीय खरीफ महोत्सव महा अभियान सह प्रखंड प्रशिक्षण उपादान वितरण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से उद्घाटन करते हुए सतीश पटेल उर्फ रमाकांत युवा जदयू जिला अध्यक्ष गया उप प्रमुख नगर प्रखंड गया, प्रखंड विकास पदाधिकारी नगर राकेश कुमार, कृषि वैज्ञानिक मानपुर अशोक कुमार, रंजीत कुशवाहा युवा जेडीयू जिला उपाध्यक्ष गया सह 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सदस्य नगर प्रखंड गया, रसायन कृषि निदेशक राजीव रंजन जी के साथ किया है और बिहार सरकार की कृषि विभाग की जितनी भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की लाभकारी योजनाएं हैं।

उसको निचले पायदान तब के पर रहने वाले गरीब वर्ग के लोगों को दिया जाएगा।

और सभी कृषि समन्वयक कृषि सलाहकार एटीएम, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सभी लोग मिलकर बिहार सरकार के योजनाओं को प्रचार प्रसार के माध्यम से हर किसानों तक किसान चौपाल तक पंचायत के गांव तक पहुंचाने का काम करेंगे।

## सीबीएसई बोर्ड से मैट्रिक व इंटर में प्रथम स्थान लाने वाले छात्र-छात्राओं को वार्ड पार्षद मुन्नी देवी ने सर्टिफिकेट और मेडल देकर किया सम्मानित

प्रात: किरण, संवाददाता



गया।: बिहार के गयाजी में बाटा मोड़ के समीप अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ट्रस्ट कार्यालय में उज्वला प्रयास संस्था और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ट्रस्ट के द्वारा सीबीएसई बोर्ड से मैट्रिक और इंटर में प्रथम स्थान लाने वाले छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया है।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड संख्या 19 के पार्षद मुन्नी देवी शामिल हुई है। पार्षद मुन्नी देवी के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है। उज्जवला प्रयास संस्था और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार ट्रस्ट संस्था के अध्यक्ष राखी अग्रवाल ने कहा कि सीबीएसई बोर्ड से मैट्रिक और इंटर में प्रथम श्रेणी से पास होने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मान-समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी को सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया है।अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्था के द्वारा महिलाओं के लिए कई तरह का प्रोग्राम कर जागरूक करती है और छात्र-छात्राओं को उत्साहित करने के लिए इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस मौके पर रूपा अग्रवाल, सुनीता देवी, संगीता देवी, निर्मला देवी, विद्या देवी, रूबी देवी, मीरा अग्रवाल, प्रभादेवी, रेशमी देवी, शशि देवी, पूनम अग्रवाल, राजनी अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद रहे हैं।

## 1998 में हुआ मारपीट मामले के आरोपी सरपंच गया जेल

प्रातः किरण संवाददाता

शेरघाटी। थाने की पुलिस ने मारपीट के एक मामले में चांपी पंचायत के सरपंच को गिरफ्तार किया है. थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि सरपंच रामाशीष पासवान के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी था, पुलिस ने इसी सिलसिले में उसे गिरफ्तार किया है. उन्होंने कहा कि सरपंच के खिलाफ वर्ष 1998 में मारपीट की घटना को लेकर मुकदमा दर्ज था, इसी मामले में न्यायालय से उनके विरुद्ध वारंट जारी किया गया था.

## विभिन्न स्थानों पर वट सावित्री पूजा धूमधाम से संपन्न



प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के विभिन्न धार्मिक स्थानों पर अवस्थित पवित्र एवं पुण्य फल देने वाली बट वृक्ष की पूजा की गई।बट सावित्री व्रत के निमित्त श्रद्धालु महिलाएं सुबह सवेरे से ही विष्णु धाम के त्रि संकट निवारण वृक्ष, सिद्धनाथ बाबा परिसर में अवस्थित बट वृक्ष, खादी भंडार के गेट पर अवस्थित बट वृक्ष, इंटर विद्यालय जम्होर के पूर्वोत्तर किनारे पर अवस्थित बट वृक्ष सहित अन्य बट वृक्षो के नजदीक महिलाओं ने अपनी पति के लंबी उम्र की कामना हेतु विशेष पूजा अर्चना की। कहीं-कहीं अपने घर में भी वट वृक्ष स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। विभिन्न स्थानों का अवलोकन करते हुए जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि यह महिलाओं का महान पर्व है सनातनी परंपरा का यह पर्व अपनी पति की लंबी उम्र की कामना हेतु की जाती है। बट वृक्ष में तीनों देव ब्रह्मा, विष्णु, महेश का वास होता है।इस वृक्ष के नीचे बैठकर पूजन, व्रत कथा आदि सुनने से मनवांछित मनोकामना की प्राप्ति होती है।यह वृक्ष अपनी विशालता के लिए प्रसिद्ध है।यह वृक्ष दीघार्यु व अमरत्व बोध के लिहाज से भी स्वीकार किया गया है।वट वृक्ष को ज्ञान व निर्वाण का भी प्रतीक माना जाता है।मौके पर साकेत कुमार सिंह, अमरचंद पांडेय, अनिल पांडेय कुंदन पाठक सहित अन्य उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय दुसाध कल्याण परिषद इकाई के द्वारा गांधी मंडप में समीक्षा बैठक रखा गया, प्रखंड स्तर पर संगठन का विस्तार करने का निर्णय



प्रात: किरण संवाददाता

गया।अखिल भारतीय दुसाध कल्याण परिषद गया जिला इकाई के द्वारा गया गाँधी मैदान के गांधी मंडप में समीक्षा बैठक रखा गया जिसमें अपने संगठन को सभी प्रखंडों में विस्तार करने का निर्णय लिया गया और साथ ही आने वाले समय में गया मे सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया है ।इस बैठक में आज के मुख्य अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय दुसाध महासंघ सह अखिल भारतीय दुसाध कल्याण परिषद प्रदेश के अध्यक्ष इ हेमंत कुमार सर उपस्थिति रहे साथ ही गया जिला कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र पासवान अंतर्राष्ट्रीय संगठन सचिव अशोक प्रसाद भारती, सूर्यदेव पासवान, राम जतन पासवान, केदार पासवान, भूषण पासवान, बिपिन पासवान, विकास पासवान, विन्देशवरी पासवान, रजनीकांत पासवान, शत्रुधन पासवान, कृष्णा पासवान, राजेन्द्र पासवान, सुनील पासवन, नरेश प्रसाद कमलेश पासवान, चन्द्रदेव पासवान, लखन पासवान, कवि कृष्णा पासवान, विकास पासवान, एवं संगठन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य और स्वजातीय गार्जियन सभी आज के इस बैठक में शामिल हुए है।

## एमएलसी ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तेलपा में आमंत्रण दिया



करपी। शहर तेलपा बाजार में एमएलसी जीवन कुमार लोगों को 30 मई को बिक्रमगंज की धरती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर घूम घूम कर आमंत्रित किया। उन्होंने सभी से सादर अनुरोध किया कि वे इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाग लें। इस जनसंपर्क अभियान में भारतीय जनता पार्टी के नेता आनंद कुमार चंद्रवंशी लोजपा रामविलास के नेता रामाज्ञा यादव भाजपा नेता जय साहू एवं अन्य लोग शामिल रहे।

## भाजपा नेता ने वट सावित्री पूजा पर महिला श्रद्धालुओं की दी शुभकामनाएं

गया।आज के पावन अवसर पर जब समस्त भारतवर्ष की सुहागन महिलाएं अपने पतियों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए वट सावित्री व्रत रखकर उपवास और पूजा-अर्चना कर रही हैं, भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के रचनात्मक प्रकोस्ट के सह संयोजक डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने सभी महिलाओं को सौभाग्यवती रहने की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है ।डॉ. मिश्रा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति को सदैव पूजनीय माना गया है। वट सावित्री व्रत, भारतीय नारी की आस्था, विश्वास और पति के प्रति अटूट प्रेम व समर्पण का प्रतीक है। यह पर्व केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों का भी परिचायक है, जिसमें स्त्री की शक्ति, त्याग और धैर्य का अद्भुत रूप देखने को मिलता है ।उन्होंने सभी महिलाओं को इस विशेष दिन पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ह्मैं प्रार्थना करता हूं कि हर महिला का जीवन खुशियों, स्वास्थ्य और समृद्धि से भरा हो। उनका सौभाग्य अक्षुण्ण रहे और उनके परिवार में सदा प्रेम, सुख और शांति बनी रहे ।ह्वडॉ. मिश्रा ने यह भी कहा कि इस पर्व के माध्यम से हमें भारतीय पारिवारिक मूल्यों और स्त्री सम्मान की भावना को और भी सशक्त बनाना चाहिए। यह पर्व हमें परंपरा से जोड़ता है और सामाजिक एकता का संदेश भी देता है इस शुभ अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने देशभर की माताओं, बहनों और बेटियों को एक बार पुनः वट सावित्री की हार्दिक शुभकामनाएं दीं है।

## बारुण के अष्टभुजी धाम पिपरा में महाआरती धूमधाम से संपन्न

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। बारुण प्रखंड मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित प्रसिद्ध ग्राम पिपरा स्थित अष्टभुजी माता मंदिर के प्रांगण में ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्दशी एवं अमावस्या के मिलन संयोग के मौके पर महाआरती का आयोजन किया गया। योग्य आचार्यों के सान्निध्य में वेद मंत्रोंच्चार के साथ माता अष्टभुजी एवं परिसर स्थित ग्राम देवी, हनुमान जी, भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी, काली माता, शिव परिवार, विश्वकर्मा जी संत रैदास, गोवर्धन पहाड़ स्थित राधा कृष्ण सहित सभी देवी देवताओं की पंचोपचार विधि से पूजा अर्चना की गई।महा आरती में सैकड़ो ग्रामीण शामिल हुए।अष्टभुजी धाम महोत्सव आयोजन समिति के उपाध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में आयोजित महाआरती का संचालन संयोजक सुरेश विद्यार्थी द्वारा किया गया। सचिव राजा दिलीप सिंह, कोषाध्यक्ष रामेश्वर भगत, आलोक कुमार गुप्ता, संरक्षक अजीत मिश्रा के आतिथ्य भाव में महाआरती के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बड़ेम नवीनगर के प्रख्यात समाजसेवी एवं नबीनगर विधानसभा एवं अन्य क्षेत्रों में आधा दर्जन से अधिक महोत्सव के संस्थापक एवं राजकीय दर्जा दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले संजीव कुमार सिंह की गरिमामई उपस्थिति रही।महा आरती के पश्चात संजीव कुमार सिंह ने अपने संबोधन के क्रम में कहा कि अष्टभुजी धाम पर आकर मैं अभीभूत हूं एवं इसके विकास के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। जब लोगों ने स्थल की प्राचीनता के बारे में बताया तो उन्होंने कहा कि इसको राजकीय दर्जा दिलाने के लिए भरपूर प्रयास करूंगा। जनप्रतिनिधि नहीं रहते हुए भी मैं इस स्थल के विकास के लिए कृत संकल्पित हूं।ग्रामीण अर्जुन साव, सुरेंद्र प्रसाद, श्रीपति प्रसाद साहू, लाल मोहर प्रजापति सहित, कर्म देव पाल, बृजनंदन प्रजापति, नीतीश पांडेय, भोला राजवंशी फौदार रवानी, पत्रकार रवि कुमार, शिक्षक आनंद कुमार सहित अन्य लोगों ने मुख्य अतिथि को सभी मंदिरों का दर्शन कराया।आचार्य नीरज मिश्रा चंद्रमोहन मिश्रा आदि थे।

## शहीद कविता कुमारी की प्रथम पुण्यतिथि एवं मूर्ति अनावरण हुआ

प्रातः किरण संवाददाता




करपी। जयमंगल बिगहा गांव निवासी वीर शहीद कविता कुमारी की प्रथम पुण्यतिथि एवं मूर्ति अनावरण का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जहानाबाद लोकसभा के सांसद डॉ सुरेंद्र प्रसाद यादव। सांसद ने वीर शाहिद कविता कुमारी की मूर्ति का अनावरण किया। सांसद ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शहिद कविता कुमारी के पिता मै सलाम करता हूं ऐसे शेरणी बेटी पैदा किया। उन्होंने कहा की कविता कुमारी आज हमारे बीच नहीं है फिर भी वह इतिहास रच दिया है उनकी शहादत लोग कभी नहीं भूलेंगे। सांसद ने शहीद कविता के परिवार को हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया और शाहिद कविता के प्रति माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर पूर्व विधायक रविन्द्र सिंह, लोजपा रा के जिलाध्यक्ष सतेन्द्र रंजन, रालोमो नेता पप्पू वर्मा, लोजपा रा के प्रदेश सचिव सुनिल यादव, दिल्ली पब्लिक स्कूल निर्देशक धर्मेंद्र कुमार, शिक्षक धनंजय यादव, राकेश मुस्कान, पूर्व सैनिक अरुण यादव, तेगा यादव समेत अन्य लोग उपस्थित हुए और शाहिद कविता कुमारी के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया

## विष्णुपद मंदिर के सौंदरीकरण व विकास को लेकर डीएम ने किया निरीक्षण

### पुरोहितों ने भी मंदिर की खूबसूरती एवं विकास को लेकर अनेक सुजाव दिए

- पर्यटन विभाग के माध्यम से प्रस्तावित कॉरिडोर निर्माण पर मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के पुरोहितों के साथ किया गया विचार विमर्श
- डीएम ने मंदिर के बाहरी परिसर, विवाह मंडप के प्रथम तल पर, तुलसी उद्यान, शमशान घाट इत्यादि का घूम घूम कर स्थल निरीक्षण किया

प्रातः किरण संवाददाता



गया।पूरी दुनिया में हिंदुओं के बीच गया अपने 18वीं सदी के विष्णुपद मंदिर के लिए जाना जाता है, जो एक अष्टकोणीय मंदिर वाला नदी किनारे का मंदिर है. पास ही, प्राचीन मंगला गौरी मंदिर भस्म कू पहाड़ी की चोटी पर स्थित है।यह हिंदू धर्म की गहरी आध्यात्मिक परंपराओं व मानवीय मामलों में दैवीय हस्तक्षेप के लिए सांप्रदायिक श्रद्धा का एक जीवंत प्रमाण है. अनुष्ठानों, त्योहारों के माध्यम से, गया में विष्णुपद मंदिर आध्यात्मिक मोक्ष और सांप्रदायिक सद्भाव के सार को मूर्त रूप देने वाला एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल बना हुआ है. दूसरी तरफ गया पूरी दुनिया में मोक्ष स्थल के रूप में भी जानी जाती है. लोग अपने पितरों के आत्मा की शांति व मोक्ष प्राप्ति की कामना को लेकर यहां सालों भर आते जाते रहते हैं. यहां आकर पितरों को पिंडदान कर उनके मोक्ष प्राप्ति की कामना करते हैं. महाकुंभ की तरह प्रत्येक वर्ष यहां आश्विन मास में 17 दिवसीय पितृपक्ष मेला का आयोजन राजकीय स्तर पर किया जाता है. इस मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का आना-जाना होता है. दैत्य राज गया सुर के नाम पर नामित गया में श्रद्धालुओं के साथ-साथ सालों भर पर्यटकों का भी आवाजाही होता रहता है. यही कारण है कि केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार भी गया को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए लगातार प्रयत्नशील है. विष्णुपद मंदिर को बुनियादी ढांचे में सुधार, पर्यटन को बढ़ावा देने व मंदिर की विरासत को संरक्षित करने के लिए विकास की आवश्यकता पर पर्यटन विभाग द्वारा जोर दिया गया है. इस उद्देश्य के तहत केंद्र सरकार ने जहां विष्णुपद कॉरिडोर बनाने की घोषणा की है. वहीं बिहार सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा विष्णुपद मंदिर के जीर्णोद्धार व सौंदरीकरण को लेकर 6196.78 लाख रुपये खर्च किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने विष्णुपद पहुंचकर विष्णुपद मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के पुरोहितों एवं विभागीय अभियंताओं के साथ समन्वय बैठक करते हुए कॉरिडोर से संबंधित बनाए गए नक्शे पर विस्तार पूर्वक पुरोहितों को अवगत कराते हुए उनसे विचार विमर्श ली गई है पुरोहितों ने भी जिला प्रशासन को अनेक सुझाव दिए हैं जिस पर जिला प्रशासन उसे यथासंभव नोट करते हुए प्रोजेक्ट में शामिल करने की बात कही है। पर्यटन विभाग द्वारा विकास योजनाओं से जुड़े बने नशे व प्रारूप को डीएम एवं पुरोहितों ने देखा साथ ही पर्यटन विकास निगम पटना के कार्यपालक अभियंता, आर्किटेक्चर ने कॉरिडॉर डिजाइन के संबंध में क्या क्या काम किया जाना है, क्या क्या सहयोग की अपेक्षा है इत्यादि के संबंध में विस्तार से बताया गया है ।इस परियोजना से विष्णुपद मंदिर सहित दो क्षेत्रों का विकास कराया जायेगा.

## कोंग्रेस कमेटी संगठन के समीक्षा 28 मई को राजेंद्र आश्रम कार्यालय में होगा

गया जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार के निदेर्शानुसार आप सब को सूचित किया जाता है कि, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पत्रांक 143 दिनांक 23-05- 2025 के निदेर्शानुसार संगठन एवं संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा मनोज कुमार सिंह भारद्वाज, विवेक यादव, सुरेश मुखिया बिन्द निषाद, पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं जो 28 मई 2025 को गया जिला कांग्रेस कमिटी कार्यालय राजेंद्र आश्रम में दिन 11:00 आ रहें हैं ।अतः जिला कार्यकारी अध्यक्षगण, पूर्व विधायकगण, पूर्व प्रत्याशी, जिला के सभी पदाधिकारीगण, पूर्व पदाधिकारीगण, जिला के प्रदेश प्रतिनिधिगण, जिला के सभी प्रखंड के अध्यक्षगण, जिला प्रतिनिधिगण से निवेदन है कि आप जिला कार्यालय गया राजेंद्र आश्रम में दिनांक 28- 5 -2025 को 11:00 बजे दिन में पहुंचकर संगठन के समीक्षा हेतु आ रहे पर्यवेक्षकों के सामने अपने बात को अनुशासित पूर्वक रखने का कृपा करेंगे।

## समाज में मानसिक बीमारी को लेकर लोगों में गलतफहमियाँ:अंकित श्रीवास्तव



पटना। हमारे समाज में मानसिक बीमारी को लेकर कई गलत धारणाएँ बनी हुई हैं। लोग अक्सर इसे कोई गंभीर बीमारी नहीं मानते और नजरअंदाज कर देते हैं। जब कोई व्यक्ति मानसिक तनाव या परेशानी की बात करता है, तो लोग कहते हैं यह तो बस मन का वहम ह, सुबह की सैर कर लो, मूड ठीक हो जाएगा, या फिर कहीं घूम आओ, सब ठीक हो जाएगा। कुछ लोग यह भी कहते हैं तुम्हें कुछ नहीं हुआ है, ऐसा तो मुझे भी कभी-कभी लगता है, या इससे डरने की जरूरत नहीं है, कुछ दिनों में सब ठीक हो जाएगा। ऐसे सुझाव देने वाले लोग समझ नहीं पाते कि मानसिक बीमारी भी एक असली और गंभीर समस्या होती है। जब समय पर इलाज नहीं होता, तो मरीज की हालत धीरे-धीरे और खराब होती जाती है। इसलिए जरूरी है कि मानसिक बीमारी को गंभीरता से लिया जाए और सही समय पर इलाज करवाया जाए।

## अलग अलग मामले में तीन आरोपी गए जेल

शेरघाटी ।थाना क्षेत्र के समोद बीघा गांव से पुलिस ने कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद वारंटी सुरेश सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि उसके खिलाफ मारपीट का वारंट जारी किया गया था। जो फरार चल रहा था गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया गया है वहीं दूसरी तरफ डायन प्रताडन के मामले में थाना क्षेत्र के घुज्जी टोला के भंगीडीह गांव से धर्मेंद्र मांझी एवम अजय मांझी नामक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। न वहीं थाना अध्यक्ष ने बताया कि वरीय अधिकारी द्वारा दिए गए आदेश के बाद लगातार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है




# गौतम अडानी की झोली में गिरने वाली है एक और कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी ग्रुप अहमदाबाद की कंपनी डायमंड पावर इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड में हिस्सेदारी खरीदने की दौड़ में सबसे आगे है। इस मामले से जुड़े लोगों ने यह जानकारी दी है। हालांकि, दो और कंपनियां भी इस हिस्सेदारी को हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। देश के दूसरे बड़े रईस गौतम अडानी का ग्रुप डीपीआईएल में इसलिए दिलचस्पी दिखा रहा है क्योंकि वह अपने वेंडर इकोसिस्टम को और बेहतर बनाना चाहता है। आने वाले कुछ साल में अडानी ग्रुप का कैपिटल एक्सपेंडिचर यानी पूंजीगत व्यय काफी बढ़ने वाला है। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक डीपीआईएल एक ऐसी कंपनी है जो बिजली के बुनियादी ढांचे से जुड़े कई काम करती है। यह केबल, कंडक्टर, ट्रांसमिशन टावर और बिजली के ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन जैसे क्षेत्रों में काम करती है। कंपनी ट्रांसमिशन लाइन टावर और उनके पार्ट्स बनाने और लगाने का काम भी करती है। यह काम टर्नकी बेसिस पर होता है, जिसका मतलब है कि



कंपनी सब कुछ खुद ही करती है। भारत की इलेक्ट्रिक इंडस्ट्री में वायर एंड केबल की हिस्सेदारी करीब 40 फीसदी है। 2023 में इसका बाजार 8.7 अरब डॉलर का था जिसके 2032 में 17 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

**प्रमोटर्स की हिस्सेदारी-** एक सूत्र ने बताया कि डीपीआईएल में हिस्सेदारी खरीदने के लिए तीन कंपनियां बातचीत कर रही हैं जिनमें अडानी ग्रुप भी शामिल है। बीएसई में लिस्टेड डीपीआईएल के प्रमोटरों के पास अभी कंपनी की 90 प्रतिशतहिस्सेदारी है, जो मार्च 2024 में 94.88 प्रतिशतथी। सेबी के नियमों के मुताबिक प्रमोटर्स को कंपनी में अपनी हिस्सेदारी को घटाकर 75 प्रतिशतपर लाना है। उम्मीद है कि अगले 60 दिनों में यह डील हो जाएगी। डीपीआईएल का मार्केट कैपिटलाइजेशन लगभग 5,000 करोड़ रुपये है।

हालांकि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि प्रमोटर कंपनी की कितनी हिस्सेदारी बेचना चाहते हैं। अडानी ग्रुप के अलावा और कौन सी कंपनियां डीपीआईएल की हिस्सेदारी के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं, यह भी स्पष्ट नहीं है।

## जेप्टो के सीइओ आदित पालीचा ने प्रतिद्वंदी कंपनी के सीएफओ पर लगाया नकारात्मक प्रचार का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्विक डिलीवरी प्लेटफॉर्म जेप्टो के सीईओ और को-फाउंडर आदित पालीचा अपनी प्रतिद्वंदी कंपनी के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर पर कंपनी को बदनाम करने का आरोप लगाया है। आदित्य ने बताया कि एक प्रतिंद्वदी कंपनी के सीएफओ पिछले कुछ दिनों से उनके खिलाफ अलग-अलग जगह नकारात्मक प्रचार कर रहे हैं।

**क्या कुछ आदित पालीचा ने लिखा है-** आदित अपने पोस्ट में लिखते हैं, हमारे निवेशकों को फोन करके बेबुनियाद आरोप लगाना। पत्रकारों के साथ गलत नंबर के साथ एक्सेल शीट शेयर



करना। वहीं, सोशल मीडिया पर निगेटिव नरेटिव के लिए बोट्स को पैसा दिया जा रहा है। आदित ने अपने पोस्ट में किसी कंपनी का नाम नहीं लिया है। बता दें, इस सेक्टर में जेप्टो के अलावा, ब्लिंकिट, स्विगी इंस्टामार्ट, फ्लिपकार्ट मिनट्स और टाटा बिगबास्केट जैसी कंपनियां हैं। आदित पालीचा लिखते हैं कि यह काम किसी बड़ी कंपनी के सीएफओ को शोभा नहीं देता है। साथ ही वो जेप्टो के इबीआइटीडीए में तेजी के साथ हो रहे सुधार से घबरा रहे हैं।

**कंपनी के विषय में क्या कुछ बताया-** आदित पालीचा बताते हैं कि जेप्टो का ग्रॉस ऑर्डर वैल्यू 750 करोड़ रुपये से बढ़कर मई 2025 में 2400 करोड़ रुपये प्रति माह पहुंच गया है। उनका कहना है कि कंपनी का इबीआइटीडीए जनवरी 2025 के मुकाबले मई 2025 में 2000 बेसिस प्वाइंट्स बढ़ गया है। इसी दौरान कंपनी का कैश बर्न भी 65 प्रतिशत घटा है। पालीचा ने उम्मीद जताई है कि अगले क्वार्टर तक लगभग सभी डार्क स्टोर का इबीआइटीडीए पॉजिटिव हो जाएगा। उन्होंने बताया है, इस तिमाही के शुरुआत तक कंपनी के पास बैंक में 7445 करोड़ रुपये का कैश था। मौजूदा खर्च को अगर देखें तो कंपनी के पास कई सालों तक के लिए पैसा है।

## आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 52 वीक हाई पर, एचडीएफसी बैंक के शेयरों में उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में आज सप्ताह के पहले कारोबारी दिन को तेजी देखने को मिली है। इस तेजी के महौल में कई बैंकिंग स्टॉक भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसमें एचडीएफसी बैंक जैसा दिग्गज शेयर भी शामिल है। बता दें, निफ्टी बैंक में उछाल देखने को मिली है।

**आईसीआईसीआई बैंक शेयर प्राइस -** यह बैंकिंग स्टॉक आज यानी सोमवार को 1453.05 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में इस प्राइवेट बैंक के शेयर 1.40 प्रतिशत से




अधिक की बढ़त के साथ 52 वीक हाई 1471.10 रुपये के लेवल पर पहुंच गया।

**एचडीएफसी बैंक -**शेयर बाजार में आज एचडीएफसी बैंक के स्टॉक भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। बीएसई में बैंक के शेयर 1933 रुपये के लेवल पर ओपन होने के बाद दिन में करीब 1 प्रतिशत की तेजी के साथ 1949.90 रुपये के लेवल पर पहुंच गए। जोकि बैंक के शेयरों का 52 वीक हाई 1977.95 रुपये है।

**एक्सिस बैंक -** सोमवार को शुरुआती कारोबार में एक्सिस बैंक के भी शेयर बढ़त के साथ ही ट्रेड कर रहे थे। 1215.40 रुपये के लेवल पर खुलने के बाद यह स्टॉक 1224.10 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। एक्सिस बैंक के शेयरों में बीते 3 महीने के दौरान 20 प्रतिशत से अधिक उछाल दर्ज की गई है।

# आय का जरिया: रिटायरमेंट के बाद भी हर महीने पाएं तय रकम

### छात्रों के लिए भी फायदेमंद है एसडब्ल्यूपी प्लान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेवानिवृत्ति के बाद जब नियमित आय बंद हो जाती है, तो सिस्टमैटिक विड्रॉल प्लान (एसडब्ल्यूपी) उन लोगों के लिए बहुत उपयोगी साबित होता है, जिन्हें अपने दैनिक खर्चों को पूरा करने के लिए हर महीने एक निश्चित राशि की आवश्यकता होती है। एसडब्ल्यूपी सिस्टमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) का ठीक उल्टा है। एसआईपी में आप नियमित अंतराल पर एक निश्चित राशि निवेश करते हैं, जबकि एसडब्ल्यूपी में आप अपने मौजूदा म्यूचुअल फंड निवेश से नियमित अंतराल पर एक निश्चित राशि निकालते हैं। सिस्टमैटिक विड्रॉल प्लान एन्युटी या फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) से कईमायनों में भी काफी बेहतर होता है।

**छात्रों के लिए भी उपयोगी है विकल्प-** सेवानिवृत्ति के बाद यानी बुढ़ापे में व्यक्ति को अपने मासिक खर्चों को पूरा करने के लिए हर महीने पैसे की जरूरत होती है। जिनके पास किराये की संपत्ति से आय जैसे अन्य स्रोत हैं, वे भी अपने मौजूदा म्यूचुअल फंड निवेश से एसडब्ल्यूपी के माध्यम से इसे पूरक बना सकते हैं। यह उन लोगों के लिए बहुत उपयोगी है, जिन्हें नियमित समय अंतराल पर एक निश्चित राशि की आवश्यकता होती है। छात्रों के लिए भी यह विकल्प बहुत उपयोगी है, जिन्हें हर महीने एक निश्चित राशि की जरूरत होती है।

**हर माह निकाल सकते हैं इतने पैसे-** एसडब्ल्यूपी के जरिये हर महीने निकाली जाने वाली राशि मुख्य रूप से आपके घरेलू खर्चों को पूरा करने की मासिक आवश्यकता पर निर्भर करती है।यह भी ध्यान रखना होगा कि सेवानिवृत्ति फंड आपके जीवनकाल तक बना रहे। एक सामान्य नियम के अनुसार, आपको हर साल अपने सेवानिवृत्ति कॉर्पस का 40 फीसदी से अधिक नहीं निकालना चाहिए। उदाहरण के लिए, अगर आपने सेवानिवृत्ति के लिए 1.50 करोड़ रुपये का फंड जमा किया है, तो आपको पहले वर्ष के दौरान 4 फीसदी से अधिक (6 लाख रुपये) नहीं निकालना चाहिए। हर साल निकाली जाने वाली राशि आपके कॉर्पस के उस समय के मूल्य के आधार पर बढ़ेगी।

**कितना फंड जमा करना पर्याप्त-** यह सुनिश्चित करने के लिए कि एसडबल्यूपी सेवानिवृत्ति के बाद साथ दे, आपको अपनी कमाई के वर्षों के दौरान पर्याप्त फंड जमा करना होगा। एक सामान्य नियम के अनुसार, अगर आप 60 वर्ष में सेवानिवृत्ति होते हैं, तो आपको इस समय तक अपने सालाना खर्चों का 25 गुना जमा करना होगा। उदाहरण के लिए, अगर सेवानिवृत्ति के समय आपका मासिक खर्च 50,000 रुपये है, जो सालाना 6 लाख रुपये बनता है, तो आपको 60 वर्ष की आयु तक 1.50 करोड़ जमा करना होगा।

**टैक्स के मोर्चे पर भी है फायदेमंद-** एसडब्ल्यूपी में रिडेम्पशन आय के सिर्फ एक हिस्से पर टैक्स लगता है, वह भी इक्विटी स्कीम में रियायती दर पर, जबकि पेंशन-एफडी से प्राप्त राशि पर स्लैब रेट के हिसाब से टैक्स लगता है।इसलिए, एसडब्ल्पूयी सेवानिवृत्ति फंड से मासिक जरूरतें पूरी करने का टैक्स-कुशल तरीका प्रदान करता है।

### एन्युटी या एफडी से इसलिए है बेहतर

जब आप सिस्टमैटिक विड्रॉल प्लान चुनते हैं, तो म्यूचुअल फंड स्कीम में निवेश की कुछ यूनिट्स एसडब्ल्यूपी की राशि की आवश्यकता को पूरा करने के लिए रिडीम की जाती हैं। यूनिट्स को रिडेम्पशन की तारीख पर नेट एसेट वैल्यू (एनएवी) के आधार पर रिडीम किया जाता है। इसमें आपके निवेश की लागत और निवेश मूल्य में वृद्धि शामिल होती है। खरीद और रिडेम्पशन की एनएवी के बीच का अंतर ही आपकी आय मानी जाती है और उस पर टैक्स लगता है। टैक्स देनदारी इस बात पर निर्भर करती है कि निवेश डेट स्कीम में किया गया है या इक्विटी स्कीम में। 31 मार्च 2023 के बाद किए गए डेट स्कीम में निवेश के लिए खरीद लागत और रिडेम्पशन मूल्य के बीच का अंतर शॉर्ट-टर्म कैपिटल गेन माना जाता है और इस पर स्लैब रेट के हिसाब से टैक्स लगता है, भले ही आपका होल्डिंग पीरियड कितना भी हो। एक अप्रैल, 2023 से पहले किए गए डेट स्कीम में निवेश पर होने वाले मुनाफे पर 12.50 फीसदी की फ्लैट दर से टैक्स देना होता है। इक्विटी फंड स्कीम को 12 महीने के भीतर रिडीम किए गए मुनाफे पर 20 फीसदी और 12 महीने से अधिक समय तक रखे गए निवेश पर 12.50 फीसदी टैक्स लगता है। इसके विपरीत, एन्युटी से प्राप्त पूरी पेंशन और एफडी पर मिलने वाले ब्याज पर आपको स्लैब रेट के हिसाब से टैक्स देना होता है।

# ग्रे मार्केट में धूम मचा रहे दो आईपीओ, आज से बोली लगाने का मौका




**नई दिल्ली, एजेंसी।आईपीओ** मार्केट में इस हफ्ते फिर से हलचल होने वाली है। इस हफ्ते 9 आईपीओ खुलने जा रहे हैं। इनमें से मेन बोर्ड से दो आईपीओ आज यानी सोमवार से खुल गए हैं। इन दोनों आईपीओ को ग्रे मार्केट में अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

**लीला होटल्स आईपीओ-** श्लॉस बैंगलोर लिमिटेड कंपनी लीला होटल्स को चलाती है। इस आईपीओ का इश्यू साइज 3,500 करोड़ रुपये है। कंपनी ने 2,500 करोड़ रुपये के 5.75 करोड़ फ्रेश शेयर जारी किए हैं। वहीं 1,000 करोड़ रुपये 2.30 करोड़ शेयर ओएफएस के तहत जारी किए हैं। इस आईपीओ में 28 मई तक बोली लगा सकेंगे। लिस्टिंग 2 जून को हो सकती है। इसकी फेस वैल्यू 10 रुपये प्रति शेयर है। वहीं प्राइस बैंड 413 से 435 रुपये के बीच है। एक लॉट में 34 शेयर हैं। इसके लिए कम से कम 14,790 रुपये निवेश करने होंगे। एक रिटेल इन्वेस्टर अधिकतम 13 लॉट के लिए बोली लगा सकता है।

**क्या है जीएमपी-** इस आईपीओ को ग्रे मार्केट में अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। सोमवार सुबह करीब 7 बजे इसका जीएमपी यानी ग्रे मार्केट प्रीमियम 13 रुपये था। यानी यह शेयर करीब 3 फीसदी की बढ़त के साथ 448 रुपये पर लिस्ट हो सकता है। हालांकि 24 मई को इसका जीएमपी 22 रुपये पर पहुंच गया था।

### एजिस वोपाक टर्मिनल्स आईपीओ

इस आईपीओ का इश्यू साइज 2,800 करोड़ रुपये है। यह पूरी तरह से फ्रेश इश्यू है। कंपनी ने 11.91 करोड़ फ्रेश शेयर जारी किए हैं। यानी कोई भी शेयर ओएफएस के तहत जारी नहीं किया है। इस आईपीओ में भी 28 मई तक बोली लगा सकेंगे। इसकी भी लिस्टिंग 2 जून को हो सकती है। इसकी फेस वैल्यू 10 रुपये प्रति शेयर है। वहीं प्राइस बैंड 223 रुपये से 235 रुपये प्रति शेयर है। एक लॉट में 63 शेयर हैं। इसके लिए कम से कम 14,805 रुपये निवेश करने होंगे। इस आईपीओ के लिए भी एक रिटेल इन्वेस्टर अधिकतम 13 लॉट के लिए बोली लगा सकता है।

### क्या है जीएमपी

यह आईपीओ भी ग्रे मार्केट में छाया हुआ है। सोमवार सुबह इसका जीएमपी 14.5 रुपये था। यानी यह शेयर 6.17 फीसदी की तेजी के साथ 249.5 रुपये पर लिस्ट हो सकता है। 24 मई को इस आईपीओ का जीएमपी 17 रुपये पर ट्रेंड कर रहा था।

### बंपर लाभांश से राजकोषीय हालात बेहतर करने में मिलेगी मदद

# 70000 करोड़ अतिरिक्त खर्च कर सकेगी सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 2.69 लाख करोड़ रुपये के बंपर लाभांश से सरकार की राजकोषीय स्थिति बेहतर हो सकेगी। साथ ही, दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में वृद्धि को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। एसबीआई ने इकोरैप रिपोर्ट में कहा, हमारा अनुमान है कि बंपर लाभांश से राजकोषीय घाटा बजट स्तर से 0.2 फीसदी कम होकर जीडीपी का 4.2 फीसदी रहेगा। यह वैकल्पिक रूप से करीब 70,000 करोड़ के अतिरिक्त खर्च का रास्ता भी खोलेगा, जबकि अन्य चीजों में कोई बदलाव नहीं होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025-26 के बजट में 2.56 लाख करोड़ का लाभांश मिलने का अनुमान लगाया था।




**आरबीआईविदेशी मुद्रा भंडार का शीर्ष विक्रेता-** रिपोर्ट में कहा गया है कि यह अधिशेष भुगतान मजबूत सकल डॉलर की बिक्री, उच्च विदेशी मुद्रा लाभ और ब्याज आय में लगातार वृद्धि की वजह से है। आरबीआई जनवरी में एशिया के अन्य केंद्रीय बैंकों की तुलना में विदेशी मुद्रा भंडार का शीर्ष विक्रेता था। सितंबर, 2024 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 704 अरब डॉलर के शिखर पर पहुंच गया था।

### चालू वित्त वर्ष में अच्छी रहेगी नकदी की स्थिति

रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष में टिकाऊ नकदी की स्थिति अधिशेष में रहने की उम्मीद है। इसमें खुले बाजार परिचालन (ओएमओ) की खरीद, आरबीआई के लाभांश हस्तांतरण और 2025-26 में 25-30 अरब डॉलर के भुगतान संतुलन (बीओपी) अधिशेष से समर्थन मिलेगा।

# निवेश मंत्रा: ब्लूचिप बनने की दौड़ में ये कंपनियां

### बढ़त की संभावना वाले शेयरों में निवेश का मिलेगा फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जिस तरह से छोटी और मझोली कंपनियां यानी एसएमई में बढ़त की संभावना होती है और आगे चलकर ये एक बड़ी कंपनी के रूप में बदल जाती हैं, उसी तरह से शेयर बाजार में सूचीबद्ध कंपनियों में भी यह क्षमता होती है। उनमें स्मॉलकैप से मिडकैप और मिडकैप से लार्जकैप बनने की क्षमता होती है। ऐसे में अगर आप आगे अच्छा लाभ कमाना चाहते हैं, तो इन कंपनियों के शेयरों में म्यूचुअल फंड के जरिये सुरक्षित निवेश कर सकते हैं। कुछ ऐसी कंपनियां होती हैं जो अंडररेटिंग होती हैं। ऐसे में जब इनकी रेटिंग आगे की जाती है, तब इनके वास्तविक वृद्धि का पता चलता है।



**बीएसई की 100 से आगे की कंपनियों में मौका-** आप कम रेटिंग वाली ब्लूचिप कंपनियों में निवेश कर सकते हैं, जिनमें बीएसई सेंसेक्स का हिस्सा बनने की क्षमता है। बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट-30 इंडेक्स में वे कंपनियां शामिल हैं, जो बीएसई 100 का हिस्सा हैं, लेकिन बीएसई सेंसेक्स का हिस्सा नहीं हैं। ये 30 कंपनियां ब्लू चिप हैं, जिनमें मदरबोर्ड बीएसई सेंसेक्स का हिस्सा बनने की क्षमता है। निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड ने पैसिव कैटेगरी में नया फंड ऑफर लॉन्च किया है। यह बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट-30 इंडेक्स फंड बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट-30 इंडेक्स की तरह होगा।

**पिछले 10 वर्षों में 20 शेयर बढ़ गए आगे-** पिछले 10 वर्षों में 20 स्टॉक बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट-30 से बीएसई सेंसेक्स में आगे बढ़े हैं। यह इंडेक्स कम प्रतिनिधित्व वाले लार्ज कैप को कवर करता है, जो एक ऐसा बेहतर स्थान है, जिसे कोई अन्य इंडेक्स नहीं पकड़ पाता है। दिलचस्प बात यह है कि बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट-30 टीआरआई ने लगातार बीएसई सेंसेक्स से बेहतर प्रदर्शन किया है, जिससे यह ईटीएफ श्रेणी में एक आकर्षक निवेश विकल्प बन गया है।

**पांच वर्षों में 26 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न-** पांच वर्षों में बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट-30 इंडेक्स ने 26 फीसदी चक्रवृद्धि दर और बीएसई सेंसेक्स ने 20.3 फीसदी रिटर्न दिया।

तीन वर्षों में भी नेक्स्ट-30 इंडेक्स ने 15.7 फीसदी व सेंसेक्स ने 13.4 प्रतिशतरिटर्न दिया। बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट-30 इंडेक्स ने पांच साल में निफ्टी-50 और निफ्टी नेक्स्ट-50 टीआरआई से भी बेहतर प्रदर्शन किया है। बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट-30 12 सेक्टरों में फैला विविधतापूर्ण इंडेक्स है। इनमें जेएसडब्ल्यू स्टील, इंटरग्लोब एविएशन, ग्रासिम, ओएनजीसी, बजाज ऑटो, अदाणी एंटरप्राइजेज, बीपीसीएल, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज और विप्रो जैसी कंपनियां शामिल हैं।

# केसी कार्टी की शतकीय पारी, वेस्टइंडीज ने आयरलैंड को 97 रन से हराया




**डबलिन (एजेंसी)।** केसी कार्टी (170) की शानदार शतकीय, कप्तान शे होप (75) और जस्टिन ग्रीव्स (50) की अर्धशतकीय पारियों के बाद जेडेन सील्स (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने तीसरे एकदिवसीय वर्षा बाधित मुकाबले में डकवर्थ-लुईस स्टर्न पद्धति (डीआरएस पद्धति) से आयरलैंड को 97 रनों से हरा दिया। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। केसी कार्टी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' तथा 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया।

आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने दोनो सलामी बल्लेबाजों के विकेट 31 के स्कोर पर गवां दिए। ब्रैंडन किंग (एक) और एविन लुइस (14) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद केसी कार्टी और कप्तान साई होप ने ना केवल पारी को संभाला तेजी के साथ रन भी बटोरे। केसी कार्टी और साई होप ने तीसरे विकेट के लिए 147 गेंदों पर 137 रन की साझेदारी हुई। केसी कार्टी ने 142 गेंदों में (170), कार्टी का यह लगातार दूसरा शतक है।

कप्तान साई होप ने 75 गेंदों में (75) और जस्टिन ग्रीव्स ने 23 गेंदों में (50) की शानदार पारी खेली। जांगो ने 36 गेंदों का सामना कर 22 रन बनाए। उसके बाद कार्टी ने पांचवें विकेट के लिए जस्टिन ग्रीव्स के साथ 40 गेंदों पर 97 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी की बदौलत आखिरी आठ ओवरों में 132 रन जोड़े और वेस्टइंडीज ने निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 385 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

आयरलैंड के लिए बैरी मक्कार्थी ने तीन विकेट लिये। लियम मक्कार्थी को दो विकेट मिले। एंडी मैक्ब्राइन और जॉर्ज डॉकरेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। बारिश के कारण आयरलैंड को 46 ओवरों में 363 रन बनाने का लक्ष्य दिया गया था। वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रामण के आगे आयरलैंड की पूरी टीम 29.5 ओवर में 165 रन पर ढ़ेर हो गई। आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 40 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिए।

आयरलैंड का पहला विकेट एंडी बैलबर्नी (तीन),पॉल स्टर्लिंग (26) और हैरी टेक्टर (शून्य) पर आउट हुये। इसे बाद लोकरन टकर ने केड कार्माइकल के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच 72रनों की साझेदारी हुई। 21वें ओवर में अल्जारी जोसेफ ने लोकरन टकर (29) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया।

# आज लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आरसीबी की नजरें शीर्ष दो में जगह बनाने पर




**लखनऊ (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने आखिरी लीग मुकाबले में मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत के साथ तालिका में शीर्ष दो में अपनी जगह पक्की करने पर होगी। सुपर जायंट्स की टीम हालांकि मौजूदा सत्र में अपने निराशाजनक अभियान का अंत जीत से करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाएगी।

गुजरात टाइटंस की लगातार हार ने तीसरे स्थान पर काबिज आरसीबी के लिए 2016 के बाद पहली बार शीर्ष दो में जगह बनाने का शानदार मौका बना दिया है। आईपीएल की तालिका में शीर्ष दो पायदान पर रहने वाली टीमों को तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के मुकाबले फाइनल में पहुंचने का एक अतिरिक्त मौका मिलता है। आरसीबी के नाम 17 अंक है और उसके लिए गलती की गुंजाइश बहुत कम है। शीर्ष पर पहुंचने के लिए उसे इस मैच में जीत जरूरी है।

मुंबई इंडियंस (16 अंक) और पंजाब किंग्स (17 अंक) में से कोई एक आज शाम होने वाले मुकाबले के बाद टाइटंस से (18 अंक) से आगे निकलने के लिए तैयार है। भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के कारण लीग के 10 दिवसीय विराम से पहले आरसीबी शानदार फॉर्म में थी। उसने लगातार चार मैच जीते थे लेकिन इस ब्रेक ने टीम की लय को प्रभावित किया।

लीग के फिर से शुरू होने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उनका मैच बारिश से धुल गया और फिर सनराइजर्स हैदराबाद से 42 रन से शिकस्त का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की वापसी से आरसीबी के खेमे में उत्साह बढ़ा है। हेजलवुड इस सत्र में टीम के लिए सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 10 मैचों में 18 विकेट लिए हैं और फिलहाल टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में चौथे नंबर पर हैं।

आरसीबी भी परिस्थितियों से परिचित होगी क्योंकि उसने अपना पिछला मैच इकाना स्टेडियम में ही खेला था। लखनऊ सुपर जायंट्स को हालांकि उसके घरेलू मैदान पर हराना आसान नहीं होगा। अपने पिछले मैच में टाइटंस को हराने के बाद मेजबान टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। एडेन मारक्रम, मिचेल मार्श और निकोलस पूरन की तिकड़ी ने इस सत्र में सुपर जायंट्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी से टीम ने टाइटंस के खिलाफ दो विकेट पर 235 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था।

### टीमें

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**–फिल साल्ट, विराट कोहली, रजत पाटीदार (कप्तान), मयंक अग्रवाल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, कृणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, जोश हेजलवुड, यश दयाल, रसिख दार सलाम, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा, अभिनंदन सिंह।

**लखनऊ सुपर जायंट्स**–ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), एडेन मारक्रम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, अब्दुल समद, डेविड मिलर, शारदुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप, दिग्वेश राठी, रवि बिश्नोई, प्रिंस यादव, शाहबाज अहमद, मैथ्यू ब्रीट्जके, हिम्मत सिंह, शमर जोसेफ, मणिमरन सिद्धार्थ, आर्यन जुयाल, आरएस हंगरगेकर, युवराज चौधरी, आकाश महाराज सिंह, अर्शिन कुलकर्णी, विल ओरोर्के।

समय–शाम 7.30 बजे।

इस मैच में टीम की गेंदबाजी इकाई ने भी प्रभावित किया था। चोटिल मयंक यादव की जगह लेने वाले विल ओरोर्के को शामिल करना एक सकारात्मक कदम रहा है। इस सत्र में एलएसजी की खोज रहे स्पिनर दिग्वेश राठी भी एक मैच का निलंबन पूरा करने के बाद इस मुकाबले से वापसी करेंगे। टीम को सत्र के आखिरी मुकाबले में अपने कप्तान ऋषभ पंत से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो पूरे सत्र में रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे।

## क्या धोनी फिट भी हैं?

### सुरेश रैना और आकाश चोपड़ा के बीच लाइव टीवी पर हुई तीखी बहस



**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में आईपीएल 2025 का अंत गुजरात टाइटंस पर 83 रन की धमाकेदार जीत के साथ किया। पांच बार की चैंपियन ने आईपीएल 2025 में 14 मैचों में से केवल चार जीत के साथ 8 अंक हासिल किए। टीम के प्रदर्शन के साथ ही धोनी के प्रदर्शन पर सवाल उठे क्योंकि पिछले साल के 53 के औसत में भारी गिरावट आई। मैच के बाद सुरेश रैना और आकाश चोपड़ा के बीच इस बात को लेकर लाइव टीवी पर बहस छिड़ गई कि क्या धोनी अभी भी फिट हैं।

आकाश चोपड़ा -अगर एमएस धोनी अनकैप्ड भारतीय नहीं होते, तो क्या वे इस साल ष्टस्य टीम का हिस्सा होते? सुरेश रैना -बिल्कुल, वे 18 साल से टीम के साथ हैं। अब भी, वे सबसे ज्यादा छक्के लगाते हैं। आकाश चोपड़ा-मुद्दा यह है कि वह नंबर 7, नंबर 8 या नंबर 9 पर क्यों बल्लेबाजी कर रहे हैं? आपकी टीम अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर रही है, समस्याएं शीर्ष क्रम से आ रही हैं। क्या इतने बड़े खिलाड़ी को ऊपर बल्लेबाजी करनी चाहिए? अनिच्छा क्यों? क्या वह फिट भी है या नहीं? सुरेश रैना - उन्हें लगता है कि वह अंतिम चार ओवरों में अधिक सहज हैं। वह 44 साल की उम्र में विकेटकीपिंग करते हुए फिट हैं। उन्होंने बीच में एक इंटरव्यू दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि विश्व कप (टी20) के लिए एक टीम बनाई जा रही है इसलिए वह शिवम दुबे जैसे अन्य खिलाड़ियों को मौका देना चाहते हैं। इन दोनों के बीच आरपी सिंह की एंट्री होती है और वह भी धोनी को लेकर अपनी बात रखते हैं।


## टीम हारी, लेकिन सुनील नरेन ने किया अपना काम, बनाया बड़ा रिकॉर्ड



**कोलकाता (एजेंसी)।** टी20 क्रिकेट में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्टार स्पिनर सुनील नरेन ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। नरेन ने किसी एक टी20 टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने कोलकाता के लिए 209 विकेट हासिल किए, जो इस फॉर्मेट में किसी एक फ्रेंचाइजी के लिए सबसे ज्यादा है। यह उपलब्धि आईपीएल 2025 के दौरान हासिल हुई, जहां नरेन ने अपनी फिरकी से बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया। वेस्टइंडीज के इस दिग्गज ऑफ-स्पिनर ने नॉटिंघमशायर के समित पटेल को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 208 विकेट हैं। तीसरे स्थान पर हैम्पशायर के क्रिस वुड हैं, जिन्होंने 199 विकेट लिए, जबकि श्रीलंका के तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा 195 विकेट के साथ चौथे स्थान पर हैं, जो उन्होंने मुंबई इंडियंस (स्ब्ह्) के लिए हासिल किए। सुनील नरेन ने कोलकाता के लिए 2012 में डेब्यू किया था और तब से वे टीम के सबसे भरोसेमंद गेंदबाज रहे हैं। उनकी कसी हुई गेंदबाजी, विविधताओं भरी स्पिन और पावरप्ले व डेथ ओवर्स में प्रभावी गेंदबाजी ने उन्हें कोलकाता का अभिन्न हिस्सा बनाया। नरेन ने न केवल विकेट चटकाए, बल्कि अपनी किफायती गेंदबाजी से कई बार विरोधी टीमों के रन रेट पर अंकुश लगाया। इसके अलावा, उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी और फील्डिंग ने भी कोलकाता को कई मौकों पर जीत दिलाई।आईपीएल 2025 में नरेन ने एक बार फिर अपनी काबिलियत साबित की, जहां उन्होंने महत्वपूर्ण मुकाबलों में बड़े बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। उनकी इस उपलब्धि ने कोलकाता के प्रशंसकों में उत्साह भर दिया है।

## सौरव गांगुली के भाई और भाभी हादसे का शिकार, स्पीडबोट समुद्र में पलटी, बाल-बाल बची जान

**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली के भाई स्नेहाशीष गांगुली और उनकी पत्नी अर्पिता बाल-बाल बच गए। पुरी में छुट्टियां मना



रहे गांगुली बीच पर वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी का आनंद ले रहे थे, इस दौरान उनकी स्पीडबोट समुद्र में पलट गई। इस दौरान लाइफगार्ड ने उन्हें बचाया। लाइफगार्ड्स ने उन्हें बचाने के लिए रबर फ्लोट का इस्तेमाल किया।

अर्पिता गांगुली ने कहा, समुद्र पहले से ही बहुत उग्र था। नाव पर 10 लोगों की क्षमता थी, लेकिन पैसे के लालच में उन्होंने केवल तीन से चार लोगों को ही सवार होने दिया। यह उस दिन समुद्र में जाने वाली आखिरी नाव थी। हमने समुद्र में जाने को लेकर चिंता जताई थी, लेकिन संचालकों ने हमें बताया कि यह ठीक है।उन्होंने कहा कि जैसे ही वे समुद्र में गए, नाव पर एक बहुत बड़ी लहर आ गई। उन्होंने कहा, अगर लाइफगार्ड नहीं आते, तो हम बच नहीं पाते। मैं अभी भी सदमे में हूं...मैंने कभी ऐसा कुछ नहीं देखा। अगर नाव पर और लोग होते, तो शायद नाव पलटती नहीं। अर्पिता गांगुली ने कहा, अधिकारियों को यहां इन खेलों पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। पुरी बीच पर समुद्र बहुत उग्र है।

## लाहौर कलंदर्स ने चार साल में तीसरी बार जीता पीएसएल का खिताब, इनाम में मिलने मात्र इतने करोड़


**लाहौर (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे के हरफनमौला सिकंदर रजा ने टॉस से महज 10 मिनट पहले इंग्लैंड से यहां पहुंचकर लाहौर कलंदर्स को चार साल में पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) का तीसरा खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

खिताब जीतने पर कलंदर्स को पुरस्कार के रूप में 500,000 डॉलर भी मिले जो करीब 4.24 करोड़ रुपए बनते हैं। वहीं उपविजेता टीम ग्लेडिएटर्स को 200,000 डॉलर मिले, जो लगभग 1.69 करोड़ रुपए बनते हैं। अगर इस राशि को अगर आईपीएल की इमानी राशि से जोड़कर देखा जाए तो यह काफी कम हैं क्योंकि आईपीएल का खिताब जीतने वाली टीम को 20 करोड़ रुपए मिलेंगे। वहीं पीएसएल की खिताबी राशि से कहीं अधिक राशि आईपीएल नीलामी में खिलाड़ियों पर खर्च की जाती है। इसमें ऋषभ पंत एक उदाहरण हैं जो इस बार 27 करोड़ में बिके थे।




लाहौर ने रविवार को रोमांचक फाइनल में बड़े स्कोर का सफलता से पीछा करते हुए क्वेटा ग्लैडिएटर्स को एक गेंद शेष रहते छह विकेट से हराया। रजा ने नॉटिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था जिसे जिम्बाब्वे शनिवार को पारी से हार गया था। उन्होंने रविवार को सात गेंदों पर नाबाद 22 रन बनाए जबकि कुसल परेरा ने 31 गेंदों में नाबाद 62 रनों की पारी खेली जिससे लाहौर ने 19.5 ओवर में चार विकेट पर 204 रन बनाकर जीत दर्ज की।

## बड़ी हार के बाद बोले केकेआर के कप्तान रहाणे, एक टीम के रूप में हम अच्छा नहीं खेले




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बड़ी हार के साथ अपने अभियान का अंत करने के बाद कहा कि उनकी गत चैंपियन टीम मौजूदा सत्र में एक इकाई के रूप में अच्छा खेलने में नाकाम रही। प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी इन दो टीम के बीच हुए मुकाबले को 110 रन से जीतकर गत उप-विजेता सनराइजर्स की टीम 14 मैच में 13 अंक के साथ छठे स्थान पर पहुंच गई। नाइट राइडर्स की टीम 14 मैच में 12 अंक के साथ आठवें स्थान पर है।

रहाणे ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, 'मुझे लगता है कि मौजूदा सत्र हमारे लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा। हमारे पास मौके थे और मैंने पहले भी कहा था कि उन मुकाबलों के दौरान एक इकाई के रूप में हम अच्छा नहीं खेले। यह प्रारूप ऐसा ही है, आप जानते हैं। यदि आप करीबी मैच जीतते हैं तो वे अंतर पैदा करते हैं। किंग्स इलेवन पंजाब का मैच, लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ मैच और चेन्नई सुपरकिंग्स का मैच, मुझे लगता कि वे दो-तीन मैच थोड़े अलग हो सकते थे।

सुपर जाइंट्स के खिलाफ नाइट राइडर्स को चार रन से हार का सामना करना पड़ा जबकि सुपरकिंग्स ने एक मैच में इस टीम को दो विकेट से हराया। पंजाब किंग्स के खिलाफ एक मैच में नाइट राइडर्स की टीम 112 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सिर्फ 95 रन पर सिमट गई जबकि एक मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। रहाणे ने हालांकि उम्मीद जताई कि उनके खिलाड़ी इस साल हुए मुकाबलों से सबक लेंगे और टीम अगले साल और मजबूत बनकर लौटेगी।

नाइट राइडर्स के कप्तान ने कहा, 'एक कप्तान के रूप में मैंने जो देखा, जो मैंने महसूस किया, तैयारी के लिहाज से सभी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। जब आप चैंपियनशिप जीतते हैं तो यह आसान नहीं होता है। अगले सत्र में खिताब का बचाव करना, यह इतना आसान नहीं है। सभी टीमों की तैयारी काफी अच्छी रही। उन्होंने कहा, 'सभी टीमें बेहद शानदार हैं। एक टीम के रूप में हमने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। मैं यही कह सकता हूं कि हम अगले साल और मजबूत होकर वापस आएंगे।

रहाणे ने कहा कि उनके गेंदबाजों ने पूरे सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन बल्लेबाजी उनकी टीम का कमजोर पक्ष रही। रहाणे ने कहा, 'हमारे गेंदबाजों के लिए मिला-जुला सत्र रहा। अगर आप हर्षित (राणा) को देखें तो वह वाकई बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उसने टीम, फ्रेंचाइजी के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम में गया तो वहां भी अच्छा प्रदर्शन किया। कभी-कभी किसी खिलाड़ी के लिए यह काफी चुनौतीपूर्ण होता है जो शीर्ष स्तर पर कड़े मुकाबले खेला हो और तुरंत बाद यहां आकर अच्छा प्रदर्शन करे। यह कोई बहाना नहीं है लेकिन एक खिलाड़ी के तौर पर यह हमारे लिए एक चुनौती थी।

उन्होंने कहा, 'वरुण (चक्रवर्ती) ने चैंपियंस ट्रॉफी में फिर से अच्छा प्रदर्शन किया, आप जानते हैं कि बेहद कड़ा टूर्नामेंट। कभी-कभी यह आपके शरीर और दिमाग पर भी भारी पड़ता है। मुझे लगता है कि गेंदबाजी में हमने अच्छा प्रदर्शन किया। कप्तान ने कहा, 'विकेट बल्लेबाजों के लिए काफी अच्छे थे। इसलिए आपने उन विकेटों पर 200 से अधिक के स्कोर बनते देखे। लेकिन मुझे लगा कि पूरे सत्र में गेंदबाजी करते हुए एक इकाई के तौर पर हमने वाकई अच्छा प्रदर्शन किया।

रहाणे ने टीम की बल्लेबाजी के संदर्भ में कहा, 'हम जहां थोड़े कमजोर रहे, वह थी बल्लेबाजी। एक बल्लेबाजी इकाई के तौर पर सामूहिक रूप से हम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। आप खुद पर दबाव डालते हैं और मुझे लगता है कि अधिकांश बल्लेबाजों को यह साबित करना था कि मैं कितना अच्छा हूं और यह पूरी तरह से स्वाभाविक है। उन्होंने कहा, ''मुझे यकीन है कि हमारे खिलाड़ी गलतियों से सीखेंगे। एक टीम के तौर पर इस सत्र से बहुत कुछ सीखने को मिला। किसी एक को नहीं बल्कि सभी को।

रहाणे ने कहा कि दुर्भाग्य से उनके कुछ बल्लेबाज खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं जिसका टीम को खामियाजा भुगतना पड़ा। उन्होंने कहा, 'दुर्भाग्य से हमारे लिए दो, तीन खिलाड़ी उस खराब दौर से गुजर रहे थे और यही कारण था कि हम बल्लेबाजी इकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके लेकिन वे इस स्थिति को संभालने के लिए काफी अनुभवी हैं। मुझे यकीन है कि वे अगले साल और मजबूत होकर वापसी करेंगे। रहाणे ने कहा, 'मुझे यकीन है कि रिंकू (सिंह), रमन (रमनदीप सिंह), सभी खिलाड़ी गलतियों से सीखेंगे और मजबूत होकर वापसी करेंगे।

रहाणे ने कहा कि उन्हें पारी का आगाज करना पसंद है लेकिन पिछले सत्र में क्विंटन डिकॉक और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया और टीम इस जोड़ी को तोड़ना नहीं चाहती थी। साथ ही तीसरे और चौथे नंबर पर उन्होंने और अंगकृष रघुवंशी स्थिति के अनुसार ढलने में सफल रहे। वेंकटेश अय्यर को टीम ने 23 करोड़ 75 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा लेकिन वह बुरी तरह फ्लॉप रहे।

## संक्षिप्त समाचार



### दिल्ली में मई महीने में कभी नहीं हुई इतनी बारिश, ऑलटाइम नया रिकॉर्ड बना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में 1901 से बारिश का रिकॉर्ड रखने की शुरुआत हुई थी। मौसम विभाग के अनुसार, तब से लेकर अब तक दिल्ली में मई महीने में कभी इतनी बारिश दर्ज नहीं की गई। मई महीने में सबसे अधिक बारिश 2008 में 165 मिमी दर्ज की गई थी। 2025 में यह रिकॉर्ड टूट गया। इस साल मई महीने में 186.4 मिमी बारिश के साथ दिल्ली ने नया रिकॉर्ड बनाया है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, रविवार अलसुबह शहर में आए तूफान और कुछ ही घंटों में 81.4 मिमी बारिश हुई। इससे पहले बुधवार रात को भी जोरदार बारिश हुई थी। दिल्ली में 1901 में रिकॉर्ड रखने की शुरुआत के बाद से अब तक का सबसे अधिक बारिश वाला मई महीना दर्ज किया गया। इस महीने की कुल बारिश अब 186.4 मिमी तक पहुंच गई है। यह मई 2008 में स्थापित 165 मिमी के पिछले सर्वकालिक रिकॉर्ड को पार कर गई है।

शनिवार रात करीब 2 बजे आए तूफान के कारण 82 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं, जिससे बड़े पैमाने पर जलभराव हो गया, पेड़ उखड़ गए और हवाई अड्डे पर बड़ी रुकावटें आईं। अकेले दिल्ली में रविवार की बारिश को आईएमडी ने अपने मानकों के अनुसार, भारी के रूप में वर्गीकृत किया है। इसे 20 मई, 2021 को दर्ज 119.3 मिमी के बाद 24 घंटे में शहर की दूसरी सबसे अधिक वर्षा दर्ज की गई। इससे तापमान में भारी गिरावट आई। सफदरजंग में 75 मिनट के अंदर पारा 10 डिग्री गिर गया। यह 31 से 21 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

मौसम विभाग ने कहा कि असामान्य रूप से तेज तूफान आर्द्र दक्षिण-पूर्वी हवाओं और शुष्क पश्चिमी हवाओं के बीच परस्पर क्रिया का परिणाम था। तीन सक्रिय मौसम प्रणालियों के कारण और तेज हो गया। उत्तर पंजाब और जम्मू-कश्मीर के ऊपर एक पश्चिमी विक्षोभ और दो ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण- एक उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश और उत्तरी हरियाणा के ऊपर और दूसरा पश्चिमी राजस्थान के ऊपर।

आंकड़ों के अनुसार, शहर में इससे पहले 2 मई को 77 मिमी बारिश हुई थी। हालांकि, आने वाले दिनों के लिए कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है, लेकिन आईएमडी ने पूरे सप्ताह रुक-रुक कर हल्की बारिश और 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने और गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान लगाया है।

रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 9 डिग्री कम 31.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान मई महीने के औसत से 7 डिग्री कम 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### हराम का माल लेकर आई है, कितनों से...; महिला के लिए इन शब्दों के इस्तेमाल पर कोर्ट ने दोषी ठहराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने हराम शब्द का अर्थ समझाते हुए कहा कि यह किसी मेहनती महिला का अपमान करने के लिए काफी है। कोर्ट ने कहा कि हराम शब्द का मतलब है कि कोई ऐसी चीज जो गलत तरीके से अर्जित की गई हो।



लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, तीस हजारी कोर्ट के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट (जेएमएफसी) करणबीर सिंह ने कहा कि हराम शब्द ऐसा शब्द नहीं है जिसका इस्तेमाल सिर्फ किसी व्यक्ति का अपमान करने के लिए किया जाता है। हराम शब्द का मतलब है कि कोई ऐसी चीज जो निषिद्ध हो और जिसे गलत तरीके से अर्जित किया गया हो। यह शब्द किसी भी मेहनती महिला की शील का अपमान करने के लिए काफी है।

# पाकिस्तान की कमर तोड़ने का तैयार है प्लान, पांच एशियाई विदेश मंत्री आ सकते हैं भारत



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत ने पाकिस्तान की कमर तोड़ने का प्लान तैयार कर लिया है। पाकिस्तान पहले से ही आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। वहीं चाबहार बंदरगाह के जरिए भारत पाकिस्तान को अलग-थलग कर देना चाहता है। हाल के दिनों में पाकिसतान और तालिबान के बीच संबंध खराब हुए हैं। भारत चाहता है कि पाकिस्तानी बंदरगाहों पर निर्भरता कम हो जाए। वहीं ईरान चाहता है कि इस बंदरगाह के जरिए वह भारत के नेतूत्ववाले अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारे में शामिल हो जाए। अगले महीने सेंट्रल एशिया के पांच विदेश मंत्री भारत आ सकते हैं। उस दौरान भारत पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद, सीमापार आतंकवाद और पाकिस्तान पर व्यापार की निर्भरता को कम करने का मुद्दा उठा सकता है।


अफगानिस्तान और पाकिस्तान के आसपास सेंट्रल एशिया आतंकवाद का शिकार लंबे समय से रहा है। अफगानिस्तान में भी सीमापार आतंकवाद की समस्या बढ़ रही है। जून में होने वाली विदेश मंत्रियों की यह बैठक पहले 2022 में ही गणतंत्र दिवस के मौके पर होनी थी। हालांकि किसी वजह से उस समय यह मीटिंग नहीं हो पाई थी। ईटी की रिपोर्ट के मुताबिक विदेश मंत्रियों की इस बैठक में आतंकवाद के खिलाफ एक्शन और यूरेशिया में आईएनएसटीसी और चाबहार पोर्ट के जरिए व्यापार को बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा।

### कौन-कौन से देशों को विदेश मंत्री आ सकते हैं भारत

जून के महीने में कजाकिस्तान, किर्गिज रिपब्लिक, तजाकिस्तान, तुर्किमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्री भारत आ सकते हैं। कजाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान ने पहले से ही आईएनएसटीसी और चाबहार पोर्ट के जरिए भारत से व्यापार शुरू कर दिया है। जानकारों का कहना है कि भारत केंद्रीय एशिया के देशों के साथ रक्षा संबंध और व्यापारिक संबंध और मजबूत करना चाहता है। अफगानिस्तान-पाकिस्तान रीजन में बढ़ते आतंकवाद को लेकर रूस समेत केंद्रीय एशिया के देश बेहद परेशान हैं। भारत इस मौके का फायदा उठाना चाहता है। आतंकवाद के खिलाफ अगर इन देशों ने मिलकर लड़ाई शुरू की तो पाकिस्तान अपने आप ही अलग-थलग हो जाएगा। पिछले कुछ महीनों में कजाकिस्तान-किर्गिस्तान और ताजिकिस्तान में आतंकवाद पर बड़ी कार्रवाई की गई है। 2024 में एससीओ समिट में भी इन देशों ने संयुक्त बयान में आतंकवाद और सीमापार आतंकवाद के खिलाफ वार किया था।

### दुनियाभर से ज्यादा अकेले पाक में रह रहे आतंकीः गुलाम नबी आजाद

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के प्रमुख गुलाम नबी आजाद ने पाकिस्तान को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि दुनिया के सभी देशों को मिलाकर जितने आतंकी नहीं हैं, उससे ज्यादा अकेले पाकिस्तान में मौजूद हैं। बहरीन दौरे पर आजाद ने कहा कि भारत में एकजुटता है, जबकि पाकिस्तान बंटा हुआ है।



बीजेपी सांसद बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में बहरीन पहुंचे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रहे गुलाम नबी आजाद ने एएनआई से बातचीत में कहा कि, हम अलग-अलग पार्टियों से हो सकते हैं, लेकिन यहां हम भारतीय बनकर आए हैं। पाकिस्तान धर्म के नाम पर बना, लेकिन वो खुद एकजुट नहीं रह सका। पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) और पश्चिमी पाकिस्तान भी नहीं टिक सके। उन्होंने आगे कहा, भारत में हर धर्म के लोग शांति और भाईचारे के साथ रहते हैं।

**ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ आतंकियों पर थाः** आजाद ने भारत की हालिया सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई पाकिस्तान के आम नागरिकों के खिलाफ नहीं, बल्कि वहां मौजूद आतंकी ढांचे के खिलाफ थी। उन्होंने कहा, हमारी सेना ने इस बात का पूरा ध्यान रखा कि किसी आम पाकिस्तानी नागरिक को नुकसान न पहुंचे। सिर्फ आतंकी और उनके परिवार के लोग मारे गए। लेकिन दुर्भाग्य से पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई में हमारे आम नागरिकों को निशाना बनाया।

**प्रधानमंत्री मोदी की तारीफः** आजाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पड़ोसी देशों के साथ अच्छे रिश्ते बनाने की कोशिशों की सराहना की। उन्होंने कहा, हमारे सभी प्रधानमंत्रियों ने पाकिस्तान समेत पड़ोसियों के साथ अच्छे रिश्ते बनाए रखने की कोशिश की है, लेकिन हर बार भारत को आतंकवाद का सामना करना पड़ा है।

**भारतीय डायस्पोरा से मिले नेताः** सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने बहरीन में बड़ी संख्या में मौजूद भारतीय समुदाय से मुलाकात की। आजाद ने कहा कि वहां हर धर्म और समुदाय के लोग बिना किसी भेदभाव के रहते हैं, और बहरीन 'मिनी इंडिया' की तरह लगता है।

## हिमाचल के डीजीपी ने शिमला एसपी के निलंबन की सिफारिश की, सरकार को लिखा पत्र

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल पावर कॉर्पोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की रहस्यमयी मौत की सीबीआई जांच के आदेशों के बाद हिमाचल पुलिस के भीतर उठा विवाद अब खुलकर सामने आ गया है। एसपी शिमला संजीव गांधी द्वारा राज्य के डीजीपी डॉ. अतुल वर्मा पर गंभीर आरोप लगाने के बाद डीजीपी ने सरकार को पत्र भेजकर एसपी को निलंबित करने की सिफारिश कर दी है। डीजीपी ने गृह विभाग को भेजे अपने पत्र में लिखा है कि एसपी शिमला ने गंभीर अनुशासनहीनता की है। उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की है और कर्तव्यों में लापरवाही बरती है। उन्होंने कहा कि संजीव गांधी का व्यवहार अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियम, 1968 और हिमाचल प्रदेश पुलिस अधिनियम, 2007 का स्पष्ट उल्लंघन है।

डीजीपी ने पत्र में स्पष्ट किया है कि हिमाचल हाई कोर्ट ने 23 मई को विमल नेगी मौत मामले में एसपी शिमला की भूमिका पर गंभीर टिप्पणियां की हैं। इसके अगले ही दिन 24 मई को एसपी ने एक प्रेस वार्ता कर राज्य सरकार के मुख्य सचिव और एक संवैधानिक पदाधिकारी पर बिना प्रमाण के आरोप लगाए। इतना ही नहीं, उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड और केंद्र सरकार से जुड़े एक जांच मामले में भी भ्रामक और तथ्यहीन बयान दिए, जिससे संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा प्रभावित होने का खतरा है और केंद्र व राज्य सरकार के बीच संबंधों में तनाव की स्थिति खड़ी हो सकती है।

**डीजीपी बोले- सरकार की आलोचना कर रहे एसपीः** डीजीपी का पत्र में कहना है कि एसपी संजीव गांधी का आचरण सेवा नियमों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी सार्वजनिक मंच से सरकार की आलोचना नहीं कर सकता। उन्होंने गृह विभाग से अनुरोध किया है कि एसपी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए और पुलिस मुख्यालय रिपोर्ट करने को कहा जाए। गौरतलब है कि 10 मार्च को शिमला से लापता हुए चीफ इंजीनियर विमल नेगी का शव 18 मार्च को गोविंदसागर झील (बिलासपुर) से बरामद हुआ था। इस मामले की जांच एसपी शिमला की अगुवाई में गठित एसआईटी कर रही थी। लेकिन, मृतक की पत्नी किरण नेगी ने एसआईटी पर भरोसा न जताते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की। 23 मई को अदालत ने सीबीआई जांच के आदेश देते हुए एसआईटी की जांच पर सवाल उठाए।

**एसपी ने कहा- डीजीपी के हलफनामे से निष्पक्ष जांच को ठेसः** सीबीआई जांच के आदेश के अगले ही दिन एसपी संजीव गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर डीजीपी पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि डीजीपी द्वारा कोर्ट में दाखिल किया गया हलफनामा न केवल गैर जिम्मेदाराना है बल्कि इससे एसआईटी की निष्पक्ष जांच की साख को ठेस पहुंची है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि वे हाई कोर्ट में इस हलफनामे को चुनौती देंगे।

**नशा तस्करों से स्टाफ के संबंध का सनसनीखेज दावाः** एसपी गांधी ने डीजीपी के निजी स्टाफ पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि डीजीपी के स्टाफ का एक सदस्य नशा तस्करी के गिरोह से जुड़ा पाया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले सीआईडी के एक गोपनीय पत्र के लीक होने में भी डीजीपी स्टाफ की भूमिका संदिग्ध है।

## जुपिटर की आंध्र प्रदेश में 2700 करोड़ रुपये के निवेश से संयंत्र स्थापित करने की योजना

**अमरावती, एजेंसी।** जुपिटर रिन्यूएबल्स आंध्र प्रदेश में सौर सेल विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए 2,700 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। राज्य में संयंत्र स्थापित करने वाली यह तीसरी कंपनी होगी। राज्य तेजी से सौर मॉड्यूल और सेल उत्पादन में अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।

उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा निवेश को मंजूरी देने के आदेश में कहा गया,कोलकाता स्थित जुपिटर इंटरनेशनल की अनुषंगी कंपनी जुपिटर रिन्यूएबल्स, 2,700 करोड़ रुपये के निवेश के साथ अनकापल्ली जिले के रामबिल्ली में 4.8 गीगावाट (जीडब्ल्यू) सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) सेल एवं 1.5 गीगावाट मॉड्यूल विनिर्माण सुविधा स्थापित करने की योजना बना रही है। जुपिटर राज्य में सौर ऊर्जा विनिर्माण आधार स्थापित करने वाली तीसरी कंपनी है। राज्य अब इस क्षेत्र में गुजरात, राजस्थान और तमिलनाडु जैसे अग्रणी राज्यों को चुनौती दे रहा है। इससे पहले, इंडोसोल को एक ऊर्ध्वाधर एकीकृत सौर पीवी विनिर्माण इकाई में 69,000 करोड़ रुपये के निवेश के लिए मंजूरी मिली थी। वहीं प्रीमियर एनर्जीज भी राज्य में दो चरणों में निवेश कर रही है। पहले चरण में 5 गीगावाट इनगॉट एवं सौर वेफर विनिर्माण में 1,742 करोड़ रुपये का निवेश होगा और दूसरे चरण में 8 गीगावाट सौर सेल विनिर्माण में 4,200 करोड़ रुपये का निवेश होगा।



## टेक्सास में अमेरिकी वीजा धोखाधड़ी रैकेट के सिलसिले में दो पाकिस्तानी नागरिक गिरफ्तार

टेक्सास, एजेंसी।टेक्सास के उत्तरी जिले के अमेरिकी अटॉर्नी लीहा सिमोंटन ने एक आधिकारिक बयान में बताया, ''यह केवल पैसे के लिए नहीं था।इन प्रतिवादियों पर आरोप है कि उन्होंने आव्रजन के लिए एक संपूर्ण आपराधिक उद्यम तैयार किया है।'' अमेरिका के टेक्सास में रहने वाले दो पाकिस्तानी नागरिकों को कई सालों से बड़े पैमाने पर वीजा धोखाधड़ी और धनशोधन का कथित सरगना होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।दोनों पर आरोप है कि उन्होंने वीजा धोखाधड़ी कर कई विदेशी नागरिकों को अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश कराने और यहां रहने में मदद की।टेक्सास के उत्तरी जिले में एक संघीय ग्रैंड जूरी ने अब्दुल हादी मुर्शिद (39) और मुहम्मद सलमान नासिर (35) के खिलाफ 23 मई को आरोप लगाया गया।आरोपों में अमेरिका को धोखा देने की साजिश, वीजा धोखाधड़ी, धनशोधन की साजिश शामिल है।मुर्शिद पर अमेरिकी नागरिकता हासिल करने के लिए गैर कानूनी तरीके को अपनाने के आरोप भी लगाए गए हैं।टेक्सास के उत्तरी जिले के अमेरिकी अटॉर्नी लीहा सिमोंटन ने एक आधिकारिक बयान में बताया, ''यह केवल पैसे के लिए नहीं था।इन प्रतिवादियों पर आरोप है कि उन्होंने आव्रजन के लिए एक संपूर्ण आपराधिक उद्यम तैयार किया है।'' अभियोग के अनुसार, मुर्शिद और नासिर ने फर्जी नौकरी के आधार पर आवेदन कर अमेरिकी वीजा योजनाओं का लाभ उठाया।

## अमेरिका टी-शर्ट नहीं, टैंक बनाना चाहता है, टैरिफ वार के बीच ट्रंप का बड़ा बयान




**न्यू जर्सी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति ने हाल के दिनों में सख्त टैरिफ नीति की घोषणा की है। उनकी इस नीति के बाद कई देशों के साथ व्यापार पर गहरा असर पड़ने की संभावना है। इससे पहले उन्होंने एप्पल को भी धमकी देते हुए कहा कि यदि आप आईफोन का निर्माण भारत से बाहर करते हैं तो आपको 25 प्रतिशत का आयात शुल्क देना पड़ेगा।

इन सब के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का टैरिफ पर एक नया बयान सामने आया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि उनकी टैरिफ नीति का उद्देश्य टैंकों और प्रौद्योगिकी उत्पादों के घरेलु निर्माण को बढ़ावा देना है। ट्रंप ने कहा कि हम टैंक बनाना चाहते हैं, टी-शर्ट नहीं।

**वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट की टिप्पणी पर जताई सहमतिः** दरअसल, न्यू जर्सी में एयरफोर्स वन विमान में सवार होने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह 29 अप्रैल को वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट की टिप्पणी से सहमत हैं। उन्होंने कहा था कि अमेरिका को अनिवार्य रूप से उभरते हुए कपड़ा उद्योग की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, इस टिप्पणी की राष्ट्रीय कपड़ा संगठन परिषद ने आलोचना की थी।

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि हम स्नीकर्स और टी-शर्ट नहीं बनाना चाहते। हम सैन्य उपकरण बनाना चाहते हैं। हम बड़ी चीजें बनाना चाहते हैं। हम कंप्यूटर के साथ एआई का काम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मैं टी-शर्ट बनाने की कोशिश नहीं कर रहा हूं। मैं मोजे बनाने की कोशिश नहीं कर रहा हूं। हम अन्य स्थानों पर यह काम बहुत अच्छे से कर सकते हैं। हम चिप्स, कंप्यूटर और कई अन्य चीजें, टैंक और जहाज बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

**ट्रंप के टैरिफ वाले एलान ने विश्व बाजारों में उथल-पुथल मचा दी हैः** उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वाले फैसले ने विश्व बाजारों में उथल-पुथल मचा दी है। इस बीच गत शुक्रवार को ट्रंप ने एक बार फिर 1 जून से यूरोपीय संघ के सामानों पर 50त्न टैरिफ लगाने का दबाव बनाया और एप्पल को चेतावनी दी कि वे अमेरिकी आयातित आईफोन पर 25त्न शुल्क लगा सकते हैं।

# पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज तुर्किये राष्ट्रपति से मिले

### भारत के खिलाफ साथ देने के लिए शुक्रिया भी कहा, आर्मी चीफ मुनीर भी साथ गए

**इस्तांबुल, एजेंसी।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार देर रात इस्तांबुल में तुर्किये के राष्ट्रपति रेचप तैयप एर्दोगन से मुलाकात की। इस दौरान शहबाज ने भारत के खिलाफ समर्थन देने के लिए तुर्किये का शुक्रिया अदा किया। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर बातचीत हुई।

राष्ट्रपति एर्दोगन ने कहा, तुर्किये और पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ते रहेंगे। दोनों देश एक-दूसरे को ट्रेनिंग, खुफिया जानकारी और टेक्नोलॉजिकल सपोर्ट देंगे। इससे दोनों का फायदा होगा। तुर्किये-पाकिस्तान के बीच व्यापार को 5 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। एनर्जी, ट्रांसपोर्ट और डिफेंस सेक्टरों में सहयोग को बढ़ाया जाएगा। एर्दोगन ने बताया कि इस्तांबुल-तेहरान-इस्लामाबाद रेलवे लाइन को बेहतर किया जाएगा। साथ ही एजुकेशन सेक्टर में ठोस कदम दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करेंगे।

22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक तनाव बढ़ा, तो तुर्किये-अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया। भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान को ड्रोन्स-हथियार और इन्हें चलाने वाले ट्रेंड लोग भी भेजे।

तुर्किये के राष्ट्रपति ने कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता की पेशकश की थी तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन ने 17 मई को कश्मीर मुद्दे को लेकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बात की। उन्होंने कहा कि वो कश्मीर मुद्दा सुलझाने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं। एर्दोगान ने कहा ने कहा- भगवान का शुक्र है कि दोनों न्यूक्लियर पावर पड़ोसियों में तनाव कम हो गया। तनाव को और बढ़ने से रोकने के लिए, दोनों पक्षों को मौजूदा मुद्दों से निपटने में संयम दिखाना होगा। उन्होंने आगे कहा कि अगर दोनों देश अनुरोध करते हैं तो वो कश्मीर मामल में रोल निभाएंगे। हम शांति चाहते हैं; हम दो पड़ोसियों के बीच कोई तनाव नहीं चाहते।

### भारत-पाक तनाव में तुर्किये ने पाकिस्तान का खुलकर समर्थन किया

22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक तनाव बढ़ा, तो तुर्किये-अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया। भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान को ड्रोन्स-हथियार और इन्हें चलाने वाले ट्रेंड लोग भी भेजे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगन ने पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ से फोन पर कहा-मैं हमलों में जान गंवाने वाले अपने भाइयों के लिए अल्लाह से रहम की दुआ करता हूं और पाकिस्तान के भाईचारे वाले लोगों और देश के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।



मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129